मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक: 188 मूल्य : 4 रू.
RNI No. -DELHIN/2019/78266
newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

गुरुवार, 3 मार्च 2022
राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र
दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## यूक्रेन संकट में मोदी, मैकों ने शीघ्र संघर्षविराम पर सहमति जतायी

### एक दिन बाद भारत में फ्रांस के दूतावास ने अपने बयान में यह बात कही थी




नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई जो यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रमण पर केंद्रित रही और दोनों नेताओं ने जल्द से जल्द संघर्षविराम के महत्व पर सहमति व्यक्त की। मोदी और मैकों के बीच चर्चा के एक दिन बाद भारत में फ्रांस के दूतावास ने अपने बयान में यह बात कही। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने निर्बाध मानवीय सहायता तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित सभी मंचों पर संकट को लेकर करीबी समन्वय बनाये रखने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं की बातचीत के दौरान यूक्रेन के खारकीव शहर में गोलाबारी में एक भारतीय छात्र की दुखद मौत का विषय भी उठा। इसमें कहा गया है, बातचीत यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रमण पर केंद्रित रही, खासतौर पर नागरिक आबादी पर इसके पड़ने वाले प्रभाव को लेकर ..., वह भी ऐसे समय में जब गोलाबारी से खारकीव में एक युवा भारतीय नागरिक की दुखद मौत हो गई।

मैकों यूरोपीय संघ के उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जो यूक्रेन संकट के समाधान के लिये कूटनीतिक प्रयासों में जुटे हैं। फ्रांस के दूतावास ने कहा, 'फ्रांस के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री ने जल्द से जल्द संघर्षविराम करने के महत्व तथा निर्वाध मानवीय सहायता तक पहुंच को लेकर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित सभी मंचों पर करीबी समन्वय सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की।' वहीं, मंगलवार को भारत सरकार के बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने यूक्रेन में जारी युद्ध व इससे बिगड़ती मानवीय स्थिति पर चिंता प्रकट की तथा युद्ध के अंत और वार्ता व कूटनीति की ओर लौटने की भारत की अपील दोहराई। इसमें कहा गया कि चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत मानता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सभी देशों की क्षेत्रीय एकता व अखंडता के प्रति सम्मान समकालीन विश्व व्यवस्था को मजबूती देता है। प्रधानमंत्री ने रूस और यूक्रेन की बीच वार्ता का स्वागत किया तथा मुक्त और गैरबाधित मानवीय सहायता पहुंच सुनिश्चित करने के साथ ही लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने पर जोर दिया।बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की ओर से युद्ध प्रभावित क्षेत्र से अपने नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने और वहां प्रभावित लोगों के लिए दवाइयों के साथ ही आवश्यक राहत सामग्री भेजने के भारत के प्रयासों से भी राष्ट्रपति मैक्रों को अवगत कराया।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह भारत ने, यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा करने के लिये संयुक्त राष्ट्र सुरक्ष परिषद में पेश किये गए प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया था। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा था कि वह सभी संबंधित पक्षों के सम्पर्क में है और उनसे बातचीत की मेज पर आने की अपील करता है। वहीं, विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने कहा था कि भारत सभी प्रस्तावों पर उनकी 'संपूर्णता' और राष्ट्रीय हितों के आधार पर विचार करेगा। यूक्रेन संकट पर कम से कम दो प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सामने लाए जाने हैं जबकि अन्य प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में लाया जाना है। श्रृंगला ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा, 'हम संयुक्त राष्ट्र में ऐसा रुख अपनाते हैं जो बेहद सावधानीपूर्वक विचारों पर आधारित होता है। हम उन पर (प्रस्ताव) पूरी तरह से विचार करेंगे और अपने सर्वोत्तम हित में निर्णय लेंगे।' विदेश सचिव से पूछा गया था क्या यूक्रेन के पूर्वी शहर खारकीव में मंगलवार को गोलीबारी में एक भारतीय छात्र की मौत के बाद यूक्रेन संकट पर भारत की स्थिति में कुछ बदलाव आएगा?

## दुनिया में बन रही नई व्यवस्थाओं को देखकर भारत का आत्मनिर्भर होना जरुरी : पीएम मोदी



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया में बन रही नई व्यवस्थाओं को देखकर भारत का आत्मनिर्भर होना जरुरी है। उन्होंने संचार के क्षेत्र में विदेशों पर निर्भरता को भी कम से कम करने का आह्वान किया।पीएम ने कहा कि आम बजट 2022 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए जो प्रावधान किए हैं, वह बहुत महत्वपूर्ण हैं और इनका तेजी से क्रियान्वयन बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी सिर्फ एक अलग क्षेत्र नहीं है, क्योंकि यह डिजिटल अर्थव्यवस्था से जुड़ा और आधुनिक प्रौद्योगिकी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी नागरिकों को सशक्त करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा कि आज ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका को आत्मनिर्भर बनाने की बात कहकर मेड इन अमेरिका' पर बहुत जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, इसकारण हम जानते हैं, कि दुनिया में जो नई व्यवस्थाएं बन रही है, उसमें हमारे लिए भी बहुत आवश्यक है, कि हम आत्मनिर्भर बनें।इस बजट में उन चीजों पर बल दिया गया है। प्रधानमंत्री ने संचार के क्षेत्र में विदेशों पर निर्भरता को भी कम करने का आह्वान कर कहा कि देश का अपना मजबूत डेटा सुरक्षा ढांचा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि संचार के क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकी लाने के लिए देश को अपने प्रयासों को और अधिक गति देने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेक्स वर्कर्स को भी आधार कार्ड जारी किया जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी। अब यौनकर्मियों के लिए भी आधार कार्ड जारी किया जाएगा। इसकी जानकारी भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट को दिया है कि, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा दिए जाने वाले प्रमाण-पत्र के आधार पर यौनकर्मियों को आधार कार्ड दिए जाएंगे। इसके अलावा यौनकर्मियों को आधार कार्ड जारी करने के लिए कोई और प्रमाण पत्र नहीं मांगा जाएगा यानि की सेक्स वर्कर को अब बिना किसी एड्रेस प्रूफ के आधार कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। यूआईडीएआई एक ऐसा वैधानिक प्राधिकरण है जो किसी भी आवदेक के नाम, लिंग, आयु और पते के साथ-साथ ईमेल और मोबाइल नंबर जमा करने के बाद आधार कार्ड जारी किया जाता है। लेकिन सेक्स वर्कर के लिए इनमें से कुछ भी देना जरूरी नहीं होगा। इसका ऐलान सेक्स वर्कर के लिए आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई ने किया है। इसके जरिए अब सेक्स वर्कर्स को आवासीय प्रमाण नहीं देना होगा। इसके साथ ही यूआईडीएआई सेक्स वर्कर के उन प्रमाण पत्र को भी स्वीकार करेगा जिसे किसी यौनकर्मी को राज्य के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मिला हो। नेको केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक विभाग है जो यौनकर्मियों पर एक केंद्रीय डेटाबेस को मेंटेन करता है।

### डीआरडीओ ने लैब में विकसित की कीड़ाजड़ी, उत्तराखंड, गुजरात व केरल की लैब में किया जाएगा उत्पादन

रुद्रपुर, एजेंसी। औषधीय गुणों से भरपूर शक्तिवर्धक कीड़ा जड़ी अब उच्च हिमालयी क्षेत्र में ही नहीं बल्कि लैब में भी तैयार की जा सकेगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की इकाई जैव ऊर्जा रक्षा अनुसंधान संस्थान (डिबेर) ने लंबे समय तक शोध से मिली सफलताके बाद इसके व्यावसायिक रूप से उत्पादन की तैयारी कर ली है। उत्तराखंड, गुजरात व केरल की लैब में इसका उत्पादन किया जाएगा। 20 से 25 लाख रुपये किलो बिकने वाली कीड़ा जड़ी छह माह की बजाय दो माह में तैयार होगी। प्रोटीन, विटामिन व पोषक तत्वों से भरपूर कीड़ाजड़ी का उपयोग विभिन्न दवाएं व शक्तिवर्धक उत्पाद बनाने में किया जाएगा। कीड़ा जड़ी को यारसा गांबू नाम से भी जानते हैं। उत्तराखंड में जनपद चमोली और पिथौरागढ़ के धारचूला व मुनस्यारी क्षेत्र में 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में कीड़ा जड़ी प्राकृतिक रूप से उगती है। यहां का तापमान माइनस पांच डिग्री से 10 डिग्री के आसपास रहता है। करीब आठ महीने बर्फ से ढके रहने वाली इन इलाकों में प्राकृतिक भूरे रंग की कीड़ा जड़ी मई-जून में बर्फ पिघलने के बाद नजर आती है। इसकी लंबाई लगभग दो इंच होती है।

## रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारतीय वायु सेना पर खास प्रभाव नहीं पड़ेगा - वायु सेना उप प्रमुख ने कहा



नई दिल्ली, एजेंसी। वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल संदीप सिंह ने कहा है कि रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारतीय वायु सेना पर खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना को रूस से भारत को रक्षा उपकरणों के लिए कल-पुर्जे प्राप्त करने में एक या दो महीने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। लगभग 70 प्रतिशत भारतीय रक्षा उपकरण रूस के हैं।

सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्वह्वहम जानते हैं कि (इस समय) भू-राजनीतिक स्थिति कठिन है।।। रूस के साथ हमारे संबंध बरकरार रहेंगे।ह्लह्ल यह पूछे जाने पर कि क्या रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारतीय वायु सेना पर कोई असर पड़ेगा, सिंह ने कहा, ह्वह्वचीजें अभी सामने आ रही हैं। हमारी स्थिति बहुत मजबूत हैं और दोनों देशों के साथ हमारे संबंध (मजबूत) रहे हैं और आपने यह देखा है।ह्लह्लउन्होंने कहा, 'हम स्थिति का आकलन कर रहे हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि कुछ मुश्किलें होंगी, लेकिन मुझे लगता है कि इनसे हम पर बहुत असर नहीं पड़ना चाहिए। मुझे भरोसा है कि इसके कारण हम पर खास असर नहीं पड़ेगा।'

वायु सेना उप प्रमुख ने कहा कि भारतीय वायुसेना कलपुर्जों और उपकरणों के शत-प्रतिशत स्वदेशीकरण का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने कहा, ह्वह्वइसे 100 प्रतिशत की सीमा तक पहुंचने में समय लगेगा।'उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आने वाले वर्षों में, भारतीय वायुसेना के पास अपनी अधिकांश प्रणालियां स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित होंगी। उन्होंने कहा, 'अंतिम लक्ष्य यह है कि आपको आत्मनिर्भर बनना है।'भारतीय वायु सेना उप प्रमुख ने कहा कि यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए तीन विमान रवाना हो गए हैं।उन्होंने कहा, 'हम भारतीयों को बाहर निकालने के लिए हर रोज चार उड़ान संचालित कर सकते हैं।'


## देश में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां फरवरी में बढ़ी : पीएमआई



नई दिल्ली, एजेंसी। उत्पादन और नए आर्डर की संख्या बढ़ने से देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां फरवरी में बढ़ी हैं। मांग की अनुकूल स्थिति से इन गतिविधियों को समर्थन मिला है। बुधवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बताया गया है। आएचएस मार्किट भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी माह में बढ़कर 54.9 अंक पर पहुंच गया। एक महीना पहले जनवरी में यह 54.0 पर था। यह क्षेत्र में मजबूत सुधार दशार्ता है। पीएमआई में आंकड़ा 50 से ऊपर रहने का अर्थ है, क्षेत्र में विस्तार हुआ है,जबकि 50 से नीचे रहने का मतलब इसमें गिरावट आई है। सर्वेक्षण में कहा गया कि बिक्री में निरंतर वृद्धि से फरवरी में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में तेजी को बल मिला।

आईएचएस बाजार की अर्थशास्त्री ने कहा, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए ताजा पीएमआई आंकड़ा फरवरी 2022 में कंपनियों की परिचालन स्थिति में सुधार दशार्ता है। खरीद संबंधी गतिविधियां जारी रहने के साथ उत्पादन और नए ऑर्डर की संख्या में वृद्धि हुई है। हालांकि कुछ ऐसी प्रमुख चिंताएं हैं, जो वृद्धि के लिए खतरा बनी हुई हैं। कच्चे माल की कमी के कारण लागत दबाव ऊंचा बना हुआ है, जबकि आपूर्ति का समय एक बार फिर बढ़ गया। हालांकि विनिमार्ताओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बिक्री कीमतों में मामूली वृद्धि है। वहीं पिछले बकाया आर्डर की वजह से भारतीय विनिमार्ताओं पर क्षमता दबाव बढ़ा है। इससे और मांग में तेजी के बावजूद रोजगार घटा है।


## तृणमूल कांग्रेस ने 12 नगरपालिकाओं में जीत दर्ज की, 34 में बनाई बढ़त



कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने राज्य के 107 नगरपालिकाओं के लिए हुए चुनाव में से 12 में जीत दर्ज की हैं। जबकि 34 में वह आगे चल रही है। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भाजपा, वाम मोर्चा और कांग्रेस को अबतक किसी नगर निकाय में जीत नहीं मिली है, लेकिन ये दल कुछ शहरों के कुछ वार्डों में आगे चल रहे हैं। अधिकारी ने कहा, तृणमूल पहले ही 12 नगरपालिकाओं में जीत दर्ज कर चुकी है, जबकि 34 अन्य नगरपालिकाओं में उस बढ़त हासिल है।'

उन्होंने बताया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने वीरभूम जिले के सभी पांच नगर निकायों, दक्षिण 24 परगना के दो नगर निकायों और कूचबिहार जिले के पांच निकायों में जीत दर्ज की है। अधिकारी के मुताबिक 108 नगर निकायों में चुनाव होने थे, लेकिन कूचबिहार जिले के दिनहाटा नगरपालिका में तृणमूल कांग्रेस निर्विरोध निर्वाचित हुई। विधानसभा चुनाव के करीब एक साल बाद कराए गए नगर निकाय चुनाव में राज्य के विभिन्न हिस्सों से हिंसा, धांधली और पुलिस से झड़प की खबरें आई थी। भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया को लोकतंत्र का मजाक करार देकर हिंसा के खिलाफ सोमवार को 12 घंटे का बंद बुलाया था। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों आधारहीन बताकर खारिज कर दिया। तृणमूल ने कहा कि विपक्षी पार्टियां हार का आभास होने के बाद बहाना तलाश रही हैं।

## कोरोना मौतों से अनाथ हुए बच्चों की संख्या पर जारी लांसेट की रिपोर्ट षड़यंत्र: स्मृति



नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कोरोना मौतों से अनाथ हुए बच्चों की संख्या पर जारी लांसेट की रिपोर्ट को सुनियोजित षड़यंत्र बताया है। उन्होंने बुधवार को कहा लांसेट के आंकड़े हकीकत से दूर आम जन में भय का वातावरण उत्पन्न करने वाले और भ्रामक हैं। उन्होंने कहा कि तथ्यों से परे ऐसे आंकड़े जारी कर लांसेट जैसी संस्थाएं इन आंकड़ों के बहाने सुनियोजित ढंग से चालबाजी करके किस तरह से माहौल बिगाड़ने की कोशिश करती हैं, यह उसकी बानगी पेश करता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मंत्रालय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों समेत सभी देशवासियों से आह्वान करता है कि कोरोना में अभिभावकों को खोने वाले बच्चों की सूचना तथ्यों सहित दी जा सकती है। इसके लिए ऑनलाइन माध्यम भी अपनाया जा सकता है। देश के सभी राज्यों के जिलों के जिलाधिकारियों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक देश में 1 अप्रैल 2020 से 15 फरवरी 2022 तक कोरोना व अन्य कारणों से कुल एक लाख 53 हजार 827 बच्चे अनाथ हुए हैं। इनमें से 1,42,949 बच्चों ने अपने एकल अभिभावकों को खोया है।

इसी क्रम में 492 बच्चे अनाथ हुए और 10,386 ने अपने दोनों अभिभावकों को खो दिया। इसमें राष्ट्रीय बाल आयोग के बाल स्वराज पोर्टल राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक अब तक कोरोना के कारण अपने अभिभावकों को खोने वाले 4,196 बच्चों को पीएम केयर फार चिल्डर्न स्कीम का लाभ लेने के योग्य पाया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसे में इस तरह से कपोल कल्पित आंकड़ों को जारी कर लांसेट जैसी संस्थाएं लोकतंत्र का माखौल उड़ा रही हैं। दरअसल, लांसेट पत्रिका में एक सर्वे में बताया था कि भारत में कोरोना से 19 लाख बच्चों ने अपने अभिभावकों को खो दिया है।

## यूपी चुनाव में अपनी हार को देखकर अखिलेश ने इंग्लैंड जाने की टिकट कर ली : योगी

### कुछ विरोधी नेता ने ऑस्ट्रेलिया की टिकट, कुछ नेपाल जाने वाले



गोरखपुर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा 10 मार्च को वोटों की गिनती वाले दिन प्रदेश विधानसभा चुनाव में 80 प्रतिशत सीटें जीतकर सरकार बनाएगी। अभी 3 और 7 मार्च को मतदान के दो चरण बाकी हैं। योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश में भाजपा फिर से सरकार बनाएगी। 10 मार्च को हम 80 प्रतिशत सीटों पर विजयी होकर प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएंगे.. सपा हारेगी। योगी ने कहा, लंका की तरह समाजवादी पार्टी का अंत नजदीक आ गया है।ह्ल रामायण में राक्षसी लंकिनी का जिक्र कर योगी ने कहा कि ह्वजिस तरह लंका की रक्षा करने वाली राक्षसी लंकिनी हनुमान का विशालकाय रूप देकर समझ गई कि अब लंका का अंत निश्चित है, वहीं हाल समाजवादी पार्टी का होने वाला है।ह्ल


मुख्यमंत्री ने कहा, पहले दो चरणों में मुझे लगा था कि गठबंधन बढ़त बना सकता है, लेकिन मुझे ताज्जुब हुआ कि वहां पर भी भाजपा ने बहुत अच्छी बढ़त बनाई, खासकर तब जब देश और विदेश की सारी साजिशें लगी हुई थी, बीजेपी को पराजित करने की। आज स्थिति यह है कि बहुत से विपक्षी नेताओं ने अपनी टिकट बुकिंग कर ली है, बाहर जाने की, कोई इंग्लैंड, तब कोई ऑस्ट्रेलिया की टिकट बुकिंग करा रहा है,तब कई छुटभैया नेता नेपाल जाने की फिराक में हैं। हमारे द्वारा नेपाल से सीमा पर ज्वाइंट पेट्रोलिंग करवानी शुरू कर दी है, ताकि इन्हें जाने से अब थोडा रोको.... एक बार इनकी गर्मी को 10 मांर्च तक शांत कर दें, उसके बाद अपना रास्ता चुनें.... उत्तर प्रदेश में अब माफियावादियों और पेशेवर अपराधियों के दिन लद चुके हैं। मुझे लगता है, कि 10 मार्च के बाद इनमें से कोई नजर नहीं आएगा।ह्ल चुनाव से ठीक पहले बीजेपी सरकार से इस्तीफे देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे मंत्रियों के बारे में योगी ने कहा, आप मेरी बात नोट कर लें। जो गए, सब हार रहे हैं। यो लोग अपनी जमानत बचा लें, तब पता चलेगा इलका कितना बड़ा जनाधार है।

योगी ने कहा, 2017 में दो लड़कों (अखिलेश और राहुल गांधी) की जोड़ी आई।कभी कभी संगत का असर भी होता है। आपने देखा जनता ने दोनों को खारिज कर दिया। 2019 में महागठबंधन (सपा, बसपा, आरअलडी) बना, कुछ नहीं कर सके, चुनाव के बाद दोनों एक-दूसरे को कोसने लगाने वाले हैं। अब छुटभैयों का महागठबंधन किया है, उत्तर प्रदेश की जनता इन्हें जवाब दे रही है, देने जा रही है। आप देखना हैं,कि चुनाव के बाद इनमें कुश्ती होगी, मारपीट होगी, आरोप-प्रत्यारोप होगा, अधकचरे पहलवान एक दूसरे से भिड़ने वाले हैं।

इंटरव्यू के दौरान एक सवाल पर कहा कि अगर राहुल अपनी बहन प्रियंका को यूपी के चुनाव में ला सकते हैं, तब क्या आप अपने परिवार के लिए कुछ भी नहीं कर सकते थे, योगी कुछ समय के लिये रुके, और रूंधे हुए गले से उत्तर दिया, मैं एक योगी हूं। मुझे पूरे प्रदेश का ध्यान रखना होता है। मुझे लगता है कि एक मुख्यमंत्री के रूप में मैने राष्ट्रधर्म की शपथ ली है, अपने परिवार की नहीं।'

मेरे लिए पूरे उत्तरप्रदेश के 25 करोड़ लोग मेरा परिवार है। मैं उनके सुखदुख में सहाभागी हूं। उनके (अखिलेश) के लिए उनका परिवार प्रचार कर रहा है, मेरे लिये मेरा परिवार (यूपी की जनता) प्रचार कर रहा है।

## यूक्रेन संकट दुखद, 20वीं सदी युद्ध व रक्तपात की सदी थी, 21वीं संवाद की सदी होनी चाहिए : दलाई लामा



धर्मशाला, एजेंसी। तिब्बतियों के अध्यात्मिक नेता दलाई लामा यूक्रेन में चल रहे युद्ध में हो रहे जानमाल के नुकसान से बेहद परेशान हैं। दलाई लामा ने कहा कि उन्हें यूक्रेन में लड़ाई से गहरा दुख हुआ है। हमारी दुनिया एक-दूसरे पर इतनी ज्यादा निर्भर हो गई है कि दो देशों के बीच हिंसक संघर्ष अनिवार्य रूप से बाकी दुनिया को प्रभावित करते हैं। कोई निरपेक्ष नहीं बना रह सकता। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता ने एक बयान में कहा युद्ध पुराने हो गए है। अहिंसा ही एकमात्र रास्ता है। हमें अन्य लोगों को भाई-बहन मानकर मानवता की एकता की भावना विकसित करने की जरूरत है। इस तरह हम ज्यादा शांतिपूर्ण दुनिया का निर्माण करेंगे। उनका मानना है कि बातचीत के माध्यम से समस्याओं और असहमति का सबसे अच्छा समाधान किया जाता है। वास्तविक शांति आपसी समझ और एक-दूसरे की भलाई के लिए सम्मान के जरिए आती है। लिहाजा दोनों देशों को इस ओर आगे बढना होगा। ताकि शांति स्थापित हो सके। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद नहीं रखनी चाहिए। 20वीं सदी युद्ध और रक्तपात की सदी थी। 21वीं सदी संवाद की सदी होनी चाहिए। उन्होंने प्रार्थना की है कि यूक्रेन में जल्दी शांति बहाल हो।





# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने लाजपत नगर में आश्रम चौक स्थित अवैध शराब की दुकान को सील किया

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि रिहायशी इलाकों, स्कूलों व धार्मिक स्थानों के पास ठेके खोलकर केजरीवाल सरकार ने सभी हदें पार कर दी है। यही नहीं महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भी ठेके खोलकर दिल्लीवासियों की आस्था को ठेस पहुंचाने का काम केजरीवाल सरकार ने किया है। आज लाजपत नगर में आश्रम चौक स्थित अवैध शराब का ठेका सील करने के बाद प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने केजरीवाल को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शराब माफियाओं के साथ पैसे की लेन देन नहीं है तो इस शराब नीति को तुरंत वापस लिया जाए ताकि दिल्लीवालों को एक नशामुक्त दिल्ली फिर से मिल सके।

श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से एक पर एक मुफ्त शराब बांटकर उन्होंने पूरी दिल्ली को शराब पीने में लगा दिया। दिहाड़ी मजदूर भी काम करने की जगह शराब के ठेकों पर लंबी पंक्तियों में खड़े होकर शराब की बोतले खरीदकर घर में पीकर पड़े हुए हैं जिससे उनके घर की रोजी-रोटी भी चलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्य बजार के बीच में लंबी लाइन लगने से महिलाओं एवं बच्चों को वहां से आना जाना मुश्किल हो गया है। श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने से पहले केजरीवाल ने 500 नए स्कूल, 20 कॉलेज, डीटीसी बसें लाने से लेकर दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने का वायदा दिल्लीवालों से किया था लेकिन अफसोस मुख्यमंत्री बनने के बाद केजरीवाल ने दिल्लावासियों से सिर्फ छल किया है, उन्हें धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि हर घर से नल से जल एवं सीवर से पानी पहुंचाने का वायदा करने वाले केजरीवाल ने घर-घर में शराब पहुंचाने का काम किया। आज दिल्ली की महिलाएं, युवाओं, झुग्गीझोपड़ियों में रहने वालों की चिन्ता किए बगैर शराब माफियाओं को अतिरिक्त बोनस देने के लिए ड्राई डे कम कर दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजन तिवारी, प्रदेश के उपाध्यक्ष श्री जयवीर राणा, प्रदेश मंत्री सरदार इम्प्रीत सिंह बख्शी, जिला अध्यक्ष डॉ. विनोद बछेती, सरदार कुलदीप सिंह भोगल, निगम पार्षद श्री सुनील सहदेव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## निगम चुनावों की तैयारियों के लिए जिला स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलनों की तैयारी के लिए करावल नगर व आदर्श नगर जिलों में बैठकें हुई

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी आगामी निगम चुनावों की तैयारियों के लिए 5 मार्च से 14 मार्च तक सभी जिला कांग्रेस कमेटियों में कार्यकर्ता सम्मेलनों का आयोजन करेगी जिसकी तैयारियों के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कम्युनिकेशन विभाग के चैयरमेन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने करावल नगर और आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटियों कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों के लिए अलग-अलग जिलों के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठकें ली। बैठक में निगम चुनावों को देखते हुए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी व पार्टी संगठन को मजबूती व विस्तार के विषय में अपने अपने सुझाव व विचार रखे गए।

बैठकों का आयोजन जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज और मनोज यादव ने किया जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मंगतराम सिंघल, हरी शंकर गुप्ता, चतर सिंह, कमलकांत शर्मा, जिला कॉआर्डिनेटर हर्ष चौधरी, शांति स्वरुप, डा. नरेश कुमार, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित डेडा, महिला जिला अध्यक्ष प्रिया जंयत, रविता पॉल, डॉ एस पी सिंह जी, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी भाई फारुख, निगम पार्षद बल्लू पहलवान, सुधीर पारचा, देवेंद्र काकू, तपन झा, अशोक चौधरी, प्रदीप शर्मा, अनुज त्यागी, डॉ बी आर चौधरी, नेत्रपाल, महिला जिला अध्यक्ष प्रियंका, जयंत, कैलाश प्रधान अंकित चौधरी, वीना भट्ट, उमा शर्मा, विजय शर्मा, पीएस रावत, ताराचंद व सैकड़ों अन्य साथी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि अनिल भारद्वाज ने कहा कि बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी के कारण त्रस्त दिल्लीवासी आम आदमी पार्टी और भाजपा की सरकारों से परेशान हो चुकी है और अब कांग्रेस की ओर देख रही है। तीनों निगमों और दिल्ली सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण आज दिल्ली का विकास ठप्प पड़ा है। अरविन्द केजरीवाल की गलत नीतियों और सौतेले व्यवहार के कारण दिल्लीवासी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है। केजरीवाल दिल्लीवालों को सहूलियतें देने के बजाय दूसरे राज्यों में चुनावी घोषणाएँ करते नजर आए। उन्होंने कहा कि अब लोगों को एहसास होने लगा है कि कांग्रेस को सत्ता में लाना है क्योंकि कांग्रेस ने ही देश और राजधानी को प्रगति और विकास किया है। राजधानी का भविष्य सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही संवार सकती है।

श्री भारद्वाज ने कहा कि भाजपा व आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार व जन विरोधी नीतियों के चलते अब लोगों की सोच में एक बहुत बड़ा बदलाव आया है। क्षेत्रों में जन सम्पर्क के दौरान अक्सर सुनने को मिलता है कि दिल्ली के विकास व उत्थान में कांग्रेस पार्टी की भूमिका सराहनीय रही जिसको दोबारा सत्ता में आना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में कोरोना के 325 नए केस दर्ज हुए

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की राजधानी दिल्ली में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 325 नए केस दर्ज हुए हैं, कोरोना संक्रमण दर 0.81 फीसदी हो गई है। दिल्ली में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या इस समय 1653 है और इसमें से 1222 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। दिल्ली में इस समय सक्रिय कोरोना मरीजों की दर 0.08 फीसदी और रिकवरी दर 98.5 फीसदी है।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने धनशोधन के मामले में एम्बियंस समूह के प्रवर्तक की जमानत याचिका खारिज की

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 800 करोड़ रुपये के बैंक ऋण की कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार एम्बियंस समूह के प्रवर्तक राज सिंह गहलोत की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी की अदालत ने यह फैसला सुनाया। इससे पहले अदालत ने 10 फरवरी को जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। गहलोत को पिछले साल जुलाई में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इससे पहले गहलोत, उनकी कंपनी अमन हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड (एएचपीएल), एम्बियंस समूह की कुछ अन्य कंपनियों, कंपनी में निदेशक दयानंद सिंह, मोहन सिंह गहलोत और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने दिल्ली के यमुना स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स के नजदीक पांच सितारा लीला एम्बियंस कंवेशन होटल के निर्माण और विकास में कथित धनशोधन के लिए जम्मू के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा एएचपीएल के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी के आधार पर 2019 में गुरुग्राम स्थित एम्बियंस मॉल के प्रवर्तक गहलोत के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### धनशोधन के मामले में एम्बियंस समूह के प्रवर्तक की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 800 करोड़ रुपये के बैंक ऋण की कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार एम्बियंस समूह के प्रवर्तक राज सिंह गहलोत की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी की अदालत ने यह फैसला सुनाया। इससे पहले अदालत ने 10 फरवरी को जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। गहलोत को पिछले साल जुलाई में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इससे पहले गहलोत, उनकी कंपनी अमन हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड (एएचपीएल), एम्बियंस समूह की कुछ अन्य कंपनियों, कंपनी में निदेशक दयानंद सिंह, मोहन सिंह गहलोत और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने दिल्ली के यमुना स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स के नजदीक पांच सितारा लीला एम्बियंस कंवेशन होटल के निर्माण और विकास में कथित धनशोधन के लिए जम्मू के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा एएचपीएल के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी के आधार पर 2019 में गुरुग्राम स्थित एम्बियंस मॉल के प्रवर्तक गहलोत के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## केजरीवाल सरकार ने मुंडका और सोनिया विहार में दो बड़े भूमिगत जलाशयों का किया उद्घाटन, 8.45 लाख से अधिक निवासियों को होगा फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी। केजरीवाल सरकार दिल्ली के निवासियों को 24 घंटे पानी की आपूर्ति और बेहतर सीवरेज का बुनियादी ढांचा प्रदान करने का लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में जल मंत्री एवं दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने आज कई प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। जिसमे मुंडका में 2.95 करोड़ लीटर की क्षमता का भूमिगत जलाशय व बूस्टर पम्पिंग स्टेशन और सोनिया विहार में 2.68 करोड़ लीटर की क्षमता वाले भूमिगत जलाशय/बूस्टर पम्पिंग स्टेशन का उद्घाटन शामिल है। अनुमान है कि इससे इस एरिया में रहने वाले 8.45 लाख से अधिक निवासियों को फायदा होगा।



इसके अलावा, हर्ष विहार में सीवरेज पम्पिंग स्टेशन के निर्माण की आधारशिला भी रखी गई, जिसमें प्रतिदिन 1.75 करोड़ लीटर सीवेज पंप करने की क्षमता होगी।

वर्तमान में मुंडका और सोनिया विहार के इलाके जल संकट का सामना कर रहे हैं, जो गर्मी के दिनों में और विकराल हो जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए मुंडका गांव में और सोनिया विहार में एक भूमिगत जलाशय/बी.पी.एस की स्थापना की गई है।

दिल्ली सरकार ने आसपास के घरों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बूस्टर पम्पिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। यह बूस्टर पम्पिंग स्टेशन एक ऐसे उपकरण को संदर्भित करता है, जो पानी के दबाव को आवश्यक और वांछित स्तर तक लाने के लिए आवश्यक पानी के दबाव को बढ़ाते हुए प्रवाह को बढ़ाता है। इस तरह, पानी एक स्टोरेज टैंक से सभी घरों या व्यावसायिक संस्थानों तक आसानी से पहुंचाया जाता है।

जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि यह क्षेत्र में पानी का दबाव बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और दिल्ली में मौजूदा जल संकट को हल करने में मदद करेगा। उन्होंने आगे कहा कि इस पहल से मुंडका, सोनिया विहार और हर्ष विहार की अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लगभग 8.45 लाख निवासियों को लाभ होगा।

वहीं, सोनिया विहार यूजीआर का काम पूरा हो चुका है और इससे उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर और मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति में वृद्धि हो सकेगी। साथ ही, इससे शिव विहार, अंकुर एन्क्लेव, महालक्ष्मी एन्क्लेव, अंबिका विहार, जौहरीपुर, दयालपुर, सादतपुर, भगत सिंह कॉलोनी, जियाउद्दीन नगर, अंबेडकर नगर, भागीरथी विहार, नेहरू विहार आदि अनधिकृत कॉलोनियों के लगभग 6 लाख निवासियों को पर्याप्त दबाव में पानी उपलब्ध होने से सीधा लाभ होगा। परियोजना की लागत में 10 वर्षों तक संचालन और रखरखाव भी शामिल हैं।

## भारतीय नागरिकों को युद्ध प्रभावित यूक्रेन से बाहर निकालने में मदद कर रहे हैं अक्षय, रिजिजू ने की तारीफ

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भारतीय नागरिकों को युद्ध प्रभावित यूक्रेन से बाहर निकालने में मदद कर रहे भारतीय मूल के अक्षय कुमार दीक्षित की प्रशंसा की है। रिजिजू ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ङ्कङ्क पर अक्षय कुमार दीक्षित नाम के शख्स की फोटो पोस्ट की और लिखा, ह्यभारतीय मूल के अक्षय कुमार दीक्षित स्लोवाकिया में सेटल हैं वे और उनके दोस्त यूक्रेन से आने वाले भारतीयों की निकालने में हर तरह की मदद करने के मिशन में मेरे साथ रहे हैं।



ङ्कङ्क यूजर्स ने मदद के लिए दीक्षित के प्रयासों को सराहा है। दीपक गांधी नाम के एक शख्स ने कहा, ह्यअक्षय कुमार दीक्षित जी को भारत सरकार और भारत के लोगों की ओर से बहुत बहुत धन्यवाद। ह्य युद्ध से प्रभावित यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के कारण फंस गए भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने में समन्वय के लिए कानून मंत्री किरेन रिजिजू बुधवार को यूक्रेन के पड़ोसी देश स्लोवाकिया के कोसिसे शहर पहुंचे हैं।

रिजिजू के अलावा, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, हरदीप पुरी और वीके सिंह को भी युद्धग्रस्त देश में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए विशेष दूत के तौर पर यूक्रेन के पड़ोसी देशों में भेजा गया है। उन्हें भारतीयों की निकासी संबंधी मिशन के लिए समन्वय कायम करने और छात्रों की मदद करने के लिए भेजा गया है। रिजिजू के कार्यालय ने ट्वीट किया था, ह्यकिरेन रिजिजू भारतीयों को वापस लाने के वास्ते चलाए जा रहे अभियान ह्यऑपरेशन गंगाह्न के लिए यूक्रेन की सीमा के पास कोसिसे हवाई अड्डा पहुंच गए हैं। स्लोवाकिया में भारत के राजदूत वनलालहुमा तथा पंकज फुकन और ब्रसेल्स तथा बेल्जियम भारतीय दूतावास के प्रथम सचिव ने उनका स्वागत किया ह्न

## कुख्यात गैंगेस्टर काला राणा थाईलैंड में गिरफ्तार



नई दिल्ली, एजेंसी। लॉरेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी गैंग की विदेश से कमान संभाल रहे कुख्यात गैंगेस्टर काला राणा को थाईलैंड में गिरफ्तार कर लिया गया। भारतीय एजेंसियां उसे थाईलैंड से भारत ले आई हैं। स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट ने काला राणा की गिरफ्तारी की जानकारी दी है। राणा कुछ समय पहले तक थाईलैंड में बैठकर इस पूरे गैंग की कमान संभाल रहा था। उसके खिलाफ दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और चंडीगढ़ में 48 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वह वर्ष-2019 में फर्जी पासपोर्ट पर भारत छोड़कर फरार हुआ था। हरियाणा पुलिस ने हत्या के एक मामले में उस पर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। राणा की लोकेशन, नकली पासपोर्ट, होटल का पता जैसे अहम इनपुट एसटीएफ ने जुटाए और देश की केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों से इसे साझा किए। इसके बाद टोहाना में अक्तूबर 2020 में नकली पासपोर्ट का एक मुकदमा भी दर्ज कराया गया और राणा के खिलाफ तमाम सबूत एकत्र कर सीबीआई और इंटरपोल के माध्यम से अगस्त 2021 में रेड कार्नर नोटिस जारी किया गया था। गिरफ्तार आरोपी काला राणा अपराध की दुनिया में अपने एक दोस्त मोनू राणा के साथ आया था। मोनू राणा स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पंजाब यूनिवर्सिटी का सदस्य था। वह लॉरेंस बिश्नोई का दोस्त था और भूपि राणा उसका विरोधी था। एजेंसियों की मानें तो वर्ष- 2014 में काला राणा ने मोनू राणा के साथ मिलकर अंबाला में हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

# घरेलू हिंसा अधिनियम : बहू को संयुक्त घर में रहने का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत किसी बहू को संयुक्त घर में रहने का अधिकार नहीं है, उस ससुराल के बुजुर्ग लोगों की ओर से बेदखल किया जा सकता है, जो शांतिपूर्ण जीवन जीने के हकदार हैं। न्यायमूर्ति योगेश खन्ना एक बहू द्वारा निचली अदालत के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रहे थे, जिसके तहत उस ससुराल में रहने का अधिकार नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा कि एक संयुक्त घर के मामले में संबंधित संपत्ति के मालिक पर अपनी बहू को बेदखल करने को लेकर कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि मौजूदा मामले में उचित रहेगा कि याचिकाकर्ता को उसकी शादी जारी रहने तक कोई वैकल्पिक आवास प्रदान कर दिया जाए।



न्यायमूर्ति ने कहा कि मौजूदा मामले में दोनों ससुराल वाले वरिष्ठ नागरिक हैं और वे शांतिपूर्ण जीवन जीने तथा बेटे-बहू के बीच के वैवाहिक कलह से प्रभावित न होने के हकदार हैं। न्यायाधीश ने अपने हालिया आदेश में कहा, मेरा मानना है, कि चूंकि दोनों पक्षों के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं, इसके बाद जीवन के अंतिम पड़ाव पर वृद्ध सास-ससुर के लिए याचिकाकर्ता के साथ रहना उपयुक्त नहीं होगा। और इसकारण यह उचित होगा कि याचिकाकर्ता को घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम की धारा 19(1) (एफ) के तहत कोई वैकल्पिक आवास मुहैया कराया जाए। अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच संबंध ह्यतनावपूर्णह्नह्न और यहां तक कि पति द्वारा भी पत्नी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी, जो किराये के घर में अलग रहता है तथा जिसने संबंधित संपत्ति पर किसी भी तरह का दावा नहीं जताया है। हाईकोर्ट ने कहा, घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा-19 के तहत आवास का अधिकार संयुक्त घर में रहने का एक अपरिहार्य अधिकार नहीं है, खासकर उन मामलों में, जहां बहू अपने बुजुर्ग सास-ससुर के खिलाफ खड़ी है। अदालत ने कहा, मौजूदा मामले में सास-ससुर लगभग 74 और 69 साल के वरिष्ठ नागरिक हैं तथा वे अपने जीवन के आखिरी पड़ाव पर होने के कारण बेटे-बहू के बीच के वैवाहिक कलह से ग्रस्त हुए बिना शांति से जीने के हकदार हैं।

# स्वामी प्रसाद मौर्य और भाजपा समर्थकों में मारपीट का नया वीडियो आया सामन

नई दिल्ली, एजेंसी। यूपी विधानसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान कल होना है। 10 जिलों की कुल 57 सीटों के लिए कल वोट पड़ेंगे। इस बीच कुशीनगर की फाजिलनगर सीट पर कल सपा और भाजपा प्रत्याशी के समर्थकों में मारपीट का नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में गाड़ियों के काफिले पर पत्थरबाजी करते समर्थक साफ तौर पर नजर आ रहे हैं।



गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस ने सपा प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी (बदायूं से बीजेपी सांसद) संघमित्रा मौर्य, बेटे अशोक मौर्य सहित दोनों पक्षों के कुल दो दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कल फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के विशुनपुरा के पंचायत चाफ के खलवा टोला में सपा और भाजपा के समर्थकों में भिड़ंत हो गई थी। इस घटना में दोनों पक्षों के मारपीट और पथराव में आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। दोनों पार्टियों के काफिले में चल रहीं दर्जन भर गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं थीं। इस मामले में भाजपा की ओर से बदायूं की सांसद व स्वामी प्रसाद की पुत्री संघमित्रा मौर्य व पुत्र अशोक मौर्य समेत दो दर्जन लोगों को नामजद किया गया है, जबकि सपा की ओर से तमकुही के ब्लॉक प्रमुख वशिष्ठ उर्फ गुड्डू राय व दुदही के प्रमुख पति लल्लन गोंड समेत एक दर्जन लोगों को नामजद किया गया है। कल मिली जानकारी के अनुसार पंचायत चाफ के खलवा टोला में सपा और भाजपा की गाड़ियों के आमने-सामने आने के बाद दोनों पक्ष भिड़ गए थे। सपाइयों ने मौके पर पहुंची पुलिस को बताया था कि भाजपाइयों ने सपा प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला किया है। सुरक्षाकर्मियों ने घेरे में लेते हुए उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। सपाइयों ने स्वामी प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में पडरौना-तमकुही मार्ग जाम कर धरना शुरू कर दिया था। वहीं भाजपा के लोगों ने आरोप लगाया था कि सपा समर्थित लोगों ने उन पर हमला किया है।

## बीजेपी एमसीडी ने अटल आहार योजना के तहत खोले गए सभी भोजन काउंटर चुपचाप किए बंद

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि भाजपा ने अटल आहारा योजना के नाम पर जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। तीनों एमसीडी के नेता प्रतिपक्षों ने कहा कि 2017 में भाजपा ने अटल आहारा योजना की घोषणा की थी। जिसके जरिए भाजपा ने दिल्ली के गरीबों को 10 रुपए में भरपेट भोजन का वादा किया था। हालांकि, भाजपा ने कुछ भोजन काउंटर खोले तो लेकिन कुछ ही समय में उन्हें बंद कर दिया गया। स्पष्ट है भाजपा ने सिर्फ राजनीतिक फायदे के चलते ऐसी योजना की घोषणा की थी। इतना ही नहीं, सभी काउंटर एमसीडी की जमीन पर खोले गए थे, जो आज भाजपा सांसद गौतम गंभीर के ट्रस्ट को मिल चुकी हैं। आम आदमी पार्टी ने पूछा है कि किस प्रस्ताव के तहत ढ़लाव की यह जमीन गौतम गंभीर के ट्रस्ट को दी गई? साथ ही यह भी पूछा है कि सभी भोजन काउंटर कहां गायब हो गए हैं?

साउथ एमसीडी के नेता प्रतिपक्ष प्रेम चौहान ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। प्रेम चौहान ने कहा कि आज भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया है कि किस प्रकार अपनों का सम्मान करती है। भारत रत्न के साथ सम्मानित किए जा चुके अटल बिहारी वाजपेयी के नाम के साथ दुरव्यवहार करने का काम किया है। उन्होंने यह किस प्रकार से किया है, आज मैं आपलोगों को बताने वाला हूं। 2017 के चुनाव में भाजपा ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था। उस वक्त भाजपा के अध्यक्ष मनोज तिवारी थे। उन्होंने अटल आहार योजना का जिक्र किया था कि हम गरीबों को 10 रुपए में भरपेट भोजन देने का काम करेंगे। दिसंबर 2017 में भाजपा ने अलग-अलग स्थानों पर काउंटर रखा गया। अगले साल जब बजट आया उसमें उसकी खूब वाहवाही की गई। उसके बाद स्टैंडिंग कमिटी के चेयमैन कर्नल ऑबरॉय की रिपोर्ट में भी इसका जिक्र रहा कि अब हम इसको 4 से 40 करेंगे। मैं आपको बता दूं कि तीनों एमसीडी में 4-4 भोजन काउंटर खोले गए थे। उसे इन्होंने 40 करने की बात की। इसका उद्घाटन बड़े-बड़े सांसदों ने किया। जिसकी तस्वीरें भी मेरे पास मौजूद हैं। ग्रीन पार्क की एक तस्वीर में मीनाक्षी लेखी खाना खाते हुए दिख रही हैं। उस समय वह नेता सदन थीं। इस जरिए खबरें आईं कि हां, वाकई काउंटर खोला गया है।

तस्वीर दिखाते हुए प्रेम चौहान ने कहा कि दिल्ली की जनता भारतीय जनता पार्टी से जानना चाहती है कि यह जो भोजन काउंटर गरीबों के लिए बनाया था, वह अब कहां है? भाजपा बताए कि क्या आपने काउंटर के कबाड़ से वेस्ट टू वंडर पार्क बना दिया? या भारत दर्शन पार्क बनाया है? अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से खोली गई एक योजना का आपने मजाक बना दिया। और जब हमने अधिकारियों से जानने की कोशिश की कि इस योजना में कितने पैसे खर्च किए। तो अधिकारियों ने जो जवाब दिया है उसे सुनकर आप दंग रह जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसमें हमने एक रुपया भी नहीं दिया है क्योंकि भाजपा ने इसकी कोई योजना नहीं बनाई।

कहीं ना कहीं भाजपा ने अटल जी के नाम के साथ खिलवाड़ किया है। आम आदमी पार्टी भरोसा दिलाती है कि यदि वह इस प्रकार की कोई भी योजना लेकर आती है तो उसपर खरी उतरेगी। इनकी तरह झूठ नहीं बोलेंगे। मैं भाजपा के लोगों से कहना चाहूंगा कि कम से कम अटल जी के नाम के साथ ऐसा व्यवहार ना करें। चाहे किसी भी पार्टी का व्यक्ति हो, वह अटल जी का सम्मान करता है। यह काउंटर जो आज गायब हो गए हैं, मनोज तिवारी, मीनाक्षी लेखी, और भाजपा के अन्य नेता जवाब दें कि काउंटर कहां गए। चाहे इस योजना की बात हो या डीबीसी और सफाई कर्मचारियों को पक्का करने की बात हो, भाजपा सिर्फ और सिर्फ झूठ बोलने का काम कर रही है। मुझे लगता है कि योजना का सारा पैसा भाजपा के नेताओं ने खा लिया। इसकी जांच होनी चाहिए क्योंकि बाकायदा सरकारी कागजों पर इसका जिक्र किया गया। यदि भाजपा अटल जी के नाम के साथ ऐसा कर सकती है, तो दिल्ली की जनता के साथ क्या-क्या कर सकती है, खुद जनता भी यह भली-भांति समझती है। ईस्ट एमसीडी के नेता प्रतिपक्ष मनोज त्यागी ने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी हमेशा से अपना चेहरा दिखाती आ रही है, उनकी जो नीतियां रही हैं, उनके काम करने का जो तरीका है, वह आज सबके सामने है। पूरा देश जिनका सम्मान करता है, ऐसे अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम के साथ भाजपा राजनीति करने से पीछे नहीं हटी। ऐसे सम्मान के योग्य व्यक्ति के नाम पर पहले जन रसोई बनाई गई और फिर कुछ दिनों बाद उन्हें बंद कर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए धारा-144 लागू

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। अपर जिला मजिस्ट्रेट राम जी मिश्र ने बताया कि विधान सभा सामान्य निवार्चन-22 की घोषणा के उपरांत से ही जनपद में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है, दि. 10 मार्च को कृषि उत्पादन मंडी समिति पर विधान सभा सामान्य निवार्चन-22 की मतगणना होगी, होलिका दहन, होली, शब-ए-बारात के पर्व भी मनाया जाना प्रस्तावित है साथ ही विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा कोरोना वॉयरस को महामारी घोषित किया है। उन्होने बताया कि विधान सभा सामान्य निवार्चन-22 व उक्त पर्व के आयोजन एवं कोरोना वॉयरस महामारी के दौरान असामाजिक एवं अराजक तत्वों के साथ-साथ कतिपय अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति करने के लिए विभिन्न जातियों विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों, वर्गों एवं जन सामान्य के मध्य वैमनस्य, द्वेष व दुभार्वना का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास कर लोक परिशान्ति विक्षुब्ध करने में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संलिप्त हो सकते हैं। राजनैतिक दलों, संगठनों, संस्थाओं आदि के जुलूसों, प्रदर्शनों व सभाओं से भी जनशान्ति, जन सुरक्षा प्रभावित होने की सम्भावना हो सकती है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये जनशांति, जनसुरक्षा को बनाये रखने हेतु जनपद की सीमान्तगर्त शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए धारा-144 द.प्र.सं. लागू की जाती है उन्होने बताया कि यह आदेश संपूर्ण जनपद में दि. 31.03.2022 की रात्रि तक प्रभावी रहेगा जब तक कि इसे बीच में वापस न ले लिया जाये, इस आदेश की किसी भी धारा या अनुच्छेद का उल्लघंन धारा-188 आई.पी.सी. व अन्य के अन्तगर्त दण्डनीय अपराध होगा।

### मतगणना की तैयारियों को लेकर बैठक कल

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। उप जिला निवार्चन अधिकारी राम जी मिश्र ने समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव तथा 107- विधान सभा मैनपुरी, 108-विधान सभा भोगांव, 109- विधान सभा किशनी (अ.जा.) एवं 110-विधान सभा करहल के निवार्चन लड़ने वाले अभ्यर्थियों से कहा है कि विधान सभा सामान्य निवार्चन-22 की मतगणना भारत निवार्चन आयोग के निदेशार्नुसार 10 मार्च को होगी। मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में जिला निवार्चन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में 4 मार्च 2022 को मध्यान्ह 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी है। उन्होने सम्बन्धित से बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

### गणना अभिकताओं की नियुक्ति 7 मार्च तक कराना अनिवार्य

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। उप जिला निवार्चन अधिकारी राम जी मिश्र ने जनपद के समस्त निवार्चन लड़ने वाले अभ्यर्थियों, निवार्चन अभिकताओं को सूचित किया है कि विधान सभा सामान्य निवार्चन-22 की मतगणना भारत निवार्चन आयोग के निदेशार्नुसार 10 मार्च 22 को होनी है, गणना अभिकताओं के फॉर्म-18 जिला निवार्चन कायार्लय तथा रिटर्निंग आफिसर मैनपुरी, भोगांव, किशनी एवं करहल के कायार्लय में उपलब्ध है। उन्होने समस्त उम्मीदवारों, प्रत्याशियों से कहा है कि जो भी अभ्यर्थी मतगणना हेतु अपने-अपने गणना अभिकर्ता नियुक्त करना चाहते हैं वह जिला निवार्चन कायार्लय या संबंधित रिटर्निंग आफिसर के कायार्लय से फॉर्म-18 प्राप्त करके रिटर्निंग आफिसर के माध्यम से 07 मार्च 2022 से पूर्व गणना अभिकताओं की नियुक्ति प्रत्येक दशा में करा लें।

### जिला में चौकियों को पदोन्नत कर थाना बनाए जा रहे हैं



मदरलैंड संवाददात्जा, नूंह/मेवात जिला पुलिस द्वारा अपराधों पर लगाम लगाने के मकसद से यहां की चौकियों को पदोन्नत कर थाना बनाए जा रहे हैं। इसी तरह से जर्जर हाल (कंडम वाहनो) की जगह नए वाहन व वाहनों की कमी की भी पूर्ति की जा रही हैं। जिला पुलिस कप्तान की माने तो आने वाले दिनों महकमें में बडे बदलाव देखने को मिलेंगे। खुद मुख्यमंत्री मनोहरलाल खटटर जिले के प्रोजेक्ट देख रहे हैं और विभाग के आला अफसर भी इस बाबत पूरा फोकस कर रहे हैं। यहां, यह बताना जरूरी है कि आकेडा, नल्हड मेडिकल कॉलेज, खोरी कलां, चांदडका, फिरोजपुर झिरका शहर 5 चौकियों में से आकेडा, नल्हड, खोरी कलां पुलिस चौकियों को थाना बनाने की स्वीकृति मिल गई हैं। जबकि, चांदडका, जयसिंहपुर व मोहम्मदपुर अहीर समेत कुल 8 प्रस्तावित चौकियों में से 5 को मूर्तरूप दिया जा रहा है जबकि 3 की योजना पाईपलाईन में हैं। कुछ एक चौकियों को थाना बनाने के लिए भूमि संबंधित दिक्कत सामने आ रही हैं। जबकि बाकियों के लिए जमीन समेत अन्य तमाम प्रक्रिया पूर्ण कर इसकी जानकारी भी मुख्यालय को भेजी जा चुकी हैं। इस बारे में जिला पुलिस कप्तान वरूण सिंगला बुधवार माना कि जिला की 8 पुलिस चौकियों में से 5 को थाना बनाने के लिए तमाम औपचारिकताऐं पूर्ण हो चुकी हैं जबकि 3 के लिए प्रक्रिया शुरू हैं। उन्होंने आगे बताया कि आकेडा, नल्हड मेडिकल कॉलेज व खोरी कलां चौकियों को थाना बनाने की तमाम औपचारिकताऐं पूर्ण हो चुकी हैं और कई प्रस्तावित योजना के लिए जमीन संबंधित दिक्कत आ रही हैं, जो कि जल्द ही पूर्ण कर ली जाऐंगी।

### मौसम में गर्माहट आते ही सब्जी उत्पादक किसानों ने राहत ली

मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात माह फूस की कडाके की ठण्ड से सब्जियों को बचाव के लिए पॉलिथीन व सरकंडें लगाकर उनका बचाव करने के बाद फल्गुन माह शुरू होने से सब्जी उत्पादकों ने पॉलिथीन व सरकंडो को हटाना शुरू कर दिया हैं और अब उनकी सब्जियों को ठण्ड से बचाव की चिंता को बडी राहत मिली हैं। सब्जी उत्पादकों की माने तो इस बार कडाके की ठण्ड व बार-बार हो रही बारिश में मौसम ने उनकी चिंताएं बढा दी थी और वह दिन-रात सहम कर ही गुजार रहे थे। यहां, यह बताना जरूरी है कि यूपी, बिहार व अन्य राज्यों के गंगा-जमुना व अन्य नदियों के सहारे खेती करने वाले किसानों ने जिला नूंह(मेवात) व आसपास के क्षेत्रों की भूमि को महंगे दाम पर पटटे पर लेकर उपरोक्त भूमि में सब्जियों का उत्पादन करते हैं और उनको ठण्ड से बचाने के लिए पोलिथीन व सरकंडे लगाकर नई तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं ताकि अगेती उत्पादन का मंडियों में अच्छे दाम मिल सके। जाकिर, सरफराज, मजीद, इकबाल, इलियास, साहिद, रफीक, आजाद, सलमान, मुनफेद, साकिर आदि प्रवासी किसानों ने बताया कि परिवार का विस्तार होने से अब अधिकांश परिवारों ने जिला नूंह व आसपास क्षेत्र की भूमि को पटटे(किराये) पर लेकर उन पर सब्जियों पर उत्पादन कर रहे हैं।

## दबंग ने माँ बाप बेटी किये गम्भीर घायल, थाना पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर झाड़ा पल्ला


» **मदरलैंड संवाददाता**



एटा। एसएसपी से मिलने आई घायल महिला की हालत बिगड़ी जिसे पत्रकार और संभ्रांत नागरिकों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

बीमार पड़ोसी को देखने गये व्यक्ति को शराब के नशे में धुत्त दबंग ने न सिर्फ गाली गलौज कर पीटा बल्कि बचाव में आई उसकी पत्नी और बेटी को भी धारदार हथियार के प्रहार से लहूलुहान कर दिया। घटना की शिकायत करने घायल जब थाने पहुचा तो पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर अजीब न्याय किया। पीड़ित परिवार के अनुसार थाना निधौली कलां के गाँव होरची निवासी रामनरेश उसकी पत्नी उषा देवी बेटी नीतू बुधवार को जनपद पुलिस मुखिया के दरबार पहुचे, बताते हैं कि कप्तान सहाब से मिलने से पहले गम्भीर जख्मी उषा की हालत बिगड़ गयी तो उसे पत्रकारों व सभ्रांत लोगों द्वारा उपचार हेतु मेडीकल कॉलेज के आपात कक्ष पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी हैं। घटना के सम्बंध में जानकारी देते हुये पीड़ित रामनरेश ने बताया कि 21 फरवरी को वह अपनी बीमार वृद्ध पड़ोसी को देखने गया तो नशे में धुत्त दबंग वीरेंद्र ने रामनरेश के साथ गाली गलौज करते हुये मारपीट कर दी। आरोप हैं कि जब रामनरेश को बचाने उसकी पत्नी पुष्पा और बेटी नीतू गयी तो नशेड़ी दबंग वीरेंद्र ने उन पर भी लोहे की रॉड व धारदार हथियार से हमला बोल दिया। आरोप हैं कि वीरेंद्र ने तीनों को लहूलुहान कर दिया, घटना के समय पुष्पा गम्भीर घायल होने के चलते मौके पर ही बेहोश हो गयी तो ग्रामीणों द्वारा सभी घायलों का उपचार कराया गया। आरोप के अनुसार पीड़ित घायल रामनरेश उसकी पत्नी पुष्पा, बेटी नीतू जब थाना निधौली कलां पहुचे तो पुलिस ने मनमानी के तहत तहरीर लिखकर मात्र एनसीआर दर्ज कर घायलों को टरका दिया। आरोप हैं कि लगातार बिगड़ती हालत एवं लचर पुलिस कार्यवाई को देख पीड़ित परिवार बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष न्याय की गुहार लगाने पहुचा तो एसएसपी से मिलने से पहले ही महिला पुष्पा की हालत बिगड़ गयी, महिला की बिगड़ती हालत देख मौके पर मौजूद पत्रकारों एवं सभ्रांत व्यक्तियों ने घायल को उचित उपचार हेतु मेडीकल कॉलेज के आपात कक्ष में भर्ती कराया जहाँ डाक्टरों ने रामनरेश को गम्भीर घायल महिला के आगरा ले जाने की सलाह दी, मगर घायलों ने अपनी आर्थिक स्थिति अच्छी न होने की जानकारी देनें व पीड़ित रामनरेश के गिड़गिड़ाने पर डॉक्टरों ने जरूरी उपचार शुरू कर दिया। फिलहाल गम्भीर घायल महिला और उसके पति रामनरेश व बेटी नीतू का उपचार डाक्टरों द्वारा किया जा रहा हैं। घायल पिता पुत्री का यह भी आरोप हैं कि दबंग वीरेंद्र ने पूर्व में भी हमला बोलकर घायल किया था जैसे तैसे उपचार कराया शिकायत भी की गई परिणाम पुलिस कार्यवाई तब भी शून्य रही थी। शायद यह घटना थाना पुलिस की अनदेखी और मनमानी से आरोपी हमलाबर के बढ़ते होसलौ का ही नतीजा रहा है।

## भर -भराकर गिरी छत मचा हड़कंप 3 लोग दबे, गरीब परिवार पर टूटा दुखो पहाड़



» **अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता**

मैनपुरी। जनपद मैनपुरी में मकान गिरने से आसपास के माहौल में अफरा-तफरी मच गई। दरअसल मकान की छत पुरानी थी जो भर-भराकर गिर पड़ी। छत गिरने से मलबे में तीन लोग दब गए जिन्हें ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत के बाद बाहर निकाला। घायलों की हालत देखते हुए ग्रामीणों ने इलाज के लिए आननफानन में अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी गम्भीर हालात को देखते हुए डॉक्टरों ने बेवर से सैफई रैफर कर दिया है। जहां उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद मैनपुरी के बेवर थाना क्षेत्र के नगला विद्राय गांव का है जहां ब्रजेश पुत्र सुखराम अपने पांच बच्चों के साथ इस मकान में रहते थे। ब्रजेश बेहद गरीब परिवार से हैं जो मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। 1मार्च की रात लगभग समय चार बजे उनके मकान की छत भर-भराकर गिर गयी जिसमे ब्रजेश सिंह और उनकी पत्नी माधुरी और बेटा घायल हुए है। छत गिरने की तेज आवाज सुन ग्रामीण जाग गए और मौके की चीख पुकार सुन बचाव कार्य मे जुट गए। कड़ी मेहनत के बाद ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकाला अस्पताल में भर्ती कराया जहां ब्रजेश और उनकी पत्नी की गंभीर हालत को देखते हुए बेवर से सैफई रैफर कर दिया गया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। गनीमत रही उनके दो बच्चे कमरे के बाहर सोए थे जो सुरक्षित है रोजमर्रा की दैनिक वस्तुयें भी मलबे में दब कर नष्ट हो गयी है। अब अकस्मात मकान के गिरने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सुबह सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुँच परिवार को हर संभव मदत का भरोसा दिलाया।

## फल्गुन मेले को लेकर भक्तों की भीड जुटनी शुरू



» **मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददात्जा**

नूंह/मेवात। प्रसिद्व समीपवर्ती बाबा मोहनराम के फल्गुन मेले को लेकर भक्तों की भीड जुटनी शुरू हो गई है। श्रद्वालू पेट पलनिया, कांधे पर बाबा का ध्वज लिए जय बाबा मोहनराम के जयघोष नारों से केएमपी एक्सप्रैस-वे, तावडू उप मण्डल की सडकों पर भक्तिमय माहौल बना रखा हैं। मौसम की परवाह किए बगैर भक्तजन ढोलक, हारमोनियम की थाप, ढोल-नगाडों से भजनामृत भी करते दिखाई दे रहे हैं।

सूरज सिंह, सुरेन्द्र सिंह, आंनद गुप्ता, विरेन्द्र गोयल, जीयाराम, संदीप, दीन दयाल मित्तल आदि समेत क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बताया कि प्रसिद्व समीपवर्ती बाबा मोहनराम के फल्गुन मेले को लेकर भक्तों की जुटनी शुरू हो गई है। श्रद्वालू कांधे पर बाबा का ध्वज लिए जय बाबा मोहनराम के जयघोष नारों से तावडू उप मण्डल की सडकों पर भक्तिमय माहौल बना रखा हैं। भक्त कांधे पर बाबा का ध्वज, पेट पलनिया, डीजे की धुन पर बाबा के दर पर पहुंच रहे हैं। खासकर पेट पलनिया श्रद्वालू अपने गंतव्य से बाबा के धाम तक पहुंच रहे हैं। जबकि रास्तों पर वाहनों का रेला लगा रहता है लेकिन श्रद्वा के आगे वह अपनी जान को जोखिम में डालकर पहुंच रहे हैं।

## सरेआम जूता व्यवसाई की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में दहशत

» **अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता**



एटा। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में बीते एक पखवाड़े में लगातार हत्या चोरी छिनैती आदि बढ़ रही आपराधिक घटनाओं ने जिले में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है लोगों का कानून व्यवस्था से विश्वास सा उठने लगा है। ऐसी ही एक घटना मंगलवार की देर रात को थाना कोतवाली नगर के बालाजी मंदिर के पास घटी जिसमें अज्ञात हत्यारों लुटेरों ने एक युवा जूता व्यवसाई की गोली मारकर संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी।

**इलाज के लिए आगरा ले जाते समय रास्ते में हुई मौत**

मृतक 25 वर्षीय अबरार हुसैन पुत्र इंतजार हुसैन निवासी पोता नगला के भाई इकरार हुसैन ने बताया बीती रात मुझे भाई की एक्सीडेंट में संदिग्ध परिस्थितियों में घायल होने की सूचना मिली तो भागकर बाला जी मंदिर के पास पहुंचा तो उसके गोली लगने का निशान था और वह गंभीर रूप से घायल था गंभीर हालत मैं उसे टैंपू से लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा जहाँ उसका ईसीजी व कोई सही उपचार न हो पाने के कारण उसे निजी चिकित्सक निर्मल जैन के यहां ले गया वहां पर भी उपचार न हो पाने के कारण उसे मैट्रो अस्पताल में ले गया जहां से उसे आगरा ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

घटना की तहरीर परिजनों ने अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा कि भाई की मौत कैसे हुई है। मृतक जूता व्यवसायी था उसकी जूते की दुकान शहर के जीटी रोड स्थित सेंट्रल बैंक के सामने स्थित है।

मृतक के शव में बुलेट पाए जाने की क्षेत्राधिकारी नगर कालू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जूता व्यवसाई की हत्या की गई है न कि उसका एक्सीडेंट हुआ है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

**मृतक के भाई ने लगाया गोली मारकर हत्या किए जाने का आरोप**

कोतवाली नगर पुलिस उक्त घटना को बता रही थी एक्सीडेंट। उक्त घटना को लेकर व्यापार मंडल में भारी आक्रोश है व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अतुल राठी ने हत्यारों की गिरफ्तारी कर कठोर कार्यवाही की मांग की है

**क्षेत्र में अपराधियों, हत्यारों, चोरों नशेड़ियो का आतंक**

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर देवेन्द्र नाथ मिश्रा का कई बार फोन मिलाने पर भी उनसे नहीं बात हो सकी। आपको बताते चलें जनपद मुख्यालय स्थित थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में चोरों शराबियों नशेड़ियो तथा बदमाशों का भारी आतंक है। कहीं भी सड़कों गलियों में बैठकर शराब पी सकता है दिन हो या रात कभी भी शराब खरीद सकता है।

कोतवाली नगर पुलिस इतनी सक्रिय है कि स्वयं तो ऐसे अराजक तत्व अपराधियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं करती। इज्जत दार आदमी थाना कोतवाली नगर जाने तथा कोई सूचना देने से भी डरने लगा है।

## निजी विद्यालय संचालको की मनमानी के चलते अभिभावक परेशान

» **मदरलैंड संवाददाता**



मैनपुरी/घिरोर। कस्वा घिरोर में संचालित छोटे बड़े निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा अपनी उन्नति व सुख सुविधा के लिए शिक्षा को व्यवसायिक रुप दिया जा रहा है। जिस कारण निजी विद्यालय दिन प्रतिदिन अभिभावकों के आर्थिक शोषण का केंद्र बन गये है। सरकारी विद्यालयों की चरमराती शैक्षणिक व्यवस्था से आहत अभिभावकों के सामने अपने बच्चों को बेहतर तालिम देने की समस्या खड़ी होती जा रही है।

वहीं निजी स्कूल प्रबंधन अपनी व्यवस्था की चमक दमक से अभिभावकों को अपनी ओर आकर्षित करने में लगा है। ऐसे स्कूलों में बच्चों के नामांकन के बाद अभिभावक परेशान है। कई पीड़ित अभिभावकों ने कहा कि नामांकन के समय जो स्कूल प्रबंधन द्वारा सब्जबाग दिया जाता है। उस हिसाब से न तो शैक्षणिक व्यवस्था है। और ना कोई सुविधा। प्रतिवर्ष मनमाने ढंग से विविध शुल्कों में वृद्धि कर दी जाती है। अभिभावकों की शिकायत प्रबंधन द्वारा नहीं सुनी जाती है उल्टे बच्चे को स्कूल से बाहर कर दिए जाने का अल्टीमेटम दे दिया जाता है। या फिर खडे रहने का पनिसमेंट दिया जाता हैं

एक अभिभावक ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि शुल्क वृद्धि के बाद भी स्कूलों की व्यवस्था में कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता है। लेकिन फीस के नाम पर हर दिन बच्चों को वहार निकाल दिया जाता है। या प्रताड़ित किया जाता है। मनीषा मिश्रा ने बताया की बिद्यालय बंद रहे फिर भी अध्यापक फीस मांग रहे हैं मेरा बेटा दिव्यास 9 क्लास का छात्र हैं जो की यंग स्कॉलर पब्लिक स्कूल घिरोर में पड़ता हैं वहा टीचर राहुल कुमार व वाईस पिंसिंपल कनक द्वारा 52000 रुपए बच्चे की किताब पर बिल बना कर दे दिया फीस न जमा करने पर बार बार बच्चे को पताड़ित किया जाता हैं

वही दूसरी महिला दीपा गुप्ता ने बताया की मेरा बेटा कृष्ण घिरोर में एस एस डी स्कूल में कक्षा 5 में पड़ता हैं जिसको फीस के नाम पर कई बार प्रताड़ित किया जाता हैं बेसे ही कोराना की बजह से महगाई की बजह से रसोई का खर्चा सर से ऊपर होगया उसके बाद स्कूल प्रशासन परेशान करता हैं। राजेंद्र शाक्य ने कहा की मेरा बेटा भी निजी स्कूल में पड़ता हैं फीस की बजह से बार बार टीचरों द्वारा पताड़ित किया जाता हैं

दीक्षा शर्मा व ज्योति शर्मा ने बताया की सरकार को निजी स्कूलों पर प्रतिवंध लगाना चाहिए अभिवावक वैसे ही परेशान हैं उसमे भी स्कूल बालो की मनमर्जी से और भी ज्यादा परेशानी हो रही हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी मुनिन्द्र कुमार ने बताया की मुझे अभी कोई जानकारी नहीं हैं जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## सफाई कर्मचारियों ने दो दिवसीय भूख हडताल रखी



» **मदरलैंड संवाददात्जा**

नूंह/मेवात सर्व कर्मचारी संघ से जुडे नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की नूंह नगर परिषद इकाई के सफाई कर्मचारियों ने सफाई दरोगा संजय कुमार व इकाई प्रधान सुभाष के नेतृत्व में अपनी मांगों के समर्थन में बुधवार को दो दिवसीय भूख हडताल पर बैठ गए। कर्मचारियों की माने तो यह हडताल पूरे प्रदेश में के 22 जिलों में हो रही हैं। उनकी मांग है कि कच्चे कर्मचारी पक्के करने, समान वेतन देना, वर्दी -जूता साल में दो बार मिले, एरियर दिये जाये, पुरानी पैंशन बहाल करें।

वहीं, सफाई कर्मचारियों द्वारा दो दिवसीय हडताल पर चले जाने से नूंह शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है और जगह -जगह गंदगी के ढेर लग गए हैं।

## नूंह नगर परिषद द्वारा सब्जी मंडी के पीछे अस्थाई कूडा डम्पिंग स्थल बनाने से आस-पास के लोग परेशान

» **मदरलैंड संवाददात्जा**

नूंह/मेवात। जिला मुख्यालय नूंह नगर परिषद के अधिकांश वार्डों की कई रोज से चरमराई सफाई व्यवस्था का सफाई कर्मचारियों के दो दिवसीय हडताल पर चले जाने से व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो रही हैं। जगह-जगह गंदगी के लगे ढेरों से उठ रही सडांध से शहरवासियों का जीना मुहाल हो गया है। दरअसल नगर परिषद के पास कूडा डालने की कोई जगह न होने से वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पुरानी सब्जी मंडी व नगर परिषद कार्यालय के बीच परिषद की खाली भूमि को अस्थाई रूप से कूडा डम्पिंग के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है जबकि वहां गंदगी के लगे ढेरों से समीपवर्ती आदर्श कॉलोनी, सब्जी मंडी, बाल भवन, कोचिंग सेंटर, निजि कार्यालय, क्लिनिक, बडी मस्जिद, गौशाला रोड बाजार, कैलाश मंदिर आदि भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। लोगों की माने तो रोजाना मौसम बदलाव से स्थिति और भयानक बनने की संभावना लग रही है जबकि यहां पहले से ही बदबू दूर-दूर तक उठ रही है और बीमारियां घर तक पहुंच रही हैं। हैरत की बात देखने को यह मिल रही है कि कूडा डम्पिंग का मामला इन दिनों सुर्खियों में रहने के बावजूद व्यवस्था पटरी पर नहीं लाई जा सकी हैं। जबकि परिषद ने शहर व आसपास के गांवों के लोगों से 3-4 एकड जमीन किराये या लीज पर लेने लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं।



समाजसेवी गोपाल पंडित, सुरेश बघेल,ललित सायवाल, जयप्रकाश साहू, सीमा साहू, हेमराज शर्मा, ज्ञानचंद ,रामजीलाल ठेकेदार, भवर सिंह, दिनेश गोयल, ताराचंद बघेल, परसोतम शर्मा, रोशनलाल आदि ने बताया कि नगर परिषद कार्यालय के बीच परिषद की खाली भूमि को अस्थाई रूप से कूडा डम्पिंग के तौर पर इस्तेमाल करने से यहां गंदगी के ढेर लग गए हैं, आवारा पशू पूरे दिन मंडराते रहते हैं तथा दूर-दूर तक बदबू उठ रही है जिससे बीमारियों का न्यौता मिल रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द समस्या समाधान की मांग की है।

इस बारे में नगर परिषद नूंह के कार्यकारी अधिकारी ने बुधवार सांय माना कि शहर में कूडा डालने के लिए नगर परिषद के पास कोई जगह न होने से शहर व आसपास के गांवों के लोगों से 3-4 एकड जमीन किराये या लीज पर लेने लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। लोगों से इसमें सहयोग करने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### नप के पूर्व प्रधान ने भेजा ज्ञापन

संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता किशन चौधरी ने एक ज्ञापन प्रदेश के नगर निकाय मंत्री श्री कमल गुप्ता को ऑनलाइन प्रेषित किया। जिसके अंदर आगामी 24 अप्रैल को नगर परिषद चुनाव बाबत वोटर लिस्ट में रही कुछ कमियों खामियों का उल्लेख किया गया हैं। किशन चौधरी का कहना है कि नई वार्ड हद बंदी के बाद जिन जिन वार्डों के अंदर बदलाव किये गए हैं, उदहारण स्वरूप जैसे कोई गली पहले वार्ड नंबर 1 में थी और अब है वार्ड नंबर 2 में तब्दील हो गयी है। ऐसे में उन गलियों के मकानों के वोटर के वार्ड तो चेंज हो गए, लेकिन उनके वोट आधे तो पुराने वार्ड में रह गए और आधे नए वाले में आ गए हैं ऐसे में एक ही मकान के वोटर आधे वार्ड नंबर एक में वोट डालेंगे वही आधे वार्ड नंबर दो में डालेंगे। जिससे कि आमजन को बहुत ज्यादा विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है आम वोटर यह नहीं समझ पा रहा कि उसका वोट कौन से वार्ड के अंदर है,वह वोट डालने जाएगा कहा। ऐसे में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। परिस्थिति के निस्तारण के लिए हमारी मांग ये हैं कि इन्वोटर्स को अपने वोट एक जगह सुनिश्चित करने का पूरा अवसर दिया जाए और 31 मार्च तक जो नाबालिग बच्चे बालिग हो जाएंगे उन्हें भी नई वोट लिस्ट में शामिल होने का अवसर दिया जाए।

### पोते के जन्मदिन पर विकलांग गौशाला में दिए 1.50 लाख रुपये

मदरलैंड संवाददाता, कनीना। गाहड़ा निवासी इंस्पेक्टर जगदीश ने अपने पोते के जन्मदिन पर विकलांग गौशाला बूचावास को 1.50 लाख रुपये भेंट किए। इस मौके पर सुशील यादव ने बताया कि घर में किसी का भी जन्मदिन हो पूरा परिवार गौशाला में गायों की सेवा करके मनाता है। पुत्र के जन्मदिन पर हवन यज्ञ का आयोजन करने के उपरांत बूचावास स्थित विकलांग गौशाला में डेढ़ लाख रुपये की राशि महंत विल गिरी महाराज को भेंट की। महंत विल गिरी महाराज ने कहा कि शुभ कार्यों पर गौ माता पूजन करने के साथ-साथ सेवा भी करें। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर भजन संध्या का हुआ आयोजन, देश भर से पहुंचे कलाकार ज्योति अहलावत ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में की शिरकत

### भगवान भजन से मन को मिलती है अद्भुत शक्ति :ज्योति अहलावत

मनमोहन शर्मा हांसी। गोल्डी म्यूजिक एकेडमी द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर हांसी शहर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह की धर्मपत्नी ज्योति अहलावत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर एकेडमी के संचालक विनोद गोल्डी भी मौजूद रहे।

सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में देश के कई राज्यों से गायको तथा कलाकारों ने शिरकत करते हुए भगवान शिव की महिमा पर गीतों और भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ज्योति अहलावत ने भी भगवान शिव की महिमा पर -शिव शंकर चले कैलाश बुंदिया पड़ने लगी- भजन की उम्दा प्रस्तुति दी। श्रीमती ज्योति अहलावत ने इस अवसर पर कहा कि भगवान के भजन करने से मन को अद्भुत दिव्य शक्ति मिलती है। इसलिए लोगों को तनाव मुक्त सहज जीवन जीने के लिए दिनचर्या में भक्ति को भी शामिल करना चाहिए। उत्तराखंड से आई भजन गायिका गीता नेगी ने भी भक्ति भावना पर आधारित कई गीतों की प्रस्तुति दी। इनके अलावा सिमरन ,रिंकल ,जीनिशा ,सावी, पावनी ,राधिका, नंदिनी ,राघवेंद्र, कीमत पाटिल ,राहुल जोगी, कुलदीप सैनी, गौरव , मुदित ठकराल, ने अपने भजनों से उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया।

### कमानिया में श्री छोटी काशी धाम में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया



मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गत दिवस नांगल चौधरी के गांव कमानिया में छोटी काशी धाम में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। व्रत रखने वाली महिलाओं व बच्चों ने अल सुबह ही पूजा अर्चना शुरू कर बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया। मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए लंबी-लंबी लाइनें लगी और लोगों ने गुड़ का प्रसाद बांट कर एक दूसरे को महाशिवरात्रि पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर व्रत करने वाली महिलाओं ने कथा सुनकर दान किया तो वही मंदिर कमेटी ने इस अवसर पर हर वर्ष की भांति एक विशालकाय मेले का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे प्रमुख समाज सेवी दयाराम यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के मेले भारतीय संस्कृति और भारत के खेलों को दर्शाते हैं जो आजकल की युवा पीढ़ी इससे अलग भटक रही है उन्हें इस ओर ध्यान देना चाहिए। इस तरह के खेलों को बढ़ावा देना चाहिए। कुश्ती एक ऐसा खेल है जिसने भारत को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है। वही मुख्य अतिथि ने फीता काटकर कुश्तियों की विधिवत शुरूआत की व अंतिम कांमड़ा हरियाणा केसरी व भारत केसरी के बीच हुआ जिसमें भारत केसरी संजय जेलाफ विजई रहे। इस मौके पर मेला कमेटी के सदस्य रामप्रताप जागीरदार, वेद प्रकाश डेलीगेट, संदीप उर्फ जसु, सुरेश पंच, राजाराम नंबरदार, सतीश पटेरिया, विरेंद्र जागीरदार, लीलाराम ,कर्ण सरपंच पूर्व सरपंच निहाल सिंह, रिटायर्ड सूबेदार झभूराम राम यादव, रिटायर्ड सूबेदार भूप सिंह यादव, कैप्टन हनुमान यादव, अभय सिंह पंच संजय पंच मास्टर मनोज शर्मा महेंद्र शर्मा राजपाल नेताजी विजय सरपंच खातोली अजीत सरपंच कारोता ,जगदीश बाबू सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। नांगल चौधरी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मेहर चंद दिनभर अपने पुलिस दस्ते के साथ मौजूद रहे।

# सरकार एक-एक भारतीय नागरिक को सुरक्षित लाने के लिए बसों की भी व्यवस्था करे: श्रुति चौधरी

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेत्री श्रुति चौधरी ने यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीय छात्र-छात्राओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से सभी भारतीय नागरिकों को हर हाल में सुरक्षित बचाने की अपील की है। उन्होंने खारकीव गोलीबारी में मारे गए भारतीय छात्र नवीन कुमार के परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं भी व्यक्त की हैं।

पूर्व सांसद ने कहा कि यूक्रेन में अब भी कई हजारों छात्र-छात्राएं फंसे हुए हैं और इनमें शहरी ही नहीं, ग्रामीण युवक-युवतियां भी शामिल हैं। भारतीय रूख के चलते यूक्रेन में हमारे देश के छात्र-छात्राओं पर खतरा बढ़ गया है। यूक्रेन में भारतीय दूतावास ही नहीं, सारी हेल्प लाइनें भी बंद कर दी गई हैं और यह बेहद खराब स्थिति है। वहां फंसे भारतीय जीवन बचाने की जद्दोजहद से लड़ रहे रहे हैं। वह भूखे-प्यासे रहकर पैदल ही निकल पड़े हैं, ताकि किसी भी तरह उनका जीवन बच जाए। छात्र-छात्राएं पैदल ही निकल पड़े हैं तथा वहां केहालात बेहद डरावने बने हुए हैं। उनके पास पैसे भी नहीं हैं। वहां फंसे छात्र-छात्राओं के बहुत सारे वीडियो सोशल मीडिया के जरिए मिल रहे हैं और हर कोई मदद के लिए भारत सरकार के सामने हाथ फैला रहा है। यूक्रेन में फंसी छात्राओं का बहुत बुरा हाल है और वहां छात्राओं को उठाकर उनके साथ अमानवीय ज्यादतियां की जा रही हैं। सारा माहौल बेहद डरावना बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन हमले से पहले ही भारतीय छात्र-छात्राओं को निकालने में हमारी केंद्र सरकार से चूक हुई है और इसका खामियाजा देशवासियों को भुगतना पड़ रहा है। यदि युद्ध से पहले ही भारतीय दूतावास को छात्र-छात्राओं को निकलने के लिए समय रहते आदेशित कर दिया जाता तो वहां फंसे हजारों छात्र-छात्राएं संभवतः सुरक्षित पहुंच जाते। लेकिन अब जो भी फंसे हुए हैं, उन्हें बचाने की हर संभव सहायता करनी चाहिए तथा एक-एक भारतीय को सुरक्षित अपने देश लाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत द्वारा दो-दो प्लेन भेजने से ज्यादा मदद नहीं होने वाली है। इसलिए भारत सरकार बॉर्डरों पर फंसें भारतीयों को लाने के लिए बसों को भेजने की भी व्यवस्था करे। सरकार का फर्ज बनता है कि वह एक-एक नागरिक को सुरक्षित बचाने के लिए हर प्रकार से मदद करे। उन्होंने फंसे भारतीयों एवं उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं एवं सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं है। इसलिए केंद्र सरकार युद्ध की आड़ में राजनीति चमकाने की बजाए हकीकत में व्यापक स्तर पर जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाए।

## चेलावास में शिव मंदिर बनवाने के लिए कराया भूमि पूजन

» मदरलैंड संवाददाता



कनीना। भगवान शिव की महिमा कल्याणकारी है जिसे हमेशा याद करना चाहिए क्योंकि यह मानव जीवन भगवान शिव का ही दिया हुआ है। ये विचार खनन अधिकारी राजेश सहरावत ने आज उनके पैतृक गांव के दादा ठाकुर के मंदिर में शिव मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन के उपरांत व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि चेलावास में दादा ठाकुर का बहुत पुराना मंदिर है जिस के प्रांगण में गांव के ही वरिष्ठ समाजसेवी एवं धर्म परायण व्यक्ति चिरंजीव लाल द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान शिव के मंदिर के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्य कराया जा रहा है। जिसमें समस्त गांव की सहमति और प्रेम साफ नजर आ रहा था। उन्होंने बताया की धर्मपाल व उनकी धर्मपत्नी दोनों ही दादा ठाकुर के अच्छे पुजारी हैं। वही दोनों पति पत्नी भगवान शिव में बड़ी आस्था रखते हैं जिसको लेकर उन्होंने दादा ठाकुर के मंदिर प्रांगण में भगवान शिव का मंदिर बनाने के लिए भूमि पूजन का कार्य करा यह साबित कर दिया कि धर्मपाल व उनकी धर्मपत्नी दोनों ही समाज सेवा में सबसे अग्रणी माने जाते हैं जो गांव में होने वाले समाज के सभी कार्यों में बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेते हैं। भगवान में पूरी श्रद्धा व आस्था रखने के कारण आज उन्होंने इस भाव मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन कराया और जल्द ही उक्त मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इस पर गांव के समस्त लोगों ने सहमति जताते हुए धर्मपाल के साथ शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कराया जिसमें गांव के सभी आदमी एकत्रित हुए वही सैकड़ों ग्रामीणों ने धर्मपाल सिंह द्वारा भगवान शिव का मंदिर बनवाने के लिए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की है।

## मालड़ा की लड़की यूक्रेन से सकुशल घर पहुंची
### -माता पिता के खुशी से आंसू बह निकले

» मदरलैंड संवाददाता



कनीना। कनीना थाने के तहत आने वाले मालड़ाबास गांव की रितिका सकुशल यूक्रेन फिर लौट आई है। अपनी बच्ची से मिलकर परिवार वालों की खुशी से आंसू बह निकले। करीब एक पखवाड़े से परिवार परेशान चल रहा था अपनी बेटी के सकुशल आने का इंतजार कर रहा था। कभी भगवान से दुआएं मांगी तो कभी रातभर नींद नहीं आई।

बोकोविनियन स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी चेरणावित्सी से एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए 5 दिसंबर को भारत से रितिका रवाना हुई थी किंतु ने उन्हें क्या मालूम था कि इस प्रकार के युद्ध के हालात बन जाएंगे कि घर वापस लौटना हीं पड़ेगा। परंतु अब सकुशल लौटने पर उन्होंने भारत सरकार का आभार व्यक्त किया है। बिना किसी खर्चे के भारत लौट आई तथा उन्हें कुछ तकलीफ हुई उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

रितिका के पिता राजबीर सिंह एवं रितिका की मां रेखा देवी ने बताया कि विश्वविद्यालय से रोमानिया बॉर्डर तक पहुंचने के लिए 50 किलोमीटर दूरी बस से तय की जिसमें थोड़ा डर लगा चूंकि रोमानिया बॉर्डर पर एंट्री देरी से हुई इसलिए यहां तकलीफ हुई। तत्पश्चात रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट पहुंचने के लिए 10 घंटे का समय लगा और करीब 500 किलोमीटर दूरी बस द्वारा तय करने के बुखारेस्ट एयरपोर्ट पहुंची। वहां से मुंबई पहुंची। मुंबई में सरकार द्वारा बेहतर प्रबंध किए थे, होटल में रहने तथा खाने का बेहतर प्रबंध था तथा मौके पर ही सारी जानकारी उपलब्ध करवाई गई। तत्पश्चात मुंबई एयरपोर्ट से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची और उनके माता-पिता से मिलकर बेहद प्रसन्न हुई है। इस मौके पर माता पिता के खुशी से आंसू झलक आये। अंततः मालड़ाबास पहुंच गई। उन्होंने सरकार का आभार जताया कि इस बुरी हालत में उनको सकुशल भारत सरकार ले आई।

## 8 मुर्रा भैंसों की डेयरी से सरस्वती है प्रसन्न
### प्रति माह कमा लेती है 50 हजार रुपये

» मदरलैंड संवाददाता



कनीना। कनीना के रेलवे स्टेशन के पास 8 मुर्रा नस्ल की दूध देने वाली भैंस तथा सात कटड़े एवं कटडियों की डेयरी खोलकर सरस्वती अति प्रसन्न है। विगत 10 वर्षों से डेयरी का काम कर रही है और उनके यहां प्रतिदिन 115 लीटर दूध उत्पादन होता है जिसे कनीना मंडी तथा आसपास के गांव के लोग खुद लेकर जाते हैं। मेहनत का काम अधिक होने के कारण सुबह चार बजे उठती है और रात आठ बजे तक काम करती रहती है। सरस्वती के परिवार में जहां जितेंद्र तथा अन्य परिवार के सदस्य उसका कार्य में हाथ बटा रहे हैं।



उन्होंने बताया कि 15लाख रुपये की लागत से टीन शेड बनाकर केवल मुर्रा नस्ल की भैंस पालते हैं तथा सरकार से कोई अनुदान नहीं लिया है। 18 से 20 लीटर दूध वाली मुर्रा नस्ल पालकर वो प्रसन्न है। उनका कहना है कि इस वर्ष चारा महंगा होने के कारण भी दूध सस्ता चल रहा है। जहां चारा 1400 रुपये क्विंटल वहीं मक्का 2200 रुपये क्विंटल चल रही है। चारे की समस्या इस वर्ष आने की संभावना बढ़ रही है क्योंकि सरसों अधिक भूभाग पर उगाई गई है। उन्होंने कहा कि डेयरी का काम बहुत बेहतर है किंतु मुर्रा नस्ल की भैंस जो 20 लीटर से कम दूध देती हो नहीं पाली चाहिए तथा उनकी नस्ल सुधारने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने बताया कि वे अपने इस कार्य से बहुत खुश हैं। उनके परिवार में जहां जितेंद्र पहले मारुति चालन का कार्य करते थे जो अक्सर दिन रात घर से बाहर रहते थे किंतु अब उन्होंने कार्य छोड़ दिया है और अपने पत्नी के साथ मिलकर इस कार्य में जुट गये है। उनका कहना है कि इस कार्य में किसी प्रकार की कोई छुट्टी नहीं होती किंतु बेरोजगारी की दुहाई देने वाले लोगों के लिए वे एक उदाहरण हैं। उन्होंने बताया कि डेयरी के कोई नुकसान नहीं हुआ है। अधिक दूध देने वाली भैंस पालनी चाहिए। वे उनका पालन पोषण कार्य अच्छी नस्ल की भैंस तैयार कर रहे हैं। उन्हें आशा है कि भविष्य में यह से अधिक दूध उत्पादन करेंगी और अच्छी आय होगी।

# अवैध हथियार सप्लाई करने वाले को सीआईए नारनौल ने किया गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। सीआईए नारनौल की टीम ने कल देर शाम अवैध हथियार बेचने वाले एक आरोपित को मेवात क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को मेवात के मरोड़ा बस स्टैंड के नजदीक से पकड़ कर गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान समीन उर्फ समीर वासी झिमरावत थाना पिंगावा मेवात के रूप में हुई है। सीआईए ने आरोपित के पास से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

सीआईए की टीम ने थाना सदर नारनौल के गांव गोद के क्षेत्र से अवैध हथियार के साथ एक युवक को हनुमान उर्फ कालिया वासी गोद को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया था। पुलिस ने आरोपित हनुमान उर्फ कालिया से एक देशी डोगा, एक रिवॉल्वर और छह जिंदा कारतूस बरामद किए थे। रिमांड के दौरान पुलिस द्वारा आरोपित से अवैध हथियारों के बारे में पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपित हनुमान ने बतलाया कि मेवात के गांव झिमरावत के रहने वाले समीन उर्फ समीर से वह अवैध हथियार लेकर आया है। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार बेचने वाले को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक महेंद्रगढ़ चंद्रमोहन आईपीएस द्वारा जिला पुलिस को अपराधियों को पकड़ कर उनपर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं, जिनकी पालना के अंतर्गत सीआईए नारनौल की टीम ने नारनौल के गांव गोद के क्षेत्र से अवैध हथियार के साथ एक युवक को काबू किया था। सीआईए नारनौल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को अवैध हथियारों एक देशी डोगा, एक रिवॉल्वर और छह जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया था, जिसपर पहले भी मारपीट, लड़ाईझ झगड़े, चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट के तहत करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं और गांव गोद में शराब के ठेके में आग लगाने की वारदात में भी आरोपित शामिल था। इस मामले में पुलिस ने आरोपित से पूछताछ कर अवैध हथियार बेचने वाले समीन उर्फ समीर के बारे में पता लगाकर उसे मेवात क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से अवैध हथियार भी बरामद किया है। आरोपित समीन उर्फ समीर को आज न्यायलय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## सरकार के प्रयासों से शीघ्र सकुशल स्वदेश लौटेंगे भारतीय नागरिक: उपायुक्त

» मदरलैंड संवाददाता




नूंह/मेवात। यूक्रेन में फंसे नूंह जिला के विद्यार्थियों से जिला प्रशासन निरन्तर संपर्क में है। उपायुक्त अजय कुमार के दिशा निदेर्शों के अनुरूप प्रशासनिक अधिकारी यूक्रेन में अध्ययन करने गए बच्चों के लिए सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों का अपडेट दे रहे हैं। गौरतलब है कि नूंह जिला के यूक्रेन में कुल 41 बच्चे अध्ययनरत थे जिनमें से ऑपरेशन गंगा के तहत 11 बच्चे स्वदेश लौट आये जबकि 30 बच्चे जल्द लौटें इसके लिए प्रभावी ढंग से प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि विदेश में मौजूद जिला के विद्यार्थी पूरी तरह सुरक्षित है। अधिकांश बच्चे यूक्रेन व अन्य साथ लगते देशों में हैं और भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। पूरी उम्मीद है कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार के प्रयासों से शीघ्र ही उनकी भी स्वदेश वापसी होगी। उन्होंने कहा कि वे धैर्य बनाये रखें और विदेश मंत्रालय के निर्धारित नियमों के तहत ऑपरेशन गंगा में अपनाई जा रही प्रक्रिया में भागीदार बनें।

यूक्रेन में बढ़ते तनाव को लेकर वहां फंसे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की अफवाह या भ्रामक खबरों पर स्थानीय नागरिक ध्यान न दें।

### 101 वर्षों से जगमगा रही है हवेली

# कस्बा कनीना में पुराने वक्त से हवेली के नाम कहलाता है हवेलीवाला परिवार

» मदरलैंड संवाददाता





कनीना। यूं तो पुरानी हवेली होने की वजह से लोग उनको जल्द ही तोड़कर नव निर्माण कर देते हैं लेकिन कनीना में 1921 में 101 साल पहले निर्मित हवेली आज भी उदाहरण बनी हुई है। सैकड़ों जनों के परिवार वाली हवेली कभी पांच भाइयों के नाम पर बनी थी। 1921 से पहले भी कनीना बड़ी बड़ी हवेली होती थी जिनमें कनीना के मुख्य बाजार में, कनीना मंडी तथा कनीना के मुख्य कस्बे में सेढ़ाराम बणियों की बड़ी होती थी। वैश्य समाज संपन्न कहलाता रहा है। वहीं उनकी आज भी अनेक हवेली जर्जर हालात में पड़ी हुई है। सेढ़ाराम बणिये की हवेली कनीना की सबसे ऊंची तथा सबसे पुरानी होती थी जो आज जर्जर हालात में है।

हवेलीवाला परिवार की हवेली जीसुख के पांच पुत्रों डीगरामत,श्योलाल, हवलदार खूबी राम, निहाल सिंह सूबेदार एवं भूरू ने बनवाई थी। उस वक्त सिर्फ एक मंजिल ही होती थी किंतु वर्तमान में 2 मंजिल की हवेली निर्मित है और कुछ लोग रह रहे है जबकि किसी प्रकार की तोडफोड़ नहीं की गई है। इस हवेली में तीन चौक होते थे वहीं पांच परिवार रहते थे किंतु वर्तमान में करीब 100 सदस्य इस हवेली से संबंध रखते हैं। देश सेवा, शिक्षक समाज, वकील आदि सभी सेवाओं में हवेली के लोगों का अहम योगदान रहा है। किसी जमाने में प्रसिद्ध वैज्ञानिक कमल इसी हवेली से संबंध रखते थे किंतु वर्तमान में भी वैज्ञानिक डाक्टर युवराज तथा सीखा यादव आदि देश सेवा में कार्यरत है। हवेली से संबंध रखने वाले देवेंद्र बलिया ने बताया कि इसी हवेली से जहां वर्तमान में 5 वकील, एक नंबरदार, 7 शिक्षक,दो वैज्ञानिक जीवित है वहीं तीन कर्नल, एक मेजर, चार कैप्टन, 2 वैज्ञानिक देश सेवा कर रहे हैं। कभी मेजर होशियार सिंह का नाम प्रसिद्ध होता था किंतु आज वह इस दुनिया में नहीं है। वर्तमान में 2400 गज में बनी हुई है और किसी भी क्षेत्र में जाकर हवेलीवाला नाम कहा जाए तो तुरंत इस घर का पता बता दिया जाता है। ग्रामीण बताते हैं कि सैकड़ों वर्षों से इनका नाम हवेली वाला ही पड़ा हुआ है। देवेंद्र कुमार बताते हैं कि उनके पूर्वज पांच हुये हैं इसलिए पांच भाइयों वाली हवेली नाम से भी जाना जाता था। तत्पश्चात इस परिवार को हवेली वाला नाम से जाना जाता है। वर्तमान में सैकड़ों वर्ष पुराने यंत्र हाथ की चक्की, दीवार पर नक्काशी, लालटेन तथा पुराने समय का दीवार के अंदर से बनी चिमनी पुरानी याद दिलाते हैं। इसकी नींव करीब 6 फुट चौड़ी दीवार की बनी है वहीं ऊंपर जाकर दो फुट चौड़ी, छोटी ईंटों एवं चूने से निर्मित है। कभी यहां 13 कमरे होते थे किंतु अब दूसरी मंजिल बनाकर इसमें 80 कमरे बने हुए हैं। हवेली को न केवल बढ़ाया है अपितु आज भी दूर-दराज तक नाम है। बड़े बड़े अधिकारी भी यहां हुए है यही कारण है आज भी लोग उन्हें याद करते हैं। 1921 में निर्मित हवेली का आज भी पत्थर लगा हुआ है। कुल मिलाकर एक हवेली जिसमें कभी पांच भाई एक साथ रहते थे वही 25 कर्मचारी एवं अधिकारी यहां पैदा हुये हैं। कनीनावासी बताते हैं कि कनीना में सेढ़ाराम, भागमल, बुद्धराम की हवेली यहां प्रसिद्ध रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राजिंदर कुमार चुने गए प्रधान



विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ । द वाटर सप्लाई वर्कर्स यूनियन एमसी चंडीगढ़ की कार्यकारणी की बैठक बजरंगी वर्मा की अध्यक्षता में वाटर वर्क्स सेक्टर 37 में हुई ।और बैठक में नरिंदर कुमार को श्रद्धांजलि दी गई जो यूनियन के प्रधान थे उनका 11 फरवरी को निधन हो गया था ।बैठक में सर्वसम्मति से राजिंदर कुमार को प्रधान और जगमोहन सिंह को यूनियन का जनरल सेक्रेटरी बनाया गया ।मीटिंग में ज्वाइंट एक्शन कमेटी के कंवीनर अशवनी कुमार और यूनियन के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे ।

### एमसी कर्मचारियों की मांगों का मांग पत्र कमिश्नर एमसी को दिया



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ । ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एंड एमसी एम्प्लॉयीज एंड वर्कर्स की और से एमसी कर्मचारियों की मांगों का मांग पत्र कमिश्नर एमसी को दिया ।कमेटी के कंवीनर अशवनी कुमार ने बताया के चंडीगढ़ प्रशासन ने 13.3.15 को डेली वेज वर्कर्स को रेगुलर करने की पालिसी बनाई थी के जिन डेली वेज कर्मचारियों ने दिसंबर 2006 तक 10 साल पूरे कर लिए है उनको खाली पदों पर रेगुलर किया जाएगा अगर खाली पद नही है तो उनको रेगुलर कर्मचारियों जितने बेनेफिट्स दिए जाएंगे ।पर एमसी ने 69 डेली वेज कर्मचारी अलग अलग विभागों में भर्ती किए थे और वह कर्मचारी दिसंबर 2006 तक 10 साल पूरे नही करते जिस कारण यह डेली वेज कर्मचारी पालिसी में कवर नही हुए और यह कर्मचारी रेगुलर नही हो सके और ना ही रेगुलर कर्मचारियों जितना बेनिफिट मिल रहा है ।यह ककर्मचारी एमसी में 25 सालों से काम कर रहे हैं ।उनको सिर्फ बेसिक पे प्लस डी ए ही मिल रहा है ।इन सब को बहुत आर्थिक नुकसान हो है । इस लिए कमिश्नर एमसी से मांग की इन कर्मचारियों को पॉलिसी में कवर करके रेगुलर किया जाए या रेगुलर कर्मचारियों जितने बेनिफिट्स दिए जाएं । और मांग की ज्वाइंट एक्शन कमेटी से जल्द कर्मचारियों की रहती मांगो पर मीटिंग की जाए ।

### एल आई जी फ्लैटों में लगातार बन रही दुकानों पर नहीं हुई कोई कार्रवाई जल्द देगे धरना... तिवारी



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना: समाज सेवक संजय तिवारी ने ग्लाडा के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि पिछले कई समय से दुगरी में बने एल आई जी फ्लैटों में लगातार दुकानें खोली जा रही है मगर ग्लाडा के अफसरों द्वारा सिर्फ नोटिस जारी कर दिया जाता है मगर कारवाही नहीं होती इस संबध में तिवारी ने बताया कि आर टी ए भी डाली गई है मगर उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है कभी स्टेट अफसर के साथ मीटिंग बुलाई जाती है तो कभी ए सी ए के साथ चार बार नोटिस भेजने के बाद भी अभी तक ग्लाडा के अधिकारियों द्वारा सिर्फ लॉली पॉप मिलता है आज तंग आकर तिवारी ने मीडिया के आगे आ कर प्रशासन से गुहार लगाई है कि गैर कानूनी तरीके से बन रही रियासी इलाके की दुकानों पर कारवाही की जाए नहीं तो वो कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे और ग्लाडा दफ्तर के बाहर प्रदर्शन भी करेगे इस संबध में जब ग्लाडा के सी ए संदीप से बात हुई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा ।

### गांव के सरपंच ने नीतू यादव का किया सम्मान

मदरलैंड संवाददाता, कनीना । कनीना उप-मंडल के गांव गुढ़ा निवासी नीतू यादव करीब चार लाख रुपये के पुरस्कार पशु प्रदर्शनी में लेकर लौटी है जिसके चलते गांव के सरपंच धर्मपाल ने गांव के धार्मिक स्थल छज्जू पीर पर उनका सम्मान किया । इस अवसर पर न केवल नीतू यादव अपितु उनकी साससंतरा देवी तथा उनके ससुर राव भगवान सिंह पूर्व मुख्याध्यापक का भी सम्मान किया । उन्होंने कहा कि यह फक्र की बात है कि उनके गांव की एक महिला भिवानी में आयोजित पशु प्रदर्शनी में चार लाख के करीब राशि के इनाम लेकर लौटी है । इससे पहले भी कई बार नीतू यादव विभिन्न सम्मान, राष्ट्रपति अवार्ड आदि लेकर लौट चुकी है । उन्होंने कहा कि इस प्रकार की महिलाएं अगर गांव में हो तो निसंदेह गांव का भविष्य उज्ज्वल बन सकता है ।

## भारतीय महिलाएं त्वचा की अच्छी सेहत के लिए बादाम खाना पसंद करती हैं : यूगव (ouGov) के सर्वे में सामने आई यह बात

चंडीगढ़/लुधियाना, 2 मार्च, 2022: मौजूदा समय की तेज रफ्तार दुनिया और सूचनाओं के बढ़ते प्रवाह के चलते देश भर की महिलाएं काफी जागरूक हो गई हैं। वह यह जानती हैं कि पोषण किस तरह हमारी त्वचा की सेहत से जुड़ा है। जो भोजन हम खाते हैं, वह भी त्वचा पर इस्तेमाल किए जाने वाले उत्पादों जितना ही महत्वपूर्ण है। अगर हम त्वचा की बेहतर तरीके से देखभाल करें, लेकिन हमारे भोजन में पोषक तत्वों की कमी हो तो खूबसूरत त्वचा नहीं पाई जा सकती। सर्वे में इसकी झलक मिलती है जिसमें यह विशेष रूप से उभरकर सामने आया है कि उपभोक्ता अब स्वस्थ जीवनशैली को प्राथमिकता देने लगे हैं और रोजमर्रा के आहार में कुदरती विकल्पों को आजमाने लगे हैं।

त्वचा विशेषज्ञ और कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता ने सर्वे के नतीजों पर अपनी बात रखते हुए कहा, ह्लसदियों से चली यह विचारधारा बिल्कुल सच है कि ह्लउचित पोषण और सकारात्मक विचार स्वस्थ जीवनशैली बरकरार रखने का अहम पहलू है।ह्व इसे सर्वे के नतीजों से काफी अच्छी तरह से समझा जा सकता है। सर्वे के नतीजे उचित पोषण और त्वचा की सेहत के संबंधों के प्रति महिलाओं की बढ़ती जागरूकता की ओर इशारा करते हैं। मैंने हमेशा त्वचा की अच्छी सेहत के लिए मौजूदा स्किन केयर प्रॉडक्ट्स के साथ पोषक तत्वों से भरपूर भोजन करने पर जोर दिया है। उदाहरण के लिए रोजाना एक मुट्ठी बादाम खाने से शरीर में विटामिन-ई और दूसरे एंटी आक्सिडेंट्स बढ़ जाते हैं, जो कोशिकाओं की रक्षा करते हैं। इसमें त्वचा की कोशिका भी शामिल हैं। इसी के साथ बादाम के सेवन से शरीर के मुक्त कणों एंटी ऑक्सिडेंट्स के बीच होने होने वाले असंतुलन भी खत्म होता है। बादाम को त्वचा के लिए बेहद लाभदायक माना जाता है। त्वचा पर उम्र के पड़ने वाले प्रभावो से मुकाबले में भी बादाम मदद करता है क्योंकि इससे शरीर को फैटी एसिड और पॉविफेलोन्स मिलते हैं। हाल ही में किए गए अध्ययन से यह पता चलता है कि परंपरागत रूप से कम कैलोरी वाले स्नैक्स की जगह बादाम खाने से रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं के चेहरे पर झुर्रियां कम दिखाई देती है और उनकी त्वचा भी चमकती-दमकती रहती है। में सभी भारतीय महिलाओं से यह सिफारिश करना चाहती हूं कि वह इन लाभों को देखें और समझें और अपनी त्वचा की उचित देखभाल के लिए मुट्ठी बार बादाम के सेवन को अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या में शामिल करें। इससे उनकी त्वचा की संपूर्ण सेहत को सुधारने में मदद मिलेगी।ह्व

न्यूट्रिशन एंड वेलनेस कंसलटेंट शीला कृष्णास्वामी ने सर्वे के नतीजों के बारे में कहा, ह्लसर्वेक्षण के परिणामों को देखकर वाकई काफी खुशी हुई है। इसमें इस स्वस्थ जीवनशैली, जिसमें पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन शामिल है, की विचारधारा को पूरी तरह से अपनाने का संकेत दिया गया है। बादाम को एंटीऑक्सिडेट और विटामिन-ई का प्रमुख स्त्रोत माना जाता है। इससे शरीर को जरूरी फैटी एसिड्स और पॉलिफेनोल्स मिलते है, जो इसका सेवन करने को बेहतरीन पसंद बनाते हैं।ह्व

दिल्ली के मैक्सहेल्थकेयर अस्पताल में डायटेटिक्स में रीजनल हेड ऋतिका समद्दर ने सर्वे के नतीजों से सहमति जताते हुए कहा, ह्लहम पारंपरिक रूप से इस विचारधारा को मानते आए हैं कि रोजाना बादाम खाने से सेहत को तरह-तरह के लाभ होते हैं। इस सर्वे ने बादाम के सेहत पर उपयोगी और लाभदायक प्रभाव होने के हमारे विश्वास को मजबूती दी है। इसके अलावा इस सर्वे से त्वचा की सेहत के क्षेत्र में दिलचस्प और नई बातें सामने आई है। यह सर्वे खासतौर से इस तथ्य पर जोर देता है कि किस तरह अधिकतर महिलाएं अच्छी और चमकदार त्वचा हासिल करने के लिए अपने भोजन में पोषक आहार को शामिल करने को प्राथमिकता दे रही हैं। मैं भारत की उन महिलाओं से, जो अपनी त्वचा की सेहत को निखारने के लिए कुदरती तरीकों के इस्तेमाल के पक्ष में हैं, अपने भोजन में बादाम की मात्रा बढ़ाने का आग्रह करती हूं। उन्हें अपनी त्वचा की अच्छी तरह देखभाल के लिए एक मुट्ठी बादाम रोज खाना चाहिए।ह्व

इंटिग्रेटिव न्यूट्रिशिनिस्ट और हेल्थ कोच नेहा रंगलानी ने कहा, ह्लइस नए सर्वे से पता चलता है कि सर्वे में भाग लेने वाले लोगों ने बादाम को झुर्रियों में कमी, त्वचा की चमक और पराबैंगनी किरणों से सुरक्षा से जोड़ा है। मौजूदा दौर में, जब प्रदूषण और विषाक्त पदार्थ हमारी सेहत पर बुरा असर डाल रहे हैं तो हमें अपनी त्वचा की विशेष देखभाल करनी चाहिए। रोजाना बादाम खाने से हमारी त्वचा को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व और पोषण मिलता है।ह्व

## अजय देवगन फिल्म उद्योग में 25 सालों के अनुभव का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं: अतुल कुलकर्णी




चंडीगढ़ : सनसनीखेज अपराधिक तफ़्तीश और सच्चाई की खोज के लिए अंधेरे में रहने वाले एक पेचीदे हीरो के साथ, डिज्नी+ हॉटस्टार अपनी बहुप्रतीक्षित सीरीज हॉटस्टार स्पेशल्स रुद्रा - द एज ऑफ डार्कनेस 4 मार्च को रिलीज करने वाला है। समय के खिलाफ दौड़ती अजीबोगरीब, डार्क व पेचीदी कहानी के साथ यह थ्रिलर सीरीज अत्यधिक बुद्धिमान अपराधियों और उनका पीछा करने वाले जासूस के मनोविज्ञान में उतरती है। 6 एपिसोड्स की यह सीरीज विश्वप्रसिद्ध ब्रिटिश सीरीज - लूथर का भारतीय रूपांतर है। मुख्य पात्र अजय देवगन के साथ इस सीरीज में ईशा देओल, राशि खन्ना और असीम प्रतिभाशाली अतुल कुलकर्णी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह स्टार अजय देवगन के साथ सफल फि ल्म, खाकी के 22 साल बाद दोबारा स्क्रीन साझा कर रहा है ।रुद्रा में अजय देवगन के साथ फिर से काम करने के बारे में, अभिनेता अतुल कुलकर्णी ने कहा, ह्यह्यहमारी पहली मूवी, खाकी के 22 सालों बाद अजय के साथ दोबारा काम करके बहुत अच्छा लगा। अजय जी न केवल एक अभिनेता हैं, बल्कि वो एक डायरेक्टर, एक प्रोड्यूसर, एक बेहतरीन तकनीशियन और एक लेखक भी हैं। इसलिए उनके अनेक चेहरे हैं, जो उनके आसपास लोगों को प्रेरित करते हैं ।उन्होंने आगे कहा, ह्यह्यऐसे लोग भी हैं, जिन्हें बहुत ज्यादा अनुभव है और जब वो सेट पर आते हैं, तो वो अपना अनुभव अपनी टीम एवं सह-कलाकारों के साथ बांटते हैं। वो हर बार ऐसा जानबूझकर नहीं करते ! वो जब भी किसी दृश्य या कोरियोग्राफी के बारे में बात करते हैं या अपने डायलॉग बोलते हैं, तो ऐसा अपनेआप हो जाता है। अजय जी के साथ हर बार उनका अनुभव अपनेआप बाहर आ जाता है। वो फिल्म उद्योग में 25 साल के अनुभव का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। उनके साथ काम करने का अनुभव बहुत शानदार था।ह्रह्र

## ओप्पो इंडिया ऑल-न्यू लैब सेटअप के साथ भारतीय यूजर्स के लिए पॉवर व परफॉर्मेंस बढ़ाएगा



चंडीगढ़ : यूजर अनुभव में सुधार करने के उद्देश्य से अग्रणी ग्लोबल स्मार्ट डिवाईस ब्रांड, ओप्पो ने अपने हैदराबाद आरएंडडी केंद्र में स्पेशलाईज्ड पॉवर एवं परफॉर्मेंस लैब की स्थापना करने की घोषणा की है। युवा भारतीयों की तीव्र जीवनशैली के कारण कम पॉवर कंजंप्शन, लंबी बैटरी लाईफ के साथ उच्च परफॉर्मेंस वाली डिवाईस की जरूरत है। यह लैब वास्तविक जीवन के परिदृश्य का विकास कर मौजूदा इस्तेमाल की जरूरत के अनुरूप इनोवेशन लाकर डिवाईसेस को ज्यादा एनर्जी-एफिशियंट बनाएगी।यह नई स्थापित की गई लैब महत्वपूर्ण समस्याओं, जैसे सॉफ्टवेयर बग्स का समाधान कर ऐसे सॉल्यूशंस का विकास करेगी, जो अंतिम उपभोक्ता के अनुभव को बेहतर बनाने में मुख्य भूमिका निभाएंगे। अत्याधुनिक टूल्स व सुविधाओं द्वारा इस लैब का उद्देश्य सुगम परफॉर्मेंस एवं लंबी बैटरी लाईफ जैसे इनोवेशन कर गेमिंग, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, वीडियो कॉलिंग एवं स्ट्रीमिंग जैसी भारी उपयोग की स्थितियों में यूजर के अनुभव में सुधार करना है। इस लैब के इंजीनियर बैटरी बचाने सहित परफॉर्मेंस के मुख्य पहलुओं पर काम करेंगे, डिवाईस की हीटिंग में सुधार करेंगे, जिससे अंतिम उपभोक्ता के अनुभव में सुधार होगा।लैब के लॉन्च के बारे में, तसलीम आरिफ, वीपी, एवं आरएंडडी हेड, ओप्पो इंडिया ने कहा, पॉवर एवं परफॉर्मेंस लैब की स्थापना भारत में संपूर्ण प्रोडक्ट डेवलपमेंट का परिवेश विकसित करने का हमारा सपना पूरा करने की दिशा में तीसरा महत्वपूर्ण कदम है। मौजूदा समय की चुनौतियों व अनिश्चितताओं के खिलाफ आशा और प्रेरणा का संचार करने वाले हमारे ह्यह्यइंस्पिरेशन अहेडह्रह्र के उद्देश्य के साथ हम स्मार्टफोन के लिए इनोवेशन से लेकर मैनुफैक्चरिंग तक भारत में करके सेल्फ-सस्टेनेबल परिवेश का निर्माण करने के लिए काम कर रहे हैं।

## इनोवेशन को बढ़ावा देने के मकसद के साथ, क्रॉम्पटन ने स्टार्टअप इंडिया के साथ पहला डिजाइन चैलेंज लॉन्च किया

चंडीगढ़ : क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूपमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अत्याकधुनिक नवाचारों के लिए नई राह बनाते हुए, स्टार्टअप इंडिया के साथ साझेदारी में अपना पहला स्टार्टअप इंडिया डिजाइन चैलेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। स्टार्टअप इंडिया भारत में उद्यमिता का सबसे बड़ा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। इस प्रतियोगिता को उभरते स्टार्टअप्स और उद्यमियों को नवीनतम तकनीक की पहचान करने और नए-नए बिजनेस आइडियाज को सामने लाने के लिए बनाया गया था, जिससे उपभोक्ता इलेक्ट्रिक इंडस्ट्रीज का भविष्य पूरी तरह बदल जाएगा और उपभोक्ताओं के जीवनस्तर में सुधार आएगा। प्रतियोगिता के टॉप 4 फाइनलिस्ट्स को क्रॉम्पटन के साथ मिलकर प्रॉडक्ट्स का निर्माण करने, नया आविष्कार करने और उनके साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। इससे वह किसी खास उद्देश्य से विशिष्टक रूप से निर्मित नवाचार कर सकेंगे और अपने कारोबार की क्षमता को अगले स्तर तक बढ़ा सकेंगे। इससे वह क्रॉम्ट्नवान के तकनीक भागीदार, संरक्षक और आपूर्तिकर्ता बन सकेंगे। इसके अलावा फाइनलिस्ट को कुल 12 लाख का अतिरिक्त नकद अनुदान किया जाएगा। इससे उन्हें देश के सबसे बड़े उपभोक्ता उत्पादों के ब्रांड्स में से एक में अपनी विश्वअसनीयता के साथ कारोबार का सहज रूप से संचालन करने की क्षमता बढ़ेगी। चुनिंदा प्रतियोगियों या शॉर्टलिस्ट किए गए टॉप 4 इनोवेटर्स को क्रॉम्पटन की इंजीनियरिंग मजबूती का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। उन्हें किसी अवधारणा या प्रक्रिया का विकास कर प्रॉडक्ट का प्रारंभिक सैंपल या मॉडल बनाने के दौरान क्रॉम्पटन के मिलकर स्वदेशी समाधान विकसित करने का मौका मिलेगा। उन्हें कंपनी की उन्नत तकनीक और अनुसंधान की सेवाओं का लाभ मिलेगा। अपने कारोबार के बारे में वह सलाह ले सकेंगे और अपने प्रॉडक्ट्स के लिए ग्राहक खोज सकेंगे। इससे उन्हें अपने प्रॉडक्ट का सत्यापन करने में भी मदद मिलेगी। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यू मर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट-इनोवेशन संजीव अग्रवाल ने नई पहल के बारे में बताते हुए कहा, ह्लहम जितना सोचते हैं, समय उससे ज्याटदा तेजी से आगे बढ़ रहा है। तकनीक काफी तेजी से प्रगति कर रही है। हर साल नए-नए नवाचार और क्रांतिकारी उत्पोद आ रहे हैं। इस पहल के माध्यम से क्रॉम्पटन की भारत में स्टार्ट अप और उद्यमिता का नया आंदोलन का सूत्रपात करने और उसे बढ़ावा देने में गहरी दिलचस्पी दिखा रहा है। मौजूदा समय में देश का स्टार्टअप इकोसिस्टम भविष्य में होने वाली क्रांति की दहलीज पर खड़ा है। यही वह समय है, जब हमें मेक इन इंडिया के तहत बने प्रॉडक्ट्स को साझेदारी के तहत बढ़ावा देने के लिए फैसला लेना चाहिए। इसके साथ ही प्रतिभाशाली लोगों को नए-नए आविष्कार करने के लिए मजबूती प्रदान करनी चाहिए। अपने तरह के अनोखे प्रोग्राम डिजाइन चैनल की लॉन्चिंग से क्रॉम्पटन का लक्ष्य नई-नई खोज करना, उनका पोषण करना और भारत में उभरती भविष्य की तकनीक को बढ़ावा देना है। यह हमारी ब्रांड की विचारधारा बियोंड इनोवेशनह्व की पुष्टि करता है।

## दुगरी मे बन रही गैर कानूनी बिल्डिंग और लग रहे गैर कानूनी समर्सिबल पर उठाए सवाल

» **हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता**



लुधियाना: दुगरी फेस वन में गैर कानूनी तरीके से बन रही बिल्डिंग और गैर कानूनी तरीके से लग रहे समर्सिबल को लेकर समाज सेवक राजिंदर सिंह ने ग्लाडा के अधिकारियों और नगर निगम के अफसरों को फरबरी में शिकायत करी थी मगर अभी तक किसी भी अफसर ने कोई भी कारवाही नहीं की राजिंदर सिंह ने बताया कि नगर निगम के अधिकारी ने जवाब दिया कि अगर वो 12 साल की फीस जमा करवा दी जाएगी तो समर्सिबल लगाने वाले पर कोई कार्रवाई नहीं होगी उसको पिछले खाते में डाल दिया जाएगा इस संबध में जब ग्लाडा सी ए से बात हुई तो उन्होंने कहा मैं चैक करवा देता हूं मगर किसी भी डिपार्टमेंट द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है आज राजिंदर सिंह ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी उन्होंने कहा कि इस बारे राष्ट्रीय हरित अधिकरण विभाग को भी शिकायत कर दी गई है फिर भी कुछ ना हुआ तो हाईकोर्ट का दरवाजा जल्द खटकाएगे इस संबध में जब नगर निगम के ए टी पी बेदी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि नगर निगम का एरिया नही ग्लाडा के अंदर है जब ग्लाडा के सी ए संदीप से बात हुई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही सख्त कार्रवाई होगी ।

## इंस्टाग्राम पर पाबंदी के बावजूद हो रहा है ई-सिगरेट का प्रचार - सर्वेक्षण से हुआ खुलासा

चंडीगढ़ : भारत में 2019 में प्रतिबन्ध लगने के बाद से पूरे देश में युवा इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम्स (ईएनडीएस) और हीटेड टोबैको उत्पादों (एचटीएन) का सीमित प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप, फेसबुक, टिकटॉक और ट्विटर पर इन उत्पादों के लिए प्रचार की गतिविधियाँ देखी हैं। इन निष्कर्षों का खुलासा फरवरी 2022 में संचालित एक राष्ट्र-स्तरीय सर्वेक्षण से हुआ है। यह सर्वेक्षण कैंपेन फॉर टोबैको-फ्री किड्स द्वारा चेयर ऑन कंज्यूमर लॉ एंड प्रैक्टिस, नैशनल लॉ स्कूल इंडिया यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित किया गया था। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य भारत में सितम्बर 2019 में ई-सिगरेट, हीटेड तम्बाकू उत्पाद (एचटीएन) और अन्य इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम्स (ईएनडीएस) पर पाबंदी लगने के बाद से इनके प्रयोग, सुलभता, और मार्केटिंग का आंकलन करना था।18 से 35 वर्ष आयु के बीच के कुल 4,049 युवा वयस्कों से यह समझने के लिए बातचीत की गई कि नवम्बर 2019 में प्रभावकारी प्रतिबन्ध लगने के बाद इन उत्पादों के प्रयोग और सुलभता की क्या स्थिति है।

94% उत्तरदाताओं ने ई-सिगरेट या अन्य ईएनडीएस का प्रयोग कभी नहीं किया है। केवल 4% ने प्रतिबन्ध लागू होने के बाद ई-सिगरेट और अन्य ईएनडीएस का प्रयोग करते रहने की बात कही। इन उत्पादों का प्रयोग करने वालों ने कहा कि वे सामाजिक कारणों से (50%) ई-सिगरेट/एचटीएन/ईएनडीएस उत्पादों का प्रयोग कर रहे हैं। इनके बाद स्वाद के लिए(27%) और तम्बाकू उत्पाद को रिप्लेस करने या इसका प्रयोग कम करने के लिए (24%) का स्थान है। ईएनडीएस उत्पादों के लिए सुलभता और मार्केटिंग एक्सपोजर के प्रयोग पर सीटीएफके की क्षेत्रीय निदेशक (दक्षिण एशिया प्रोग्राम), सुश्री वन्दना शाह ने कहा कि, ह्लदुनिया भर के देश विनियामक पद्धति के रूप में ई-सिगरेट/एचटीपी पर भारत के व्यापक प्रतिबन्ध की पुष्टि करते रहे हैं, फिर भी इसकी प्रभावकारिता के बारे में कुछ सन्देश भी व्यक्त करते रहे हैं। इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण के नतीजे काफी उत्साहवर्धक हैं, जैसा कि 90% युवाओं के कहा है कि उन्होंने इन नए उत्पादों का कभी भी प्रयोग नहीं किया है। हालांकि, सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से बढ़ती मार्केटिंग से युवाओं को बचाने के लिए लगातार सतर्कता जरूरी है।ह्वसर्वेक्षण के अनुसार इन उत्पादों की सुलभता के मामले में सबसे प्रमुख राज्य के रूप में कर्नाटक (38.1%) उभर कर आया है, जिसके बाद महाराष्ट्र (12.4%), तमिलनाडु (9.3%), उत्तर प्रदेश (6.7%) और केरल (6.5) का स्थान है। ई-सिगरेट खरीदने का प्रमुख स्त्रोत पान की दुकान या भारतीय ऑनलाइन खुदरा विक्रेता हैं, जबकि देश में इन उत्पादों पर प्रतिबन्ध लागू है।नैशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बैंगलोर के कानून के प्रोफेसर, डॉ. अशोक पाटिल ने कहा कि, ह्लभारत में इन उत्पादों पर पाबंदी लगाने के पीछे सरकार की मंशा सपष्ट थी, युवाओं को इन व्यसनकारी उत्पादों का प्रयोग आरम्भ करने से बचाना। सर्वेक्षण के निष्कर्षों से भारत में इन प्रतिबंधित उत्पादों की उपलब्धता रोकने के लिए और ज्यादा सख्त प्रवर्तन की जरुरत की पुनः पुष्टि होती है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स पर विज्ञापन की विषयवस्तुओं की नियमित निगरानी की जानी चाहिए। प्रतिबन्ध का उल्लंघन करने वाली कंपनियों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन्हें युवाओं को लुभाने से रोकने के लिए उनपर सख्त कारवाई करनी चाहिए।ह्व

## मासिक काव्य गोष्ठी में चला कविताओं का दौर

» **मदरलैंड संवाददाता**




चंडीगढ़। राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच, पंचकुला, हरियाणा इकाई की ओर से एक मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन जूम पलेटफोरम पर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक काव्य मच, पश्चिम बंगाल की अध्यक्ष श्रीमति अर्चना शर्मा नेपाल उपस्थित रहे। मंच संचालन व गोष्ठी की अध्यक्षता, हरियाणा इकाई के सरंक्षक गणेश दत्त बजाज ने की । गोष्ठी की शुरूआत में कविवर गणेश दत्त माँ सरस्वती की आराधना से किया। उन्होने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और कैलिफोर्निया अमेरिका से जुड़ी सुविख्यात कवियत्री डॉ अर्चना पांडा जी का और प्रेम विज का जुडने हेतु विशेष धन्यवाद किया।

तत्पश्चात कवि गोष्ठी की शुरूआत हुई । गोष्ठी में रेणु अब्बी रेणु, रजनी पाठक, सुनीता नैन, अमेरिका से जुड़ी रजनी पाठक जी, प्रतिभा गुप्ता माही, डॉ अर्चना शर्मा नेपाल जी व डॉ अर्चना पंडा जी व गणेश दत्त, प्रेम विज ने सुमधुर स्वर में, अलग अलग विषयों पर कविताएं, गीत, गजलें सुनाईं। बहुत ही सार्थक गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित अर्चना शर्मा जी ने मुख्य अतिथि के रूप मे सम्बोधन के बाद सार्थक कविता पाठ किया और हरियाणा इकाई की पंचकुला द्वारा किए गए इस आयोजन की बहुत तारीफ की।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# स्त्री-पुरुष के अधिकारों का द्वंद 'मैरिटल रेप'



**प्रभुनाथ शुक्ल**

'मैरिटल रेप' अब सिर्फ एक शब्द नहीं, हाल के दिनों में स्त्री अधिकार और उसके विमर्श का केंद्र बन गया है। भारत जैसे उदार देश में एक तरफ तीन तलाक और हालाला जैसी कुप्रथाएं पुरुष के एकाधिकार को साबित करती हैं। वहीं ह्यमैरिटल रेपह्ल यानी वैवाहिक बलात्कार भी स्त्री अधिकारों का दमन है। यह समाजिक बिद्रुपता और कुरूपता है। इसके पीछे पुरुष एकाधिकार की गंध आती है। महिलाओं को सिर्फ समर्पण, त्याग, दया और ममता की प्रतिमूर्ति समझना कहाँ का न्याय है। स्त्री और पुरुष अर्धनारिश्वर है। दोनों के बिना किसी एक का अस्तित्व नहीं है। आधुनिक युग में जहाँ 'लिव इन रिलेशन' जैसी गैर सामाजिक संस्थाओं का उदय हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ वैवाहिक जीवन में सहमति और असहमति के बीच 'सेक्स' स्त्री और पुरुष के बीच द्वंद की दीवार बना है।

वैवाहिक जीवन में 'बलात्कार शब्द' का औचित्य ही नहीं होना चाहिए। विवाह जीवन की पहली सहमति है। वह स्त्री-पुरुष के आपसी समझौते का संस्थागत दस्तावेज है। दोनों के बीच ह्यदैहिक संतुष्टिह्ल एक प्राकृतिक शाश्वत सत्य है। दैहिक संतुष्टि पर जितना प्राकृतिक अधिकार स्त्री का है उतना ही पुरुष का है। इस सत्य के पीछे सृष्टि संरचना का एक अनूठा संसार भी है। क्या हम ऐसे विवादों को खड़ा कर जीवन संरचना के ह्यशाश्वत सत्यह्ल को ही मिटाने पर तुले हैं। क्या हम प्राकृतिक सत्य को ही नकारने पर अमादा हैं। वैवाहिक जीवन में ह्यदैहिक संतुष्टिह्ल स्त्री-पुरुष का प्राकृतिक अधिकार है। इसे सिर्फ स्त्री विमर्श और उसके अधिकार के रूप में नहीं विश्लेषित किया जाना चाहिए। फिलहाल ऐसी बहस कितनी जायज है जब जीवन की निजी आजादी की आड़ में विवाह पूर्व 'उन्मुक्त सेक्स' की संस्कृति पनप रहीं है।

दिल्ली उच्च न्यायालय में 'मैरिटल रेप' यानी वैवाहिक बलात्कार का मामला लंबित है। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार से अपना पक्ष रखने को कहा था। लेकिन सरकार इस मामले में अदालत से अभी लंबा वक्त चाहती है। अदालत उसके लिए तैयार नहीं दिखती है, उसने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जबकि केंद्र सरकार सभी राज्यों और दूसरी संवैधानिक संस्थाओं से इस पर विमर्श चाहती है। स्त्री-पुरुष संबंधों को लेकर वर्षों पुराना कानून बदले परिवेश में अप्रासंगिक हो चला है। ह्यमैरिटल रेपह्ल को अपराध घोषित कर दिया गया तो विवाह नाम की संस्था खतरे में पड़ जाएगी। समाज में एक नई तरह की समस्या पैदा हो जाएगी। देश में बलात्कार को लेकर भी तमाम कानून बने हैं उस स्थित में क्या हम बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य पर प्रतिबंध लगा पा रहे हैं। लेकिन हम यह भी नहीं कहते हैं कि स्त्री अधिकारों की रक्षा न हो। फिलहाल इस तरह के कानून से विवाह जैसी संस्था के लिए खतरा बढेगा।

स्त्री-पुरुष के जीवन में ह्यबलात ह्यशब्द की कोई जगह ही नहीं है। विवाह कोई ह्यकांट्रैक्टह्ल नहीं है। यह जीवन जीने की पद्धति है। जीवन में सब कुछ सेक्स है यह भी गलत है। सेक्स यानी यौन संतुष्टि जीवन का आनंद और सृष्टि का सर्जक है। कुलीन स्त्री-पुरुष के संस्कारित जीवन में सहमति और असहमति की बात ही नहीं पैदा होती। जीवन में तमाम ऐसे वक्त और मोड़ आते हैं जहां सेक्स बहुत कुछ होते हुए भी कुछ नहीं होता। वैवाहिक संस्था गौड़ हो जाती है और परिवार प्रथम होता है। यह देश, काल, वातावरण और परिस्थिति जन्य हालात पर निर्भर करता है। संविधान में ह्यमैरिटल रेपह्ल अपराध की श्रेणी में नहीं है। पुरुष के खिलाफ इस पर किसी सजा का प्रावधान नहीं है। वैवाहिक जीवन में ह्यसेक्सह्ल जीवन का आनंद है। लेकिन सेक्स में स्त्री और पुरुष की सहमति आवश्यक है। क्योंकि ह्ययौन संतुष्टिह्ल जीवन की संतुष्टि है। फिर इसमें असहमति का प्रवेश ह्यमैरिटल रेपह्ल में आता है। इस मुद्दे को एक विवेकशील स्त्री-पुरुष आपस में समझ सकते हैं। अदालत का एक फैसला सिर्फ कानून बन सकता है लेकिन जीवन में साहमति और संतुष्टि नहीं पैदा कर सकता।



वैवाहिक जीवन की सफलता, संतानोत्पत्ति, संतान सुख और विभिन्न बातें जीवन की सफलता के आयाम है। जबकि यौन संतुष्टि स्त्री-पुरुष के सुखमय जीवन और पारिवारिक का परिपथ है। ऐसी स्थिति में हम यौन संतुष्टि को जीवन से अलग नहीं कर सकते हैं। विवाह जैसी पवित्र संस्था में प्रवेश के बाद ही स्त्री-पुरुष का जीवन परिवार नामक की संस्था में प्रवेश करता है। उस संस्था को सृष्टि परिवार नामक संस्था में बदलकर देश और समाज का निर्माण करती है। स्त्री-पुरुष के जीवन में असहमति तमाम दुष्परिणामों का फल देती है। यौन संतुष्टि के लिए स्त्री को सिर्फ सेक्स की मशीन नहीं समझना चाहिए। मेरा जहाँ तक ख्याल है संस्कारित जीवन में ऐसी बातें होती भी नहीं हैं।

वैवाहिक जीवन में हमें स्त्री के अधिकार की संपूर्ण रक्षा करनी चाहिए। पुरुष, स्त्री पर एकाधिकार चाहता है। जबकि अब परिवेश बदल गया है स्त्री स्वावलम्बी हो चली है उस हालात में वह पुरुष के एकाधिकार पर खुद को क्यों समर्पित करेगी। जब उसका पति रोज नशे में घर पहुँचता है और खुद की यौनिक संतुष्टि को जीवन की मंजिल मानता हो। उसके लिए स्त्री की भावनाएं और बाल-बच्चे और परिवार की समस्याएं कोई मायने नहीं रखती। हालांकि ह्यमैरिटल रेपह्ल को अगर अदालत कानूनी मान्यता देती है तो स्त्री अधिकार को कानूनी रक्षा कवच मिल जाएगा, लेकिन इससे समाजिक विद्रूपता फैलने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

ह्यमैरिटल रेपह्ल स्त्री-पुरुष के बीच एक मनोविकार है। जीवन में संतुष्टि का आनंद तभी मिलता है जब स्त्री और पुरुष के बीच सहमति होती है। इस तरह की संतुष्टि सेक्स को कई गुना बढ़ाती है। लेकिन असहमति में तमाम विद्वेष और विकारों को जन्म देती है। इस तरह की हरकत से स्त्री की निगाह में पुरुष गिर जाता है। उस स्त्री की नजरों में देवता बना पति दानव बन जाता है। पुरुष को इस तरह के हालातों से बचना चाहिए। वैवाहिक संस्था का यह शर्मनाक पहलू है। जब यौन संतुष्टि यौन हिंसा में बदल जाए तो स्त्री-पुरुष संबंध अच्छे नहीं हो सकते। सफल वैवाहिक जीवन में यौन हिंसा का कहीं स्थान नहीं होना चाहिए। यौन हिंसा ही तलाक और दूसरे मुद्दों का कारण बनती है।

भारत में 29 फिसदी महिलाएं वैवाहिक जीवन में यौन हिंसा का शिकार है। गांव और शहर में इसका अंतर साफ-साफ दिख सकता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के एक आंकड़े अनुसार यौन हिंसा का सबसे अधिक प्रभाव ग्रामीण इलाकों में देखने को मिलता है। ग्रामीण इलाकों में 32 फिसदी और शहरों में 24 फिसदी महिलाएं वैवाहिक जीवन में यौनिक हिंसा का शिकार हैं। महिलाओं को ऐसी हिंसा से बचने के लिए डॉमेस्टिक वायलेंस एक्ट ( घरेलू हिंसा कानून) भी है। दुनिया के 185 देशों में सिर्फ 77 में ह्यमैरिटल रेपह्ल पर कानून बना है। बाकी 108 देश में 74 देश ऐसे हैं जहां महिलाओं को रिपोर्ट दर्ज कराने का अधिकार है। भारत के समेत 34 देशों में मैरिटल रेप को लेकर कोई कानून नहीं है। आधुनिक परिवेश में यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। क्योंकि विवाह नामक संस्था को बनाए रखना भी हमारी सामजिक चुनौती है। हम एक अच्छी स्त्री चाहते हैं, लेकिन हमें एक अच्छा पुरुष भी बनना होगा। अदालत के किसी भी फैसले का असर समाज पर दूरगामी हो सकता है। सरकार और संवैधानिक संस्थाओं को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा।

## संपादकीय

# तनाव में इजाफा



यूक्रेन के साथ बातचीत बेनतीजा रहने के बाद रूस ने संभवतः कीव पर बड़ा धावा बोलने की तैयारी कर ली है। रूसी सेना का विशाल काफिला यूक्रेन की राजधानी कीव की ओर बढ़ रहा है। अमेरिकी कंपनी मैक्सर टेक्नोलॉजी ने उपग्रह तस्वीरों के जरिए यह खुलासा किया है। यह काफिला 64 किलोमीटर लंबा बताया गया है। कीव पहले ही कई रूसी हमलों को विफल कर चुका है। इसे देखते हुए लग रहा है कि रूस ने अब इस पर कब्जे की निर्णायक तैयारी कर ली है। यह काफिला उत्तरी कीव की ओर जा रहा है। काफिले में सेना के ट्रक, बख्तरबंद वाहन, टैंक व सैनिक शामिल हैं। एक दिन पहले रूसी सेना ने आम नागरिकों से कीव छोडने को भी कहा था। रूस-यूक्रेन के बीच छह दिनों से जंग जारी है। रूस व यूक्रेन के बीच सोमवार को पहली बार सीधी बातचीत भी हुई, लेकिन वह बेनतीजा रही। रूस जहां यूक्रेन को हथियार डालने पर अडिग है वहीं, यूक्रेन रूसी फौज की वापसी पर। रूस के राष्ट्रपति पुतिन द्वारा अपनी परमाणु फौजों को तैयार रहने के निर्देश से भी चिंता बढ़ गई है। लगातार बढ़ते तनाव के बीच यूक्रेन में मौजूद भारतीय दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों को तुरंत कीव छोडने को कहा है। दूतावास की तरफ से जारी इमरजेंसी एडवाइजरी में कहा गया है कि भारतीय जिस हाल में हैं, उसी स्थिति में तुरंत शहर से बाहर निकल जाएं। वहीं यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए अब भारतीय वायु सेना की मदद ली जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरफोर्स के अफसरों से कम समय में अधिक लोगों को निकालने के लिए मदद करने को कहा है। भारतीय वायु सेना ऑपरेशन गंगा में कई सी-17 विमान तैनात कर सकती है। सी-17 ग्लोबमास्टर ने अफगानिस्तान में अशांति के दौरान 640 लोगों को लेकर उड़ान भरी थी। भारतीय वायुसेना ने सी-17 ग्लोबमास्टर विमान से भारतीयों को काबुल से दो बार एयरलिफ्ट किया था। भारत के पास 11 सी-17 ग्लोबमास्टर विमान हैं। इस विमान का बाहरी ढांचा इतना मजबूत है कि इस पर राइफल और छोटे हथियारों की फायरिंग का कोई असर नहीं होता है। रूसी सेना ने यूक्रेन की राजधानी कीव को चारों ओर से घेर रखा है। इस बात की आशंका है कि जल्द ही रूसी सेना कीव पर कब्जा करके वहां की सत्ता पर एक कठपुतली सरकार को बिठा सकती है। ऐसा होता है तो यूक्रेन में इस कठपुतली सरकार को बचाए रखना रूस के लिए काफी मुश्किल होगा। इसकी मुख्य वजह यह है कि यूक्रेन ईस्ट और वेस्ट में बंटा हुआ है। ईस्ट में रूसी भाषा बोलने वालों की संख्या अच्छी खासी है। ऐसे में यहां तो कठपुतली सरकार को समर्थन मिलेगा, लेकिन वेस्ट में यूक्रेनियन ज्यादा रहते हैं। इसलिए यहां इसका कड़ा विरोध होगा। यही वजह है कि इस जंग ने 1989 की उस घटना की याद ताजा कर दी है, जब दूसरे विश्व युद्ध के बाद जर्मनी का जीता हुआ हिस्सा लोगों के विरोध के चलते रूस के हाथ से निकल गया था। जर्मनी की तरह ही यूक्रेन भी दो हिस्सों में बंटा हुआ है। पूर्वी यूक्रेन के कुछ हिस्से में रूसी भाषा बोलने वालों की तदाद ज्यादा है। वहीं, पश्चिमी यूक्रेन में मूल यूक्रेनियन की तदाद ज्यादा है।

# संकट में अनेक जैव प्रजातियों का जीवन-चक्र



**योगेश कुमार गोयल**

**समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्ल में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ह्यविश्व वन्यजीव दिवसह्ल के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।**

वन्यजीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 3 मार्च को ह्यविश्व वन्यजीव दिवसह्ल मनाया जाता है।



जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंतुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरूद्ध कारवाई करना शामिल हैं।

समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्ल में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ह्यविश्व वन्यजीव दिवसह्ल के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्ल पुस्तक में विस्तार से यह बताया गया है कि ब्रिटिश काल से ही भारत में किस प्रकार वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में ह्यवाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्टह्ल बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए ह्यभारतीय वन अधिनियमह्ल अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में ह्यभारतीय वन अधिनियमह्ल पारित किया गया और 1972 में देश में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने तथा अवैध शिकार, तस्करी और अवैध व्यापार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ह्यवन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972ह्ल लागू किया गया। वर्ष 1983 में वन्य जीव संरक्षण के लिए ह्यराष्ट्रीय वन्य जीव योजनाह्ल शुरू की गई, जिसके तहत वन्य जीवों को इंसानी अतिक्रमण से दूर रखने और उनकी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पार्क और वन्य प्राणी अभयारण्य बनाए गए। जनवरी 2003 में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया गया और अधिनियम के तहत अपराधों के लिए जुमार्ना तथा सजा को अधिक कठोर बना दिया गया। बहरहाल, प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह समझना बेहद जरूरी है कि वन्य जीवों का संरक्षण हमारी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि वन्य प्राणियों की विविधता से ही धरती का प्राकृतिक सौन्दर्य है। लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

# यूक्रेन: भारत पहल क्यों न करे?



**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

यूक्रेन में चल रहे युद्ध पर भारतीय लोगों की नजरें शुरू से गड़ी रही हैं लेकिन एक भारतीय छात्र की मौत ने देश के प्रचारतंत्र को हिलाकर रख दिया है। भारत सरकार की तरह भारत की जनता भी अब तक बिल्कुल तटस्थ थी। वह रूस और यूक्रेन के इस युद्ध को एक तटस्थ दर्शक की तरह देख रही थी लेकिन कर्नाटक के छात्र नवीन की हत्या रूसी गोली से हुई है, इस खबर ने सारे देश में रोष पैदा कर दिया है। लोगों ने यूक्रेन-युद्ध को अब अपनी आखें तरेरकर देखना शुरू कर दिया है। भारत से रूस के एतिहासिक गहन संबंधों के बावजूद अब लोगों ने रूसी हमले की आलोचना शुरू कर दी है। सरकार को तो अपने राष्ट्रहितों की चिंता करनी है लेकिन आम लोग किसी भी मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण शुद्ध नैतिक आधार पर बना सकते हैं। लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि यूक्रेन-जैसे सार्वभौम और स्वतंत्र राष्ट्र पर इस तरह का हमला करने का अधिकार रूस को किसने दिया? यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। इससे भी ज्यादा, भारत के लाखों लोग इस बात से खफा हैं कि उनके हजारों नौजवान यूक्रेन के विभिन्न शहरों में अपनी जान नहीं बचा पा रहे हैं। यह तो एक छात्र को गोली लगी है तो यह खबर सार्वजनिक हो गई लेकिन जो छात्र बंकरों में छिपकर अपनी जान बचा रहे हैं, उनको पेटभर रोटी और पीने



को पानी तक नसीब नहीं है, उनका क्या होगा? पता नहीं, हमारे कितने छात्र भूख से मर जाएंगे, कितने यूक्रेन की सीमा पैदल पार करते हुए कुरबान हो जाएंगे और कितने ही रूसी बमों और गोलियों के शिकार होंगे। हमारे सैकड़ों छात्रों के फोटो भी प्रसारित हुए हैं, जो यूक्रेन की भयंकर ठंड में मौत के कगार पर पहुंच रहे हैं। हमारी सरकार इन छात्रों की सुरक्षा की जी-तोड़ व्यवस्था कर रही है लेकिन यदि वह सतर्क होती तो यह पहल वह दो हफ्ते पहले ही कर डालती। मुझे खुशी है कि तीन-चार दिन पहले मैंने वायु सेना के इस्तेमाल का जो सुझाव दिया था, उस पर सरकार ने अब अमल शुरू कर दिया है। अब संयुक्तराष्ट्र महासभा और मानव अधिकार परिषद में भी वह क्या मौन धारण किए रहेगी? उसने फिलहाल, यह अच्छा किया है कि वह यूक्रेन को सीधी सहायता पहुंचा रही है जैसी कि उसने तालिबानी अफगानिस्तान को पहुंचाई थी। रूस और यूक्रेन या रूस और नाटो के बीच उसकी तटस्थता पूर्णरूपेण राष्ट्रहितसम्मत और तर्कसम्मत है लेकिन यही गुण उसे सर्वश्रेष्ठ मध्यस्थ बनने की योग्यता प्रदान करता है। वह रूस और अमेरिका, दोनों को अब भी समझा सकता है कि वे इस युद्ध को बंद करवाएं। यदि यह युद्ध लंबा खिंच गया तो रूस और यूक्रेन की बबार्दी तो हो ही जाएगी, जो बाइडन और पूतिन की प्रतिष्ठा भी पैंदे में बैठ जाएगी। यूक्रेन की जनता और उसके राष्ट्रपति झेलेंस्की अभी तक डटे हुए हैं, यह अपने आप में बड़ी बात है। भारत सरकार उनसे भी सीधे बात कर सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

संक्षिप्त समाचार

## 4 मार्च को आरजेडी के युवा प्रदेश अध्यक्ष बुलो मंडल आएंगे- नरपतगंज विधानसभा



मदरलैण्ड संवाददाता, पटना। आगामी एम एल सी चुनाव एवं सदस्यता अभियान को लेकर 4 मार्च को राष्ट्रीय जनता दल के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बुलो मंडल, प्रदेश अध्यक्ष कारी सोहेब, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय सिन्हा, युवा प्रदेश प्रवक्ता अरुण यादव एवं प्रदेश महासचिव श्याम यादव नरपतगंज विधानसभा आ रहें हैं। प्रदेश महासचिव विजय सिंह यादव ने बताया कि भरगामा प्रखंड के मध्य विद्यालय गजबी शंकरपुर सदस्यता अभियान आयोजन किया जाएगा साथ ही नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से आगामी एमएलसी चुनाव के विषयवस्तु पर चर्चा की जाएगी।

## मनीष बने टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के व्याख्याता, परिजनों में खुशी, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। खोदावंदपुर प्रखंड के बजही गांव के मनीष कुमार टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के व्याख्याता पद पर चयनित हुए हैं. बजही निवासी स्व राम उदय महतो के पुत्र मनीष को बीपीएससी की प्रतियोगिता परीक्षा में यह सफलता मिली है. व्याख्याता पद पर मनीष के चयन से उनके परिजनों में काफी खुशी है. ग्रामीण क्षेत्र में पले बढ़े मनीष की इस सफलता पर सेवानिवृत शिक्षक शंकर महतो, चंद्रशेखर महतो, राम कुमार महतो, राजेश कुमार के अलावे कई सामाजिक कार्यकताओं ने अपनी प्रसन्नता जताई है. बताते चलें कि मनीष का चयन पूर्व में उच्च विद्यालय मंसूरचक में शिक्षक के पद पर हुआ था. जहां वह अपनी सेवा दे रहे थे.

## विधान मंडल के बजट सत्र का तीसरा दिन: बाहर प्रदर्शन अंदर विधायकों ने उठाये ये गंभीर मामले




बिहार विधान मंडल के बजट सत्र का बुधवार को तीसरा दिन है. सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले ही भाकपा–माले और कांग्रेस के सदस्यों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी बुधवार को सदन की कार्यवाही में भाग लेने विधान सभा पहुंचे हैं. बीते सोमवार को बजट पेश होने के दिन नेता प्रतिपक्ष मौजूद नहीं थे. इस दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता अजीत शर्मा ने किसानों की हकमारी का सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार सरकार ठीक से शराबबंदी लागू नहीं कर पा रही है. सरकार शराबबंदी नहीं कर पा रही है तो शराब को पूरी तरह से चालू कर दे. उसकी कीमत दोगुनी और तीन गुनी निर्धारित कर दे. इससे आने वाले पैसा का इस्तेमाल सरकार कल कारखाने में लगा दे. विधानसभा में विधायक अजय कुमार समेत कई विधायकों ने आरोप लगाया कि सड़क से जुड़े सवाल पूछे गए और विभाग मंत्री पर गलत जवाब देने का भी आरोप लगाया. इस दौरान सत्यदेव राम, महबूब आलम, महानंद सिंह, अजय कुमार, मनोज मंजिल, रामबली सिंह यादव, अरुण सिंह, अवध बिहारी चौधरी, आलोक कुमार मेहता, अमरजीत कुशवाहा और अजीत शर्मा कार्य स्थगन प्रस्ताव लेकर भी आए. हालांकि, इन सभी के प्रस्ताव को विधानसभा अध्यक्ष ने अस्वीकार कर दिया. इसके बाद सभी विपक्षी सदस्य खड़े हो गए और विरोध दर्ज करने लगे. माले विधायक दल के नेता महबूब आलम विरोध करते करते सभा के वेल में आ गए. उन्होंने बेलागंज का मामला उठाया और कहा कि पुलिस पर पीड़िता के पिता को भरोसा नहीं है. उसके पिता को दबंग के बाप के पास जाना पड़ता है. जवाब में दो दिन बाद बेटी की लाश मिलती है.

# खेल से बढ़ती है प्रतिस्पर्धा और निखरती है प्रतिभा, नुरुल्लाहपुर में कोहिनूर क्रिकेट टुनामेंट का किया गया आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। खेल मानव जीवन की वह पहलू है, जिससे लोगों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है. खेल के दौरान लोगों में एक दूसरे से आगे बढ़ने की होड़ होती है. जिससे उनकी प्रतिभा निखरती है. उपर्युक्त बातें बीडीओ राघवेंद्र कुमार ने सागी पंचायत के नुरुल्लाहपुर में बुधवार को कोहिनूर क्रिकेट क्लब के सौजन्य से क्रिकेट टूनामेंट कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहीं. उन्होंने कहा किसी भी खेल में जीत से जहां लोगों का आत्मविश्वास बढ़ता है. वहीं हार का सबक लेकर लोगों में आगे बढ़ने की उत्कंठा जागृत होती है. उन्होंने कहा कि लोगों की सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और व्यवहारिक ज्ञान साथ खेल भी जरूरी है. इससे शरीर में तंदरुस्ती और फुर्ती के साथ कामयाबी पाने एक मजबूत आधार मिलता है. खेल में जीत और हार दोनो जरूरी है. जीत के बाद ज्यादा इठलाना नहीं चाहिए और हार के बाद लोगों को हतोत्साहित नहीं होना चाहिए. जीत के बाद ज्यादा इठलाने से खिलाड़ी लापरवाही पूर्वक पूर्वाभ्यास करता है. वहीं हार से सबक लेकर खिलाड़ी में पूर्वाभ्यास की होड़ लग जाया करती है. परिणाम पहले जीत चुके खिलाड़ी को हार का सामना करना पड़ता है. वहीं ग्रुप खेल की एक ऐसी प्रकृति है कि उनमें कोई जरूरी नहीं की जीतने वाले टीम को ही सम्मान मिलता है. कभी कभी हार स्वीकार करने के बाद भी उस टीम में कुछ एक खिलाड़ी ऐसे होते हैं. जिन्हें मैन ऑफ द मैच की उपाधि से नवाजा जाता है. हारने के बाद खासकर विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना चहिए और समझना चाहिए. यह उनको लचीलापन बनाता है. जो जीवन में उसकी सहायता करता है. बीडीओ ने कहा कि प्रतियोगिता किसी भी क्षेत्र में विद्यार्थियों से जुड़ा हुआ हो तो उसे वह आगे बढ़ने की भावना को बढ़ावा देती है. जिससे वह आने वाले कठिन समय में भी आसानी से मुकाबला कर विजय प्राप्त कर लेते हैं. बताते चले कि कोहिनूर क्रिकेट क्लब नुरूलाहपुर के द्वारा बुधवार को क्रिकेट टूनामेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आयोजित टुनामेंट का उद्घाटन बीडीओ राघवेंद्र कुमार, सीओ अमरनाथ चौधरी, थानाध्यक्ष सुदीन राम, उप प्रमुख नरेश पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. टूनामेंट का प्रथम दिन मालपुर और अरबाजहानपुर के बीच मैच खेला गया. जहां टॉस जीतकर मालपुर टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया. टूनामेंट के आयोजन में क्लब अध्यक्ष मोहम्मद सरफराज और सचिव सैयद नियाज हाशमी के अलावे चंदन दास, विश्वजीत कुमार, राजा कुमार, मोहम्मद शाही समेत अन्य महत्वपूर्ण लोगों का योगदान रहा. मौके पर सागी पंचायत के मुखिया इरशाद आलम, पंसस जुनैद अहमद, बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा, सरपंच नवीन प्रसाद यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद जियाउर्रहमान उर्फ सैफी समेत अन्य सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मौजूद थे.

## बथनाहा: महादेव मंदिर में 48 घंटा अष्टयाम रामधुनी संकीर्तन को सुनने के लिए श्रद्धालुओं का तांता



» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर फारबिसगंज प्रखण्ड के विभिन्न शिव मंदिरों मंगलवार से ह्यह्ण हरे राम .. हरे राम... राम राम ...हरे हरे ... हरे कृष्ण .. हरे कृष्ण ... कृष्ण कृष्ण ... हरे हरे ..ह्यह्ण 48 घंटा अष्टयाम रामधुनी संकीर्तन महादेव मंदिर प्रांगण में प्रारंभ हुआ। रामधुनी संकीर्तन से ग्राम में भक्तिमय माहौल बन गया है, भक्तगण रामधुनी पर झूमते नजर आ रहे हैं। रामधुनी संकीर्तन का श्रवण करने एवं भक्तिरस में गोता लगाने के लिए श्रद्धालुओं और भक्तजनों की भारी भीड़ भी उमड़ने लगी है।

सार्वजनिक शिव मंदिर कोशी शिविर के पक्कीकरण होने के बाद मंदिर अपनी भव्यता की ओर बढ़ रहा है। जब से इस मंदिर का निर्माण हुआ है, तब से बेलाही, सहवाजपुर, भद्रेश्वर मटियारी आदि और उसके दक्षिण की ओर जाने वाली गॉवों में बाबा की कृपा से सड़कों का जाल बिछने लगा है, जबकि इससे पूर्व इन गॉवों तक आने के लिए सड़क की स्थिति सही नही थी। और कई जगह सड़कें गायब भी थी। बाबा की कृपा से समाज नित्य समृद्ध हो रहे हैं। शिवभक्त सह पूजा कमेटी के कार्यकर्ता प्रभात सिंह ने कहा कि हमलोग समाज के सहयोग से हर वर्ष रामधुनी अष्टयाम संकीर्तन आयोजित करते हैं।

इससे पूर्व अष्टयाम की पूर्व संध्या पर शिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात भी निकाली गई थी। जो बथनाहा के प्रमुख टोलों और सड़क का भ्रमण करते हुए रात में शिव विवाह का उत्सव मनाया गया।

## पटना में पत्नी से पति परेशान.. थाने में लगाई इंसाफ की गुहार, अपने कुंवारे चाचा के साथ रहती है महिला




» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। पटना जिले के फतुहा थाने में पति-पत्नी के झगड़े का अनोखा मामला सामने आया है. यहां पत्नी के अत्यचार से तंग आ कर पति ने पुलिस से अपने ससुराल वालों से सुरक्षा की गुहार लगाई है. मामला सामने आने पर पुलिस भी हैरान रह गई. पुलिस फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल कर रही है. मामला धनरुआ थाना क्षेत्र के मिर्जाचक का है. पीड़ित व्यक्ति गुड्डू कुमार उर्फ भोंदू ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2003 में फतुहा थाना क्षेत्र के घोरनपुरा गांव में हुई थी. शादी के पांच साल तक सबकुछ ठीक ठाक रहा. उसके दो बच्चे भी हैं. अब पत्नी का व्यवहार बदल गया है. उसने साथ रहने से इनकार कर दिया. इसके बाद वह मायके में अपने एक कुंवारे चाचा के साथ रह रही है. दोनों बच्चों को भी वह साथ ले गई है. पति को बच्चों से मिलने नहीं देती. इस कारण वह काफी परेशान है. गुड्डू कुमार ने बताया है कि कई बार समाजिक व आपसी समझौता के लिए कई लोगों को बुलाया. उसके बाद पंचायत के सरपंच के पास भी गुहार लगाई, लेकिन पत्नी की जिद ऐसी थी कि सरपंच भी इस मामले में कुछ नहीं कर पाए. गुड्डू कुमार ने खुद ससुराल जाने का निर्णय लिया. मामला तो तब बिगड़ गया जब पत्नी को लाने अपने ससुराल गए तो चचेरा सासुर ने गालीगलौज कर भगा दिया. जान से मारने की धमकी भी दे दी. मजबूरी में पीड़ित ने इस बात की लिखित शिकायत मंगलवार फतुहा थाना में की. फतुहा थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.।

# जाप प्रदेश सचिव संजय सिंह ने सारण निकाय क्षेत्र से एमएलसी चुनाव लड़ने की घोषणा की

### कुटीर एवं लघु उद्योग लगवाकर युवाओं को रोजगार दिलाना होगा चुनावी

» मदरलैण्ड संवाददाता



सारण। तरैया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी व जनाधिकार पार्टी के प्रदेश सचिव संजय कुमार सिंह ने सारण निकाय क्षेत्र से एमएलसी का चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा की है। इसके पूर्व बनियापुर के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह के आवास पर कार्यकताओं एवं गणमान्य लोगों की बैठक कर एमएलसी चुनाव लड़ने के विषय में चर्चा की गई। सभी ने एक स्वर से सहमति बनाया की वर्तमान परिवेश में संजय कुमार सिंह एमएलसी पद के लिए योग्य प्रत्याशी होंगे और सभी का समर्थन रहेगा। इसलिए उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए।

इस दौरान पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह, गंगा बचाओ अभियान के प्रनेता विकास चंद्र उर्फ गुड्डू बाबा, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सौरभ कुणाल, पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता आर के शर्मा, जन अधिकार पार्टी के सारण जिला अध्यक्ष जेपी यादव, सुरजीत सिंह, त्रिपुरारी सिंह, हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता, तरैया से समाजसेवी आनंद मोहन सिंह उर्फ गार्ड साहब समेत दर्जनों वक्ताओं ने अपना अपना मंतव्य रखा।

सभी लोगों की सहमति बनने के बाद जिलेभर से आए हुए पत्रकारों के समक्ष प्रेस कॉन्फ्रेंस करके उन्होंने विमर्श-सभा में आए हुए लोगों का कोटि-कोटि धन्यवाद दिया एवं स्वयं के एमएलसी प्रत्याशी होने की घोषणा करते हुए जिला भर के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अपने पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। मौके पर अशोक सिंह, हाजी अमजद खान, गणेश राय, हेम बाबू राय, तरैया पूर्व प्रमुख मनोज सिंह, बनियापुर से समाजसेवी लड्डू सिंह समेत सैकड़ों जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धोखाघड़ी कर दूसरे की जमीन की हुई जमाबंदी, सूचना के अधिकार के तहत मामला हुआ उजागर

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। अंचल कर्मियों की मिलीभगत से दूसरे की जमीन की जमाबंदी करवा लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है. सूचना के अधिकार के तहत यह मामला प्रकाश में आया है. मामला उजागर होते ही कर्मियों में हड़कंप मच गया है. असली जमीन मालिक ने इस घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को देकर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है. यह मामला बरियारपुर पूर्वी पंचायत का है. बरियारपुर पूर्वी गांव निवासी व असली भूस्वामी स्व बाबू प्रसाद वर्मा के पुत्र विवेक कुमार उर्फ मंतोष ने डीएम, एसडीएम, सीओ एवं खोदावंदपुर पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. उसने बताया है कि थाना नंबर 77, बरियारपुर मौजा में स्थित उनकी जमीन की जमाबंदी नावकोठी थाना क्षेत्र के पीरनगर गम्हरिया गांव निवासी स्व ठक्कन महतो के पुत्र मकेश्वर महतो द्वारा करवा लिया गया है. उन्होंने बताया है कि अंचल कर्मियों को धोखा देकर कारवायी गयी जमाबंदी संख्या 5946 के आलोक में पंजी 2 में इसका उल्लेख नहीं है कि यह किस वाद संख्या के आधार पर कायम किया गया है. उन्होंने बताया है कि पंजी नंबर 2 में खुशीलाल महतो के नाम से अंकित जमाबंदी संख्या 277 में जमीन के खाता एवं खेसरा नंबर का उल्लेख नहीं है. केवल रकवा अंकित कर दिया गया है. इस पंजी में खन्तर सहनी के नाम से अंकित जमाबंदी संख्या 278 में खाता संख्या 361 एवं खेसरा संख्या 1562 उल्लेख किया गया है. इसी पंजी में राम उदगार महतो एवं राम बिहारी महतो के नाम से जमाबंदी नंबर 362 तथा 2072 अंकित है. वास्तविक भूस्वामी का कहना है कि मकेश्वर महतो के नाम से कोई जमीन नहीं है, जबकि मकेश्वर महतो फर्जी तरीके से जमीन की जमाबंदी अपने नाम से करवाकर इस जमीन को बेच भी रहा है. जबकि जमाबंदी नंबर 5946 में अंकित खाता व खेसरा की जमीन विवेक कुमार के हिस्से का है और इस जमीन पर कब्जा भी उसी का है. इस जमीन का लगान भी विवेक कुमार के द्वारा दिया जाता है. इस जमीन का लगान भी अद्यतन है. पीड़ित भूस्वामी विवेक कुमार ने जमीन की जमाबंदी कार्य मे गोरखधंधा किए जाने का आरोप लगाया है. अंचल कर्मियों की आंखों में धूल झोंककर फर्जी तरीके से करवायी गयी इस जमाबंदी को निरस्त करने एवं दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार अधिकारियों से लगाई है.

# तारा गांव के सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन, जताया शोक

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। फफौत पंचायत के तारा गांव निवासी 90 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम महतो का निधन बुधवार को उनके पैतृक आवास पर हो गया. उनके निधन की खबर सुनते ही दर्जनों सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकताओं में शोक की लहर दौड़ गयी. वे काफी मिलनसार व सरल स्वभाव के थे. उनके निधन पर प्रखंड प्रमुख संजू देवी, समाजसेवी राम गुलजार महतो, अजय कुमार, राम जीवन महतो, डॉ नंद कुमार सिंह, अजीत कुमार, सुदर्शन सिंह, अंजन कुमार आकाश, रामप्रकाश दास, रणवीर रंजन उर्फ नूनू झा, शिवकुमार झा, मुरारी कुमार, अरविन्द कुमार, रामध्यान महतो, रामभरोस महतो, गंगा प्रसाद, जामुन महतो, रवीन्द्र कुमार, विनोद कुमार, विपिन कुमार, रामबालक महतो, रामकृष्ण सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त की तथा स्वर्गीय महतो के पार्थिक शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.

# बिहार विधान परिषद चुनाव की घोषणा, 4 अप्रैल को होगी स्थानीय निकाय वाली सीटों के लिए चुनाव

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है. स्थानीय निकाय कोटे से विधान परिषद की जिन 24 सीटों पर चुनाव होना है उस की तारीखों का ऐलान हो गया है. चुनाव आयोग में 4 अप्रैल को मतदान की तारीख तय की है. 9 मार्च को विधान परिषद चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो जाएगी और इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी. उम्मीदवार अपना नामांकन 16 मार्च तक कर पाएंगे जबकि नामांकन पत्रों की जांच 17 मार्च को होगी. 21 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे. 4 अप्रैल को मतदान का दिन रखा गया है. सुबह 8:00 से शाम 4:00 बजे तक वोटिंग होगी. विधान परिषद चुनाव के लिए मतगणना 7 अप्रैल को होगी. आपको बता दें कि पहले से ही उम्मीद जताई जा रही थी कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद बिहार में विधान परिषद चुनाव का बिगुल बज सकता है. चुनाव आयोग में आज इसका पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है.

विधानपरिषद की जो सीट खाली हुई है, उनके नाम इस प्रकार है..

पटना से रीतलाल यादव, नालंदा से रीना देवी, गया से मनोरमा देवी, औरंगाबाद से रंजन कुमार सिंह, नवादा से सलमान रिजवी, भोजपुर से राधाचरण साह, रोहतास कैमूर से संतोष कुमार सिंह, सारण से सचिदानंद राय, सीवान से टुन्ना जी पांडेय, गोपालगंज से आदित्यनारायण पांडेय, पश्चिमी चंपारण से राजेश राम, पूर्वी चंपारण से राजेश कुमार, मुजफ्फरपुर जिले से प्रसाद सिंह, वैशाली से सुबोध कुमार, सीतामढ़ी शिवहर से दिलीप राय, दरभंगा से सुनील कुमार सिंह, समस्तीपुर से हरिनारायण चौधरी, मुंगेर, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा से संजय प्रसाद, बेगूसराय, खगड़िया से रजनीश कुमार, सासाराम, मधेपुरा सुपौल से नूतन सिंह, भागलपुर बांका से मनोज यादव, मधुबनी से सुमन कुमार, पूर्णिया अररिया किशनगंज से दिलीप कुमार जायसवाल, कटिहार से अशोक कुमार अग्रवाल.

# शहर के सभी विख्यात खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा

### बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के एडीजी व जिलाधिकारी ने विभिन्न खेल मैदानों का किया स्थलीय निरीक्षण

» मदरलैंड संवाददाता



मोतिहारी। जिले भर में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के एडीजी रविंद्रण शंकरन एवं जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक शहर के विभिन्न खेल मैदानों का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे।इस दौरान अधिकारी द्वय के द्वारा हवाई अड्डा मैदान, स्पोर्ट्स क्लब, रोइंग क्लब, एमएस कॉलेज, आईएमए भवन, जिला स्कूल खेल मैदान व खेल भवन का जायजा लिया गया।वहीं मौजूद संबंधित पदाधिकारियों को जिले भर में खेल को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।एडीजी ने कहा कि शहर के सभी विख्यात खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।साथ ही खेल संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाएंगे।खेल भवन मोतिहारी के निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि जिला वासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।खेल भवन से जिला के युवा वर्ग को शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमता में वृद्धि हो सकेगी।उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर विभिन्न स्पधाओं में उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन करते हुए राज्य स्तर पर चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे।एक दौर था जब फुटबॉल और हॉकी जैसे खेल बिहार के लगभग सभी जिलों में खेले जाते थे लेकिन अब यह बिहार के नक्शे से ही लुप्त होने के कगार पर है।अब एक बार फिर से फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल समेत दूसरे खेलों को पुनर्जीवित करने की कवायद बिहार सरकार ने शुरू की है।वहीं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के एडीजी द्वारा एनसीसी, एनएसएस के अलावा अन्य खेल संगठनों के लोगों के साथ मिलकर खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए अभियान की शुरूआत बापू की कर्मभूमि मोतिहारी से की गई है।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर, भूमि उप समाहर्ता मोतिहारी सदर, अंचलाधिकारी मोतिहारी सदर, समादेष्टा मोतिहारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन में फसें छात्रों के परिजन से मिले अधिकारी

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। वरीय अधिकारी के निर्देश के आलोक में अंचलाधिकारी रविशंकर सिन्हा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल आनंद ने यूक्रेन में फंसे छात्रों के परिजनों से मुलाकात की।अंचलाधिकारी ने यूक्रेन में फंसे छात्र शिकारपुर निवासी मोहम्मद सऊद आलम एवं शेखपुरा निवासी मोहम्मद हसन के परिजनों से मुलाकात कर सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों से उन्हें अवगत कराया।साथ ही भरोसा दिया कि यूक्रेन से छात्रों को सुरक्षित वापस लाने के लिए राज्य सरकार पूरी तत्परता से जुटी हुई है तथा भारत सरकार के विदेश मंत्रालय से लगातार संपर्क स्थापित कर रही है।अंचलाधिकारी ने प्रखंड वासियों से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति या छात्र यूक्रेन में फंसे है तो उनकी पूरी जानकारी प्रखंड प्रशासन को उपलब्ध कराएं साथ ही आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नुम्बर पर भी संपर्क कर जानकारी दें।वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल आनंद ने यूक्रेन में फंसे महम्मदपुर निवासी कुदसिया मेहर एवं निस्ता पंचायत निवासी मोहम्मद गुलाम रसीद के परिजनों से मुलाकात कर सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयास से अवगत कराया।

### सड़क के गड्ढे में स्कूटी अनियंत्रित होने से पति पत्नी घायल



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। अमदाबाद प्रखंड के अंतर्गत बलरामपुर गांव के समीप रोड पर गड्ढे के कारण लागतार एक्सीडेंट की घटना घट रही है।आज भी एक दंपति के साथ एक्सीडेंट की घटना घटी।मिली जानकारी के अनुसार माधव नगर जिला मालदा के निवासी राजू सिंह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी में बैठ कर किशनपुर गांव अपने ससुराल जा रहे थे।तभी बलरामपुर गांव के समीप रोड के बीचो बीच गड्ढे होने के कारण स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई।जिससे वह बुरी तरह घायल हो गये।आनन-फानन में ग्रामीणों के सहयोग से दंपति को अमदाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।जहां गंभीर अवस्था में उनका इलाज चल रहा है।इस तरह से यह रोड लोगो के लिए जानलेवा है।

### खाना बनाने के दौरान एलपीजी सिलेंडर में रिसाव होने से लगी आग 5 दर्जन घर जलकर राख



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के पचबर्गा गांव में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर के पाइप में गैस का रिसाव होने से आग लग गई, जिससे गैस का सिलेंडर ब्लास्ट हो गया और आग बेकाबू हो गया देखते ही देखते आधा घंटा के अंदर में 60 से ऊपर घर जलकर राख हो गए।स्थानीय ग्रामीण स्थानीय जनप्रतिनिधि ने मनसाही थाना एवं अंचल मनसाही को घटना की जानकारी दी साथ ही फायर ब्रिगेड को भी जानकारी दी गई, जब तक मनसाही एवं प्राणपुर से 1 छोटा- छोटा फायर ब्रिगेड पहुंचा तब तक ग्रामीणों के द्वारा आग पर बहुत हद तक काबू कर लिया गया था। वहीं फायर ब्रिगेड के द्वारा पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास समाचार प्रेक्षण तक किया जा रहा था।इस भीषण अगलगी में 60 से ऊपर घर जलकर राख हो गए सभी लोग खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को विवश दिखे।समाचार प्रेषण तक मनसाही अंचल प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर नहीं पहुंचा था।

### बिहार साइकिल दिवस पर साईकिल रैली

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार।फलका प्रखंड के अंतर्गत पोठिया में बिहार साइकिल दिवस के मौके पर पोठिया में युवाओं के द्वारा साइकिल यात्रा आयोजन किया गया।बिहार साइकिल दिवस पर आयोजित साइकिल यात्रा में युवाओं ने हिस्सा लिया।युवाओं के द्वारा पर्यावरण तथा इंधन बचाओ का कार्यक्रम के द्वारा मुखिया के क्रीड़ा मैदान से साइकिल यात्रा निकालकर पोठिया के विभिन्न सड़कों पर भ्रमण किया।साइकिल यात्रा के दौरान पर्यावरण एवं इंधन बचाव को लेकर आम लोगों को जागरूक किया गया।मौके पर अखिलेश कुमार और समाजसेवी मुकेश कुमार मलिक एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## हर हर महादेव की गूंज से एतिहासिक सोनाखाल शिवमंदिर में महाशिवरात्री जुटी अपार भीड़

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बरारी प्रखंड का अतिप्राचीन शिवालय एतिहासिक सोनाखाल शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ महाशिवरात्री पर जल चढ़ाया, शिवलिंग के गर्भगृह में एक भक्त ही जलाभिषेक करते है दूसरे भक्त को आगे वाले भक्त के निकलने का इंतजार करना पड़ता है, महादेव के शिवलिंग का स्थान काफी छोटा होने की वजह से भक्तजनों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है,भोला बाबा की सोनाखाल मंदिर में हजारों श्रद्धालु जल चढ़ाया करते है लेकिन एक बूंद जल बाहर दिखाई नही पड़ता ,मंदिर कमिटि के अध्यक्ष बलराज यादव बताते हैं कि महादेव की आराधना से बिगड़े काम बन जाते हैं ,बिहार के कई जिला एवं झारखंड,पश्चिमबंगाल आदि से श्रद्धालु महादेव की आराधना कर जल चढ़ाकर मुनोकामना पूर्ण होने पर पुनः नतमस्तक होते है,इस शिवलिंग पर चढ़ाया गया जल कहाँ जाता है आज तक किसी को पता नही , पूजा के समय शिवलिंग पर नाग की जोड़ी भी अपनी उपस्थिति से भक्तों के आस्था को मजबूत करते हैं,सभी



भक्तजन हाथ जोड़ महादेव की पूजा अर्चना में लीन हो जाते है, कभी सोनाखाल ताल में किसी भी प्रकार के आयोजन के लिए आराधना करने पर बर्तन आदि की पूर्ति गाँव वाले को हो जाती थी,वह ताल अब नही रहा,मोहनाचांदपुर पंचायत के सोनाखाल भवानीपुर में पाँच दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है, काली मंदिर,शिवपार्वती मंदिर,पंचमुखी हनुमान मंदिर आराधना के साथ विद्यमान है,72 घंटा का अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है,गाँव के ग्रामीण मेला में सजा झूला ,मिठाई दुकानो सहित आवश्यक बस्तु आदि की खरीद कर आनंद ले रहे है, मुख्य आयोजन में मंदिर कमिटि के बलराज यादव,सुबोद यादव,काशी राय,असोक राय,भोला यादव,उमा पाण्डेय,केसो मंडल,प्रमोद यादव,डॉ प्रदीप यादव ,मनिहारी प्रखंड प्रमुख श्रवण साह,दिलीप झा,मुन्ना मिश्र ,पप्पू यादव,गयारामआदि महायज्ञ में लगे रहे ।

## बिहार-बंगाल सीमा में चली गोली एक घायल,दो युवक गिरफ्तार

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार।बिहार बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र में बंगाल का इलाका कुमेदपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत दरियापुर गांव में शराब पीने के दौरान कई लोगों के बीच कहासुनी के बाद गोली चली जहां दरियापुर के शराब व्यवसाई के पीठ में लगने के बाद गांव में भगदड़ मच गया ग्रामीणों द्वारा मामले की सूचना कुमेदपुर ओपी पुलिस को दी गई जहां कुमेदपुर ओपी पुलिस ने आजमनगर थाना क्षेत्र के जोकर पंचायत अंतर्गत पलसा गांव निवासी संतोष कुमार शर्मा तथा विकास कुमार रजक को गिरफ्तार करने में बंगाल पुलिस ने सफलता हासिल की मामले के संबंध में हरिशचंद्रपुर थाना अध्यक्ष संजय कुमार दास ने बताया कुमेदपुर ओपी क्षेत्र के दरियापुर गांव में शराब पीने के दौरान कहासुनी के बाद गोली चली जिसमें दरियापुर गांव के वर्मा हसदा के पीठ में गोली लगी है। घायल वर्मा हसदा का हरिशचंद्रपुर



सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मालदा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।घायल की स्थिति खतरे से बाहर है हरिशचंद्रपुर पुलिस दोनों युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मालदा भेज दिया है।

## एक विवाह ऐसा भी शिवरात्रि पर थाना प्रभारी बने शिव और उनकी पत्नी बनी पार्वती



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। वैसे तो पूरे देश भर में महाशिवरात्रि के मौके पर शिव बारात निकालने की परंपरा को निभाया जाता है।लेकिन कोढ़ा थाना के लिए महाशिवरात्रि के मौके पर शिव बारात से जुड़े आयोजन कुछ अलग ही अंदाज में मनाया जाता है।दरअसल वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत इस थाना की यह परंपरा रही है कि महाशिवरात्रि के मौके पर थाना अध्यक्ष दूल्हा बनते हैं और उनकी धर्मपत्नी को दुल्हन बनती है।और उन्हें शिव और पार्वती के रूप में बारात निकालकर भ्रमण करवाया जाता है।इसी परंपरा को निभाते हुए वर्तमान थाना प्रभारी रूपक रंजन सिंह और उनकी धर्मपत्नी भारती देवी भी इस आयोजन का गवाह बने।कोढ़ा थाना प्रभारी रूपक रंजन ने बताया कि वह इस थाने की पूर्व से चलते आ रहे परंपरा को आगे बढाने का काम कर रहे है।उन्होंने बताया कि इस आयोजन का हिस्सा बनना काफी सुखद रहा है।आयोजन समिति से जुड़े हुए लोग ने भी कहा कि यह कोढ़ा थाना के बेहद पुराना परंपरा है।जो वर्षों से निभाया जाता रहा है और इस बार भी इसे बड़े ही धूमधाम से इसे निभाया गया।

## शिवरात्रि के मौके पर निकाली गई भव्य कलश सह शोभायात्रा

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार।मनसाही प्रखंड क्षेत्र में शिवरात्रि के मौके पर सुबह से ही कुँवारी कन्याओं एवं महिलाओं की मंदिर परिसर में काफी भीड़ देखी गई।कुँवारी कन्याएं, महिलाएं मंदिर परिसर में पूजा पाठ कर जल अर्पण किया।इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के मटियारी, मोहनपुर ,बड़ी बथना ,जयनगर,घासीटोला,मरंगी शिव मंदिर में विधिवत पूजा पाठ कर अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर कुरेठा पंचायत के मटियारी गांव में अवस्थित कालेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर से 11 कुंवारी कन्याओं के द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई जो मटियारी पोखर से जल लेकर कुरेठा भट्टा चौक होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचा इसके उपरांत मंदिर परिसर में प्रभु गोस्वामी, मीरा देवी के द्वारा विधिवत पूजा पाठ कर 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ किया गया, जिसमें मरोचा, गोविंदपुर के पार्टी के कलाकारों के द्वारा हरे राम हरे कृष्ण का गायन किया जाएगा, साथ ही रासलीला भी दिखाया जाएगा,इस अवसर पर प्रभु गोस्वामी, मीरा देवी, गोवर्धन गोस्वामी, धर्मवीर गोस्वामी, अक्षय गोस्वामी, जितेंद्र गोस्वामी, छोटू कुमार गोस्वामी, सोनू कुमार गोस्वामी, अमर कुमार गोस्वामी, विनोद मंडल, राम प्रसाद साह, राम नाथ मंडल, सुनील वर्मा, पंचायत के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया मुकेश कुमार उरांव,उप मुखिया संजय कुमार यादव आदि मौजूद थे।वहीं शिव मंदिर मोहनपुर में सुरेश कुमार यादव के द्वारा 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। जिसमें चार कीर्तन मंडली हरे राम हरे कृष्ण का गायन करेंगे।वहीं आचार्य विद्यासागर, दिनानाथ झा पूजा पाठ कर संकीर्तन का शुभारंभ किया । वहीं शिव मंदिर जयनगर में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह के द्वारा 24 घंटे का हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। वहीं शिव पार्वती मंदिर बड़ी बथना में प्राणपुर विधायक निशा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ किया।मौके पर पंडित नवल किशोर झा,अनंत कुमार झा के द्वारा विधिवत पूजा पाठ कर 48 घंटे का हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ,जिसमें छः कीर्तन मंडली के द्वारा हरे राम हरे कृष्णा का गायन कराया जाएगा।इस अवसर पर राम लड्डु गुप्ता,अमित कुमार सिंह ,विपिन कुमार सुमन, परमानंद ठाकुर ,सरोज कुमार, राज कुमार सिंह, हरेराम सिंह, अरविंद कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, प्रयाग सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह ,उमेश सिंह, प्रेम सिंह, प्रवीण सिंह, रोशन कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे। वहीं मरंगी चांदनी चौक स्थित शिव मंदिर मरंगी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें शिव पार्वती सहित अन्य कलाकार पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर परिसर मरंगी पहुंचा। वहीं रात्रि में पूजा पूजा पाठ कर संकीर्तन किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार रजक, विभाष कुमार हिमांशु, मिट्ठू साह, राघव यादव, लक्ष्मण शर्मा, फूल कुमार यादव, मोहित रजक, अमित यादव, दीपक यादव, बिट्टू यादव, विक्रम साह, अविनाश यादव आदि मौजूद थे।

## युग संस्कृति न्यास के संस्थापक आचार्य धर्मवीर का सीमांचल दौरा





» मदरलैंड संवाददाता

सीमांचल, बिहार, आचार्य धरमवीर ने अपने सीमांचल दौरे के दौरान सर्व प्रथम किशनगंज के जिला अधिकारी डॉक्टर आदित्य प्रकाश एवम् वहां के पुलिस अधीक्षक इनामुलहक से मुलाकात की एवं वहां के सामाजिक विकास हेतु कई बिंदुओं पर चर्चा किया। साथ ही सामाजिक एवं प्रशासनिक विकास में उनके योगदान एवं तत्परता हेतु बधाई दिया।

तत्पश्चात उन्होंने पुर्णिया के जिलाधिकारी श्री राहुल कुमार से मुलाकात की एवं उनके द्वारा पुर्णिया के विकास हेतु किए गए कार्यों के लिए शुभकामना दिया। जिला पदाधिकारी ने युग संस्कृति न्यास द्वारा बाढ़ एवं करोना महामारी के दौरान किए गए कार्यों की सराहने करते हुए भविष्य में उनसे इसी प्रकार सामाजिक सेवा करने की उम्मीद जताई। उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया की उनके द्वारा जिले मे मखाना उत्पादन में संलिप्त कामगारों के विकास हेतु शीघ्र ही क्रियान्वन किया जा रहा है।ज्ञात हो कि करोना महामारी एवम बाढ़ विभीषिका के दौरान संस्था के सदस्यों के द्वारा प्रभावित लोगो बीच खाद्य पदार्थों एवम मास्क सैनिटाइजर आदि का वितरण व्यापक पैमाने पर पूरे राज्य में किया गया था।

आचार्य धर्मवीर के साथ इंडियन पेट्रोनस कंपनी के सी ई ओ पी के झा के साथ मुलाकात हुई साथ में फिल्म निर्माता एवम व्यवसाई श्री विकास मणि एवम् एवम न्यास के सीमांचल प्रमुख मनीष कुमार झा उपस्थित रहे।इसके बाद भागलपुर और बांका स्थित न्यास के कार्यों का निरीक्षण किया। इसके बाद भागलपुर के जिलाधिकारी सुब्रत सेन और एस एस पी बाबू लाल से सामाजिक कार्यों पर चर्चा की।साथ में न्यास के ग्राम्या प्रमुख अंजय श्रीवास्तव और प्रतिष्ठित समाजसेवी राजेश साह भी मौजूद रहे।

बाद में प्रतिनिधि मंडल द्वारा लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष श्री विक्रम कुमार सिन्हा से मरंगा मे मुलाकात की एवं उनके औद्योगिक परिसर का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात हरदा जाकर मखाना उत्पादन कार्य मैं सलग्न कामगारों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझा एवम उन्हें आश्वासन दिया की जिला पदाधिकारी के सहयोग से वो उनकी सभी समस्याओं का समाधान मिलजुल कर करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

उन्होंने विशेष रूप से मखाना को अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

## पीएनबी शाखा के स्थानांतरण को लेकर अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठे लोगों से मिले सांसद

**सांसद ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल पर बैठे लोगों का अनशन तोड़वाया**



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। तरैया प्रखंड के नारायणपुर गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक नारायणपुर शाखा को दूसरे प्रखंड में स्थानांतरण को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत सैकड़ों लोग बैंक के बाहर अनिश्चित कालीन के लिए भूख हड़ताल पर बैठे हुए थे। नारायणपुर बीडीसी अनु प्रिया सिंह के नेतृत्व में दर्जनों जनप्रतिनिधि समेत सैकड़ों लोग भूख हड़ताल पर बैठे हुए थे। सूचना पाकर महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और सारण जिलापाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने अनशन पर बैठे लोगों के बीच पहुचकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उन्हें आश्वासन दिया तथा जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया। सांसद श्री सिंह ने कहा की अनशन पर बैठे लोगों की मांगों के समर्थन में कहा कि मैंने बैंक के जीएम से बात किया है और उन्हें बताया कि अगर बैंक के भवन में किसी प्रकार की दिक्कत है तो हमें समय दीजिये आपका जैसा नक्शा होगा वैसा बैंक का भवन बनाकर दिया जायेगा। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि जरूरत पड़ी तो भारत सरकार के वित मंत्री तथा बैंक के सीएमडी और एमडी से बात करूंगा। लेकिन किसी भी कीमत में बैंक नारायणपुर से दूसरे प्रखंड में स्थानांतरित नहीं होगा। सांसद के आश्वासन के बाद लोगों का अनशन समाप्त हुआ। मौके पर सारण जिलाउपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदयाल शर्मा, भाजपा नेता शेखर सिंह, संजय सिंह, अमरनाथ सिंह, पूर्व मुखिया किशोर कुमार सिंह बबुआ, बीडीसी सदस्य अनुप्रिया सिंह, प्रतिनिधि प्रियरंजन सिंह युवराज, नारायणपुर मुखिया अमित कुमार सिंह, भटगाई मुखिया ओम प्रकाश कुमार, सरपंच राजबलम प्रसाद, ललन राम, रितेश कुमार सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# अमीन का ट्रेनिंग मैं फजीवाड़ा के साथ अवैध पैसों की वसूली

**पूछताछ में नकली ट्रेनर का हुआ बड़ा खुलासा।**

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। मैनाटांड़ प्रखंड के इनरवा थाना क्षेत्र के कई पंचायतों में युवा अमीन में नौकरी के नाम पर ठगी का शिकार हुए हैं। नौकरी लगाने का वादा कर उनसे रकम ले ली गई, और ट्रेनिंग भी शुरू कर दी गई।ऐसे ठगी के शिकार को देखते हुए संदेश के आधार पर कुछ युवक ने आवाज उठाई और ट्रेनर से उनकी ओरिजिनल डाक्यूमेंट्स मांग करने लगे। ओरिजिनल डाक्यूमेंट्स नहीं होने के कारण दोनों फर्जी ट्रेनर को बीडीओ के पास लेकर आए।बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि ट्रेनर से उनका ओरिजनल कर जात मांगा।उनके पास ओरिजिनल डाक्यूमेंट्स एवं सरकारी या कोई संस्था द्वारा कागज ना होने की वजह से बीडीओ ने बिफरे।उन्होंने बताया कि दोनों ट्रेनर बच्चों को फर्जी का शिकार बना रहे हैं।आमीन में भर्ती होने के नाम पर ठगी का शिकार हो रहा युवक। भु-मापक (अमीन) तकनीकी प्रशिक्षण परियोजना के नाम यह संस्था चलाया जा रहा है, और बेरोजगार युवक से अवैध पैसा वसूली कर ट्रेनिंग देकर सरकारी नौकरी देने के नाम पर भ्रमित किया जा रहा है। बीडीओ पंकज कुमार के नेतृत्व में बच्चों से वसूली किया गया पैसा वापस कराया गया। बीडीओ ने दोनों ट्रेनर को सुधारने का एक मौका देकर उन्हें छोड़ दिया और बताया कि अगली बार है ऐसे गलती होती है तो फिर फर्जीवाड़ा में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा।इधर बताते दे की युवकों ने बताया कि ट्रेनर ने कहा कि हम सरकार द्वारा आए हैं। अमीन का प्रशिक्षण देंगे। जिसका रजिस्ट्रेशन चार्ज 710 है और 45 दिन का



ट्रेनिंग है। ट्रेनिंग पूर्ण होने के बाद, हर युवा को बिहार सरकार के द्वारा 6200 रुपए की महीना दी जाएगी।इस होड़ में मैनाटांड़ प्रखंड के अलग-अलग गांव से 400 बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। जिसका ट्रेनिंग सेंटर मैनाटांड़ अंचल के राजकृत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय शाहपुर परसौनी को नियुक्त किया गया, जिसमें बुधवार को एक दिवसीय ट्रेनिंग भी दी गई। दूसरा ट्रेनिंग सेंटर मर्जदवा के मनरेगा भवन को नियुक्त किया गया था।जिसका ट्रेनिंग 3 मार्च से शुरू होने वाला था। जबकि दोनों ट्रेनिंग सेंटरों के बारे में किसी उच्च पदाधिकारी को सूचना नहीं थी। पूछताछ में पता चला कि मोतिहारी जिला के मधुबन निवासी अनुदेशक पद पर संदीप झा, जमगुई के चक्काई निवासी मुकेंद्र कुमार, मोतिहारी मधुबन के शिवशंकर कुमार के रूप में पहचान के गई।

## छोटे एवं दूरस्थ पशुपालकों को त्वरित गति से 'मिल्क नेटवर्क' से जोड़ें : जिलाधिकारी

» मदरलैण्ड संवाददाता



- हरनाटांड़ एवं रामनगर में बल्क मिल्क कूलर का अधिष्ठापन कराने सहित दुग्ध कलेक्शन बढ़ाने का दिया गया निर्देश

बेतिया। छोटे एवं दूरस्थ पशुपालकों को सुधा एवं अन्य ह्लमिल्क नेटवर्कह्ल से जोड़ने हेतु किये जा रहे कार्यों की आज जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिले के दुग्ध उत्पादकों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान करना है ताकि निरंतर इनके आय स्रोत में वृद्धि होती रहे। उन्होंने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिला मूलतः कृषि प्रधान है। दुग्ध उत्पादकता के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा किसानों को जागरूक एवं प्रेरित करना सुनिश्चित किया जाय।

उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र के ऐसे गव्य पालक जो दुग्ध की बिक्री विभिन्न जगहों पर करते हैं, उन्हें संगठित क्षेत्र में लाते हुए उनके रोजगार को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। ऐसे सभी गव्य पालकों को दुग्ध व्यवसाय में उतरोत्तर वृद्धि कराते हुए उनके जीवन स्तर को सुदृढ़ करने की कार्रवाई तीव्र गति से क्रियान्वित की जाय।

प्रभारी, दुग्ध शीतक केन्द्र, बेतिया द्वारा बताया गया कि ज्यादा से ज्यादा दुग्ध उत्पादकों को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को उनके सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के उदेश्य की पूर्ति हेतु उनके गांव में ही दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति का गठन कर दुग्ध के जांच के आधार पर उचित मूल्य दी जाती है। जिले में अबतक 256 दूध उत्पादक सहयोग समितियां क्रियाशील है। दुग्ध शीतक केन्द्र का कुल संग्रहण 25000 लीटर प्रतिदिन है। जिले के 13365 कृषकों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल-03 बल्क मिल्क कूलर हैं। उन्होंने बताया कि दुधारू पशुओं को स्वस्थ रखने के उदेश्य से कृमिनाशक एवं टीकाकरण कार्य भी चलाया जा रहा है। वहीं संतुलित पशु आहार एवं हरा चारा बीज का वितरण भी कराया जाता है। जिले में 49 कृत्रिम गभार्धान केन्द्र कार्यरत है। उन्होंने बताया कि समितियों के माध्यम से गाय का दूध कम से कम 30 रू0 प्रति लीटर, ज्यादा फैट वाला भैंस का दूध 80-85 रू0 लीटर, गाय-भैंस मिक्स दूध 42-43 रुपए लीटर लिया जाता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिले में दुग्ध की उत्पादकता अधिक है। संग्रह से अधिक दूध की खपत है। दुग्ध संग्रहण कार्य को तीव्र गति से बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छोटे एवं दूरस्थ पशुपालकों को सुधा एवं अन्य मिल्क नेटवर्क से जोड़ने का बड़ा अभियान शीघ्र प्रारम्भ करें। जल्द से जल्द सुधा जैसे संगठित क्षेत्र में लाया जाय ताकि किसानों को निरंतर आय स्रोत में वृद्धि होती रहे।

उन्होंने निदेश दिया कि जिले के हरनाटांड़ रामनगर सहित अन्य स्थलों पर बल्क मिल्क कूलर का अधिष्ठापन करया जाय ताकि आसपास के दुग्ध उत्पादकों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े तथा उन्हें दूध की क्वालिटी के अनुसार उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रयास करें कि दुग्ध उत्पादक किसानों को सीधे उनके खाते में दूध का उचित मूल्य प्राप्त हो सके।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, श्री नंदकिशोर साह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, प्रभारी, दुग्ध शीतक केन्द्र, बेतिया, श्री रविन्द्र कुमार, मार्केटिंग इंचार्ज, सुधा डेयरी, श्री नृपेन्द्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## हर घर नल का जल के प्रति लोगों को नुक्कड़ नाटक से जागरूक करेगी कला जत्था की टीम

» मदरलैण्ड संवाददाता



- जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर टीम को किया गया रवाना
- जिले के चिन्हित 17 ग्राम पंचायतों में हर घर नल का जल के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु कला जत्था की टीम को कार्य पर लगाया गया है

बेतिया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा आज समाहरणालय परिसर से कला जत्था की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कला जत्था की टीम को निदेश दिया गया कि चिन्हित ग्राम पंचायतों में निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार जाकर लोगों को हर घर नल का जल के प्रति जागरूक करेंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, श्री नंदकिशोर साह सहित जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग, कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी आदि उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शिक्षा विभाग एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कला जत्था की टीम के माध्यम से से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। कला जत्था की टीम हर घर नल का जल के प्रति लोगों को जागरूक करेगी।

उन्होंने बताया कि कला जत्था की टीम जिले के उतरी पटजिरवा, नवलपुर, परसा बनचहरी, नयागांव रमपुरवा, सेमरा कटकुईयां, बरवत सेना, जगदीशपुर, रतनमाला, अवरैया, रानीपुर रमपुरवा, घोघा, गीधा, बलथर, बेलवा, जमुनिया, भंगहा एवं पुरैनिया ग्राम पंचायतों में जाकर जन जागरूकता कार्यक्रम चलायेगी। उन्होंने बताया कि नुक्कड़ नाटक हेतु कला जत्था की टीम को पूर्व में ही निदेशित किया गया है। कला जत्था की टीम प्रत्येक ग्राम पंचायत में तीन चयनित स्थानों पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देगी। नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन हेतु समाज के सभी वर्ग के महिला, पुरूष एवं बच्चों की पहुंच संभव हो, अधिकतम उपस्थित हो, इसे सुनिश्चित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि कला जत्था की टीम को निदेश दिया गया है कि नुक्कड़ नाटक आयोजन स्थल पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी-सह-एसआरपी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी-सह-केआरपी तथा पीएचईडी के पम्प ऑपरेटर, अध्यक्ष वार्ड, क्रियान्वयन प्रबंधन समिति, वार्ड सदस्य, संबंधित कनीय अभियंता, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका, जीविका दीदी एवं उपस्थित दर्शकों का हस्ताक्षर करवाना अनिवार्य है। साथ ही प्रत्येक नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन के दौरान उपस्थित सभी लोगों द्वारा नल का जल के उपयोग संबंधी संकल्प भी भरवाया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ठकराहा प्रखंड में प्रतिनियोजित शिक्षकों को विद्यालय में किया जाए वापस

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। ठकरहा प्रखंड प्रमुख अंजू देवी ने बुधबार को ठकराहा बीडीओ अजित कुमार सिंह को आवेदन देकर चुनाव पूर्व प्रखंड में चुनाव व अन्य कार्य के लिए प्रतिनियुक्ति शिक्षकों का प्रतिनियोजन रद्द कर उन्हें उनके विद्यालय में वापस भेजने की मांग की है। प्रमुख ने बताया कि चुनाव पूर्व प्रखंड के अलग अलग विद्यालय से आधा दर्जन से अधिक शिक्षकों का प्रतिनियोजन प्रखंड में कर दिया गया था। चुनाव बीतने के इतने दिनों बाद भी अभी तक इनका प्रतिनियोजन रद्द नही किया गया है। इस कारण विद्यालय के संचालन व बच्चों के शिक्षा देने में काफी दिक्कत आ रही है। इससें शिक्षा गुणवत्ता में काफी गिरावट देखी जा रही है। इसको देखते जल्द प्रतिनियोजन रद्द किया जाए। वही सरकार ने भी सीआरसी का पद रद्द कर दिया। बावजूद इसके बहुत से शिक्षक अभी भी प्रखंड व बीआरसी का चक्कर लगा रहे है। वही बहुत से ऐसे शिक्षक है जो विभागीय मिलीभगत से 7-7 साल से प्रतिनियोजन करा प्रखंड में जमे हुए।

### 16 ऋणधारको पर हुआ सर्टिफिकेट केस, मामला बेलसंडी ग्रामीण बैंक का

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनहा मटियरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवो के 16 बड़े ऋणधारको पर उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक बेलसंडी के शाखा प्रबंधक पंकज कुमार ने बेतिया कोर्ट में सर्टिफिकेट केस किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए बैंक मैनेजर ने बताया कि उतर बिहार ग्रामीण बैंक बेलसंडी से ऋण लेकर लंबे समय तक ऋण नहीं जमा करने वाले कर्जदारों पर बैंक ने सर्टिफिकेट केस किया है। उन्होंने बताया कि बनहवां मटियरिया के बालेश्वर महतो पर 1, 53,620 रुपया, चरीहानी के नुरुद्दीन अंसारी पर 61,634 रूपया, सत्येन्द कुमार पर 99,501 रूपया, रामेश्वर यादव पर 1,02,070 रूपया, छठु राम पर 1,03,950 रूपया, जगन्नाथ कुँवर पर 1,13,322 रूपया तथा इस्लाम अंसारी पर 1,01,569 रूपया ऋण बकाया होने के कारण केस किया गया है । ऐसे ही तुरकौलिया के अजीज गद्दी पर 89,128 रूपया तथा आयशा खातून पर 76,432 रूपया, एकडेरवा के खुबलाल यादव पर 45,973 रूपया, पासपत कुंवर पर 98,234 रूपया, विमल यादव पर 89,173 रूपया, दुधनाथ यादव पर 1,12,195 रूपया, नंदकिशोर यादव पर 1,03,504 रूपया, नेपाली साह पर 56,441 रूपया तथा बंधु साह पर 1,00916 रूपया बैंक का ऋण बकाया है, जिसके कारण उक्त सभी ऋण धारकों पर सर्टिफिकेट केस किया गया है अगर ऋण धारकों द्वारा ब्याज सहित ऋण की राशि बैंक में जमा नहीं की गयी तो अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

### होली में छूटेंगे पसीने। मार्च में ही 30 डिग्री तक पहुंचा बिहार का पारा

पटना, एजेंसी। बिहार में मौसम ने एक बार फिर से अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। फाल्गुन महीने में ही लोगों को गर्मी के संकेत मिलने लगे हैं। पछुआ हवा का प्रवाह लगातार बना हुआ है, इस कारण बिहार के मौसम में न केवल तेजी से बदलाव हो रहा है बल्कि साथ ही साथ तापमान भी बढ़ रहा है। पछुआ हवा के कारण सुबह-शाम कुछ ठंडक महसूस हो रही है लेकिन लेकिन सूरज चढ़ने के साथ ही तापमान में भी वृद्धि देखने को मिल रही है। बिहार के कुछ शहरों में मार्च के पहले दिन ही तापमान 30 के पार तक चला गया। हालात ऐसे होने लगे हैं कि अब लोगों को तेज धूप अच्छी नहीं लग रही और लोग इससे बचने की कोशिश कर रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो होली पर उत्तर बिहार में अधिकतम तापमान 32-34 डिग्री, दक्षिण में 34-36 और उत्तर पूर्व में 28-30 डिग्री सेल्सियस अधिकतम रहने की संभावना जताई जा रही है, ऐसे में इस बार होली में गर्मी के कारण तापमान में वृद्धि तय मानी जा रही है। 30 ।3 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर और बांका बिहार के दो सबसे अधिक गर्म शहर रहा जबकि पटना और गया का भी अधिकतम तापमान 30 के आसपास ही रहा। भागलपुर का तापमान 29.4, मोतिहारी का 29.0, मुजफ्फरपुर का 26.2, पूर्णिया का 28.5 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। बिहार के कई जिलों का न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल मौसम शुष्क रहेगा और इस दौरान हल्के बादल छाए रह सकते हैं लेकिन फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं दिख रही है।

### पेंशन के पैसों के लिए बेटे ने पिता को दो मंजिला छत से नीचे ढकेला, मौत

मुंगेर, एजेंसी। कहते हैं पूत सपूत तो क्या धन संचे, पूत कपूत तो क्या धन संचे। पेंशन की राशि के लिए एक कलियुगी बेटे ने अपने पिता को दोमंजिला मकान के नीचे धक्का दे दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। रिटायर्ड वृद्ध पिता को पेंशन के पैसे को लिये जान से मारने की ये घटना मुंगेर की है जहां दो मंजिला छत से धक्का देकर रिटायर्ड रेल कर्मी की उसके ही पुत्र ने हत्या कर दी। मुंगेर के ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के नया गांव में बुधवार की सुबह ये घटना हुई। जहां रिटायर्ड रेलकर्मी रामस्वरूप यादव रिटायरमेंट के बाद अपने बड़े बेटे महादेव यादव के साथ रहते थे।

## यूक्रेन में फंसे छात्रों में से 06 बच्चे सकुशल घर वापस



- एक लंदन पहुंचा एवं एक रोमानिया बॉर्डर पर अपने माता-पिता के साथ सुरक्षित
- जिलाधिकारी द्वारा पल-पल की गतिविधि की ली जा रही है जानकारी
- जिले के वरीय अधिकारी लगातार फंसे छात्रों सहित उनके अभिभावकों से संपर्क में हैं
- अन्य छात्रों की सकुशल घर वापसी के लिए ऑपरेशन गंगा के तहत किये जा रहे हैं लगातार प्रयास
- रूस एवं यूक्रेन युद्ध संकट के के बीच पश्चिमी चम्पारण, बिहार के छात्रों/अन्य निवासियों के लिए सुकून की खबर आनी शुरू हो गयी है

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, श्री कुंदन कुमार द्वारा उक्त मामले की मॉनिटरिंग की जा रही हैं। साथ ही अभिभावकों से संपर्क में रहने वाले वरीय अधिकारियों से वे पल-पल की खबर प्राप्त कर रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निदेश दिया गया है कि जैसे ही कोई सूचना उन्हें प्राप्त होती है तो वे बिना समय गंवायें उक्त सूचना से अवगत करायेंगे।

विदित हो कि मेडिकल स्टूडेंट को यूक्रेन से सकुशल घर वापसी के लिए भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन गंगा संचालित किया गया है। ऑपरेशन गंगा के तहत उन्हें नई दिल्ली तक वायुयान के माध्यम से लाया जा रहा है और फिर वहाँ से उन्हें उनके घर तक पहुँचाया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा नई दिल्ली से पटना, बिहार के लिए एयर टिकट उपलब्ध कराया जा रहा है। पटना से गंतव्य तक जाने के लिए वाहन उपलब्ध कराया जा रहा है। अबतक के आंकड़ों के अनुसार जिले के 38 छात्रों के मेडिकल की तैयारी करने हेतु यूक्रेन जाने की सूचना है। जिनमें से कुल-08 मेडिकल छात्र सकुशल एवं सुरक्षित हैं।

## बगहा एसडीएम दीपक मिश्रा ने किया ठकराहा थाने का निरीक्षण



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। ठकराहा एसडीएम दीपक मिश्रा बगहा ने बुधवार को ठकराहा थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव, साफ सफाई, नियमित वाहनों के जांच व शराब तस्करो के विरुद्ध नियमित कारवाई के निर्देश दिए। वही कार्यालयों की व्यवस्था सही मिलने पर उन्होंने थाने के स्टॉफ के कार्य की सराहना की। वही उन्होने बताया कि विगत दिनों एसडीपीओ बगहा के द्वारा किये निरीक्षण के दौरान दिये गये दिशानिदेर्शों के अनुपालन का मुआयना किया गया तथा थानाध्यक्ष अजय कुमार से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली गई । वही इस दौरान थाने में दर्ज विभिन्न कांडों के अनुसंधान कताओं से कांडों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिया गया वही डायरी को अद्यतन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया गया। इसके अलावा अपराध के ग्राफ को भी देखा गया। न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया। वाहन चेंकिग शराब माफियाओं पर नकेल कसने व फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने का भी निर्देश दिया गया। मौके थाने में तैनात पुलिस कर्मी सहित थाना क्षेत्र के चौकीदार उपस्थित रहें।

## बेलवा पंचायत के पीपरा में बाघ के चहलकदमी से लोगो मे दहशत

### रेंजर सहित वनकर्मी स्थल पर कर रहे कैम्प

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। गौनाहा बेलवा पंचायत के पीपरा गांव के पश्चिम आम के बगीचे तथा गन्ने के खेत के समीप बुधवार को सुबह बाघ के चहलकदमी से पीपरा सहित अगल-बगल के गांवों में दहशत का माहौल है। रेंजर सुनील कुमार पाठक वनकर्मियों के साथ बगीचे में कैम्प कर रहे है। बाघ को देखने हेतु लोगो की उमड़ी भीड़ को कंट्रोल करने के लिए एसएसबी के जवानों को बुलाया गया है। घटना के सम्बंध में प्रत्यक्षदर्शी शेख शाहजहां, खुर्शेद आलम, शेख मसीहा, सुरेंद्र महतो, मो.शकील, मो.रेयाज, बब्लू आलम आदि ने बताया कि सुबह मैनुल होदा के गन्ने के खेत मे गन्ना का बीज काट रहे थे। इसी बीच गन्ने के खेत से निकलकर बाघ शेख शाहजहां पर धावा बोला, परन्तु बाघ गन्ने के खेत मे उलझ गया, जिससे शेख शाहजहां की जान बची। मजदूर गन्ने के खेत से ट्रेक्टर-ट्रेलर पर गन्ना लेकर भाग खड़े हुए। इधर बाघ गन्ने के खेत से शाहीद परवेज उर्फ मुन्ना भाई के आम के बगीचे में चहलकदमी करते सड़क के किनारे बांस के पास पहुंच गया। लोगो द्वारा हो-हल्ला करने पर बाघ पुनः गन्ने की खेत के तरफ लौट गया। ग्रामीणों ने बताया कि बाघ मंगूराहां वन क्षेत्र से निकलकर पन्डई नदी के रास्ते सम्भवतः दुलहिया नाला से होकर बगीचे तथा गन्ने के खेत मे पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाघ सुबह 7 बजे बगीचे में देखा गया था।

रेंजर सुनील कुमार पाठक, वनरक्षी, वनकर्मी, टी.टी., पी.टी. व एसएसबी के जवानों के साथ स्थल पर कैम्प कर रहे है। वनकर्मी बाघ को फंसाने हेतु जाल व रेस्क्यू भान लेकर स्थल पर पहुंचे हुए है। रेंजर ने बताया कि बगीचे में बाघ का पग मार्क दिखाई नही दे रहा है। इसकी सूचना पटना भेज दी गयी है। वहां से डॉक्टर व अन्य वनरक्षी टेंगुलर गन लेकर वहां से चल दिये है। वहां से उक्त टीम को पहुंचने के बाद बाघ को टेंगुलर गन से मारकर उसे जाल में फंसाया जाएगा। वनकर्मियों को स्थानीय ग्रामीणों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ा। ग्रामीण मकसूद, मैनुल होदा, साहेब मियां, शेख उसमान, बिजली चौधरी, जमादार मियां व हीरा चौधरी ने वनकर्मियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सुबह 8 बजे से वनकर्मी यहां कैम्प कर रहे है परंतु बाघ को पकड़ने हेतु कोई सार्थक प्रयास नही कर रहे है।

## माधोपुर उर्दू विद्यालय का मुखिया ने किया औचक निरीक्षण

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। गौनाहा मौजे माधोपुर गांव के लोगो की शिकायत पर बुधवार को माधोपुर मुखिया मंजुला देवी द्वारा राजकीयकृत मध्य विद्यालय मौजे माधोपुर उर्दू का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमे ढेर सारी अनियमितता पायी गयी है। मुखिया ने विद्यालय में पाए गए अनियमितता की शिकायत बीईओ अरविंद कुमार भारती से की है। निरीक्षण के उपरांत मुखिया ने बताया कि विद्यालय के प्रधान शिक्षक मो. नौशाद विद्यालय में उपस्थित नही पाए गए। कुल 8 शिक्षकों में 5 शिक्षक उपस्थित पाए गए। विद्यालय में सहायक शिक्षिका संध्या कुमारी व धीरज कुमार तिवारी विद्यालय से गायब पाए गए। मौके पर उपस्थित ग्रामीण सरवर इमाम, शेख खसमुद्दीन, अनुज यादव, अविनाश सिंह, ध्रुव साह, विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य मालती देवी तथा विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव नुरशब्बा खातून ने बताया कि विद्यालय की स्थिति काफी खराब है। विद्यालय के सभी शिक्षक नियमित विद्यालय नही आते है। प्रधान शिक्षक भी विद्यालय से गायब ही रहते है। शिक्षिका संध्या कुमारी विगत एक वर्ष से विद्यालय नही आती है, जबकि उसकी उपस्थिति फरवरी में शून्य है। उपस्थिति पंजी में उक्त शिक्षिका की हाजिरी पिछले वर्ष का बना हुआ है। विद्यालय के बच्चों व अभिभावकों ने बताया कि उक्त शिक्षिका विद्यालय से लगातार अनुपस्थित रही है उसके बावजूद भी उसकी उपस्थिति बनी हुई है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों में राजा मिश्रा, रानू मिश्रा, ओमप्रकाश यादव, मुन्नी खातून, जहानारा खातून ने विद्यालय में ब्याप्त अनियमितता को लेकर मुखिया के समक्ष प्रदर्शन किया। मुखिया मंजुला देवी ने बताया कि विद्यालय में ब्याप्त अनियमितता की शिकायत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से की गई है। इसकी प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना को भी भेजी गई है। इस सम्बंध में बीईओ अरविंद कुमार भारती ने बताया कि अभी आवेदन नही मिला है। आवेदन मिलते ही सम्बंधित शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर बलुआ में शिव विवाह महोत्सव और 9 निर्धन कन्याओं की होगी शादी

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। भितहा प्रखंड के पंचायत राज मच्छहा के बैरटवा, बलूआ बाजार में स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में सोमवार को 9 निर्धन कन्याओं की शादी कराई जाएगी। माधव बाबा ने बताया की सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव के पहला वर्ष है जोकि कन्याओ कि शादी कराई जा रही है राम जानकी मंदिर बैरटवा, बलुआ , 9 निर्धन कन्याओं की शादी कराने जा रहा हूं। 1. आयुष्मति कुमारी प्रतिमा ग्राम मच्छहा, थाना भितहा संग आयुष्मान रोहित कुमार ग्राम बेरहानी, दशहवा, थाना बरावापट्टी ( उत्तर प्रदेश )2. आयुष्मति कुमारी यशोदा ग्राम भपसा थाना धनहा संग आयुष्मान परमा कुमार ग्राम रतवल, थाना चौतरवा (बिहार ) 3. आयुष्मति कुमारी सविता ग्राम मच्छहा थाना भितहा (बिहार )संग आयुष्मान हरिओम कुमार ग्राम रतवल थाना चौतरवा( बिहार ) 4. आयुष्मति कुमारी रिम्पी ग्राम नदवा, थाना पडरौना कुशीनगर (उत्तर प्रदेश) संग आयुष्मान जितेंद्र कुमार ग्राम कोठी थाना बिशनपुरा कुशीनगर (उत्तर प्रदेश)5. आयुष्मति कुमारी सुगन्ति ग्राम खापटोला बरवा थाना लोरिया (बिहार )संग आयुष्मान मुकेश कुमार ग्राम जमदार टोला, थाना चौतरवा (बिहार)6. आयुष्मति कुमारी सरस्वती ग्राम भठहिया, थाना चौतरवा (बिहार )संग आयुष्मान धर्मेंद्र कुमार ग्राम सतभिड़वा, थाना मझौलीया 7. आयुष्मति कुमारी जानकी ग्राम भठहिया, थाना चौतरवा( बिहार )संग आयुष्मान सुग्रीव कुमार ग्राम तुरकौलिया थाना रामनगर (बिहार)8. आयुष्मति कुमारी संतोषी ग्राम बरिआरपुर थाना चिउटहां (बिहार) संग आयुष्मान सोनू कुमार ग्राम कोटवा थाना बगहा (बिहार)9. आयुष्मति अनिता कुमारी ग्राम झवठिया थाना भितहा (बिहार )संग रामदास कुमार ग्राम भेड़ियारी थाना पड़रौना कुशीनगर (उत्तर प्रदेश) गरीब लोगों को धार्मिक व सामाजिक लोगों के द्वारा निर्धन कन्याओं की शादी कराई जाती रही है। सामाजिक लोगों द्वारा 9 निर्धन कन्याओं का विवाह हिंदू रीति रिवाज के साथ कराया जाएगा। इस बार शिव पार्वती विवाह के संग दूल्हा की बरात में निकाली जाएगी। वही 24 घंटा आठजाम भी कराया जा रहा है वही पूजा समिति एवं जन सहयोग के प्रत्येक बधु को पलंग, गद्दा, तकिया, चादर, कंबल, साड़ियां, मंगलसूत्र सोने का चांदी, पायल चांदी की, चांदी की बिछिया ट्रंक पेटी सिंगार का सामान बर्तन दे कर बिदाई किया जाएगा।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# #कीपगर्ल्सइनस्कूल, व्हिस्पर- ने अपनी नवीनतम अभियान फिल्म लॉन्च की और 'द मिसिंग चैप्टर' का उल्लेख किया

पानीपत :: भारत के अग्रणी महिला देखभाल ब्रांड व्हिस्पर ने अपने #कीपगर्ल्सइनस्कूल आंदोलन के हिस्से के रूप में ह्यद मिसिंग चैप्टरह्न नामक अपनी नई फिल्म लॉन्च की। अपने प्रमुख कार्यक्रम #कीपगर्ल्सइनस्कूल के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को संबोधित करने के उद्देश्य से, व्हिस्पर द्वारा अभियान फिल्म मुख्य रूप से यह स्पष्ट करने के लिए डिजाइन की गई है कि कैसे एक लड़की की अवधि की शिक्षा की कमी उसके लापता स्कूल के दिनों में योगदान करती है, एक स्थिति जो भारतीय में अवधि शिक्षा की स्पष्ट अनुपस्थिति से बढ़ जाती है।पाठ्यपुस्तकें।इस अभियान के बारे में बात करते हुए अखिल मेश्राम, सीनियर डायरेक्टर, कैटेगरी लीडर, व्हिस्पर, भारतीय उपमहाद्वीप, प्रॉक्टर एंड गैंबल ने कहा, ह्लव्हिस्पर में, हम पिछले 25 वर्षों से मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन और पीरियड एजुकेशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।. दो साल पहले शुरू किए गए ह्यकीप गर्ल्स इन




स्कूलह्न (केजीआईएस) आंदोलन ने इस प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है कि कैसे युवा लड़कियों और उनके परिवारों को पीरियड्स को वर्जित के रूप में देखने की जरूरत नहीं है। इस साल, केजीआईएस 3.0 को बढ़ाकर, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि देश में सभी किशोरियों में से 100% को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में शिक्षित किया जाए ताकि कोई भी लड़की अपनी अवधि के कारण स्कूल छोड़ने के लिए मजबूर न हो।देश भर में स्कूली पाठ्यक्रम में अवधि की शिक्षा को शामिल करने के लक्ष्य के साथ, ह्यद मिसिंग चैप्टरह्न का उद्देश्य जमीनी स्तर पर वास्तविक बदलाव लाना है। 2.3 करोड़ लड़कियां अपने पीरियड्स शुरू होने पर स्कूल छोड़ देती हैं, और महामारी ने एक और 1 करोड़ लड़कियों को जोड़ दिया है, जो पीरियड की शिक्षा और मासिक धर्म की स्वच्छता की कमी के कारण शिक्षा के नुकसान को घूर रही हैं। महिलाओं की भलाई के लिए, व्हिस्पर ने 5.4 करोड़ से अधिक लड़कियों को यौवन और मासिक धर्म स्वच्छता पर शिक्षित किया है । ऑल-गर्ल्स स्कूल में सेट की गई अभियान फिल्म में युवा लड़कियों को लाल कागज की एक रहस्यमयी पर्ची से गुजरते हुए दिखाया गया है, जो किसी तरह से उनकी जिज्ञासा को शांत करती प्रतीत होती है। कक्षाओं, गलियारों और स्नानघरों में पेपर पास करने के बाद, यह अंततः एक स्कूल असेंबली में भी चक्कर लगाता है। सभा के दौरान, लड़कियों में से एक को अपने कब्जे में कागज के साथ पकड़ा जाता है और उससे आगे बढ़कर इसकी सामग्री घोषित करने की मांग की जाती है। इस बिंदु पर, दर्शकों को यह पता चला है कि पेपर में वास्तव में अवधियों से संबंधित जानकारी शामिल है। इस तरह, दर्शकों को पता चलता है कि ह्यपासिंग द पार्सलह्न के इस बचकाने खेल के दूरगामी निहितार्थ हैं, लड़कियों के मासिक धर्म के बारे में खुद को शिक्षित करने के कारण, इससे संबंधित वास्तविक शिक्षा सामग्री की स्पष्ट अनुपस्थिति के कारण। इसलिए शीर्षक- ह्यद मिसिंग चैप्टरह्न। कई लड़कियों के लिए उनका पहला पीरियड सरप्राइज होता है। भारत में, मासिक धर्म की वर्जना आज भी बनी हुई है और युवा लड़कियों पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। यह फिल्म इस बात पर जोर देती है कि कैसे मासिक धर्म पर शिक्षा के लिए कलंक और उचित पहुंच की कमी के कारण लड़कियों में स्कूल के दिनों की महत्वपूर्ण संख्या गायब हो जाती है, और ज्यादातर मामलों में अंततः पूरी तरह से स्कूल छोड़ दिया जाता है। यह हार्दिक, फिर भी शैक्षिक फिल्म स्कूलों में अवधि की शिक्षा लाने के लिए व्हिस्पर के मिशन को दोहराती है।

# HISTORY TV18 पर देखिए प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ रही

## हरियाणा की एक जूते बनाने वाली कंपनी की कहानी

- जानिए कैसे यह जूते बनाने वाली कंपनी प्लास्टिक कचरे को बदल रही है नए जूतों में,
- 'OMG! Yeh Mera India' में, इस सोमवार, रात 8 बजे, History TV18 पर

गुरुग्राम। वर्तमान समय में प्लास्टिक प्रदूषण एक बहुत ही बड़ी समस्या है और इसे कम करने का सबसे बढ़िया तरीका है कि प्लास्टिक कचरे को रीसायकल करके उसे लैंडफिल पहुँचने से रोका जाए। हरियाणा के आशय भावे द्वारा शुरू किया गया फुटवियर स्टार्ट-अप ह्यथैलीह्न जीरो-वेस्ट शूज बनाता है जो प्लास्टिक की थैलियों, प्लास्टिक की बोतलों और रीसायकल किये हुए रबर से बने होते हैं। देखिए कि कैसे इस युवा फुटवियर डिजाइनर ने प्रदूषण से लड़ने के लिए यह क्रिएटिव समाधान खोजा, 'OMG! Yeh Mera India' में, इस सोमवार, 7 मार्च को रात 8 बजे, सिर्फ History TV18 पर। फैक्चुअल एंटरटेन्मेंट में ट्रेंड सेट करने वाली इस सीरीज का आठवाँ सीजन, History TV18 पर, हर सोमवार को, रात 8 बजे, हमेशा की तरह ऐसी प्रेरणादायक, रोमांचक और अविश्वसनीय प्रतिभा वाली कहानियाँ लेकर आ रहा है, जिन्हें देखकर हर दर्शक कह उठेगा - OMG!

23 वर्षीय आशय ने न्यूयॉर्क में फुटवियर डिजाइन की पढ़ाई पूरी करने के बाद, इस क्षेत्र में अपने ज्ञान और प्लास्टिक कचरे से जूते बनाने के अपने आईडिया को स्वरुप देने के उद्देश्य के साथ हरियाणा के गुरुग्राम में ह्यथैलीह्न की शुरूआत की। उनकी कंपनी के बनाए Y2K प्रो स्नीकर्स की हर जोड़ी को बनाने में 10 प्लास्टिक बैग और 12 प्लास्टिक की बोतलें लगती हैं और जूते का सोल रीसायकल रबर से बना होता है। यहाँ तक कि जिन टोट बैग्स में शू बॉक्स आता है, वो भी रीसायकल किए हुए प्लास्टिक बैग से बने होते हैं और रीसायकल पेपर से बने शू बॉक्स में बीज होते हैं और इन बीजों को रोपा भी जा सकता है। इस ह्यग्रीनह्न फुटवियर के बारे में और जानिए, इस सोमवार, रात 8 बजे 'OMG! Yeh Mera India' में, सिर्फ History TV18 पर।

गुरुग्राम की कंपनी ह्यथैलीह्न के साथ-साथ इस एपिसोड में देखिए देश के अलग-अलग कोनों से विभिन्न लोगों की अद्भुत कला और कहानियाँ जिनमें शामिल है एक चैंपियन स्क्वैश खिलाड़ी की कहानी जिसने अपनी स्क्वैश एकेडेमी से महाराष्ट्र के एक आदिवासी गाँव का जीवन बदल दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतपे ने अशनीर ग्रोवर को कंपनी से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी भारतपे ने बुधवार को कहा कि उसके सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर को कंपनी में सभी पदों से हटा दिया गया है। भारतपे ने कंपनी के कोष में बड़े पैमाने पर अनियमितता में ग्रोवर के परिवार और संबंधियों की लिप्तता भी पाई है। कंपनी ने कहा कि निदेशक मंडल ग्रोवर परिवार के निंदनीय आचरण से भारतपे, इसके मेहनती कर्मचारियों और विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी की प्रतिष्ठा को धूमिल नहीं होने देगा। ग्रोवर अपने गलत कामों की वजह से अब कंपनी के संस्थापक या निदेशक या कर्मचारी तक नहीं हैं। ग्रोवर ने प्रबंध निदेशक के पद से मंगलवार को इस्तीफा दे दिया था। बयान के मुताबिक ग्रोवर परिवार और उनके संबंधी कंपनी के कोष में बड़े पैमाने पर अनियमितता में लिप्त रहे हैं।

### श्रीराम ऑटोमॉल ने एक दिन में 7,900 पुराने वाहन बेचे

मुंबई, एजेंसी। श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड (सामिल) ने कहा कि उसने अपने सालाना नीलामी आयोजन में एक दिन में ही 7,900 पुराने वाहनों एवं अन्य संपत्तियों की नीलामी कर 215 करोड़ रुपए के लेनदेन किए। कंपनी ने कहा कि 26 फरवरी को अपने सालाना ऑनलाइन नीलामी कार्यक्रम के दौरान उसने एक ही दिन में 7,900 पुराने वाहनों की नीलामी की। इस नीलामी से 215 करोड़ रुपए मूल्य के लेनदेन किए गए। कंपनी के मुताबिक उसके पास 14,500 पुराने वाहन एवं वाहन उपकरण नीलामी के लिए पंजीकृत थे। इनमें कारें, ट्रक, निर्माण एवं खेती उपकरण, दोपहिया एवं तिपहिया वाहन भी शामिल थे।

### व्हाट्सऐप ने जनवरी में 18.58 लाख भारतीय खाते प्रतिबंधित किए

नई दिल्ली, एजेंसी। व्हाट्सऐप ने जनवरी 2022 में 18.58 लाख भारतीयों के खातों पर रोक लगाई है। कंपनी ने अपनी मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कंपनी ने नियमों का उल्लंघन करने वालों को रोकने और उनका पता लगाने के लिए अपने शिकायत विभाग तथा अपने तंत्र के जरिए उपयोगकताओं से प्राप्त शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की है। व्हाट्सऐप को 495 भारतीय खातों के खिलाफ शिकायतें मिलीं, जिसमे से 285 खातों को बंद करने की अपील की गई थी और उसमें से 24 को प्रतिबंधित कर दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार 18.58 लाख खातों में से ज्यादातर को कंपनी ने अपने संसाधनों के जरिये हानिकारक व्यवहार के आधार पर प्रतिबंधित किया है।

### बजाज ऑटो की बिक्री फरवरी में 16 फीसदी घटी

नई दिल्ली, एजेंसी। वाहन विनिमार्ता कंपनी बजाज ऑटो की कुल बिक्री फरवरी में 16 फीसदी गिरकर 3,16,020 इकाई रह गई। कंपनी ने फरवरी 2021 में 3,75,017 वाहन बेचे थे। बजाज ऑटो ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया कि पिछले महीने घरेलू स्तर पर बिक्री 32 फीसदी घटकर 1,12,747 इकाई रही। दो पहिया वाहनों की कुल बिक्री 16 फीसदी गिरकर 2,79,337 इकाई रही जो पिछले साल फरवरी में 3,32,563 इकाई थी। व्यावसायिक वाहनों की कुल बिक्री 14 फीसदी गिरकर 36,683 इकाई रही जो पिछले महीने समान अवधि में 42,454 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि निर्यात जो पिछले साल फरवरी में 2,10,206 इकाई था वह पिछले महीने तीन फीसदी गिरकर 2,03,273 इकाई रह गया।

### रॉयल एनफील्ड की घरेलू बिक्री में 20 फीसदी की गिरावट

मुंबई, एजेंसी। रॉयल एनफील्ड की फरवरी 2022 में कंपनी की घरेलू बिक्री में 20 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, वहीं निर्यात में 55 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इससे पहले फरवरी 2021 में कंपनी ने घरेलू बाजार में 65,114 और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 4,545 की बिक्री की थी। कंपनी ने पिछले महीने घरेलू बाजार में अपनी रिकवरी जारी रखी और जनवरी 2022 में सुधार दर्ज किया है। कंपनी का चेन्नई में प्रोडक्शन यूनिट है। कंपनी ने कहा कि सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी बनी हुई है और कंपनी के लिए टाइमली डिलीवरी करना अभी भी एक बड़ी समस्या है। बीते महीने के दौरान सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी के कारण सप्लाई चेन की समस्याएं बरकरार हैं। रॉयल एनफील्ड आखिरकार मार्च के पहले सप्ताह में भारत में अपनी आगामी रॉयल एनफील्ड स्क्रैम 411 मोटरसाइकिल लांच करने के लिए तैयार है। नए मॉडल की लांच डेट की आधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी है। जानकारी के अनुसार यह बाइक 7 मार्च लांच होगी। रायल एनफील्ड को इस अपकमिंग मोटरसाइकिल से काफी उम्मीदें हैं।

### सोने की कीमत में तेजी, चांदी में गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक बाजार में बुधवार को एक ओर जहां कच्चे तेल की कीमत में उछाल आया, तो वहीं कीमती पीली धातु सोने का दाम भी बढ़ गया। एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.12 फीसदी की तेजी के साथ 51,876 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। हालांकि चांदी की कीमत 0.42 फीसदी कम होकर 67,890 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। रुस-यूक्रेन युद्ध का बुधवार को सातवां दिन है और यूक्रेन के हालात बदतर हो चुके हैं।

# भारत के लिए हमारी दीर्घकालिक रणनीति, नहीं होगा बदलाव: हुआवे

नई दिल्ली, एजेंसी। चीनी दूरसंचार उपकरण निमार्ता हुआवे ने भारत में मौजूदा हालात के बावजूद यहां के लिए बनाई अपनी दीर्घकालिक रणनीति में कोई बदलाव नहीं करने का दावा किया है। हुआवे के एशिया-प्रशांत कारोबार के उपाध्यक्ष जे चेन ने एक ऑनलाइन गोलमेज सम्मेलन में कहा कि उनकी कंपनी अपनी सभी पहलों में भारत को शामिल करेगी।




उन्होंने कहा कि भारत का बाजार काफी बड़ा है जिसमें काफी संभावनाएं मौजूद हैं। हुआवे की भारत में दीर्घकालिक रणनीति है। हम मौजूदा कारोबारी हालात को समझ रहे हैं लेकिन कुछ समय बाद हालात में बदलाव होना मुमकिन है। हालांकि हमारी रणनीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है और इस बाजार में हमारा भरोसा बरकरार है। उनका यह बयान भारत में 5जी प्रौद्योगिकी कारोबार से हुआवे को बाहर रखने के सरकार के फैसले के संदर्भ में आया है। सरकार ने हुआवे के दूरसंचार उपकरणों की खरीद को भरोसेमंद नहीं माना है। यह कदम भारत और चीन के बीच लद्दाख में सैन्य तनाव बनने के बाद उठाया गया है।

# एनएसई मामले में सेबी के अधिकार क्षेत्र के दायरे में रहते हुए कार्य किया: त्यागी

मुंबई, एजेंसी। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के निवर्तमान प्रमुख अजय त्यागी ने बुधवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक ने एनएसई मामले में अपने अधिकार क्षेत्र के दायरे में रहते हुए कार्य किया। उन्होंने इस मामले में आदेशों को कमजोर किए जाने की बात से इनकार किया। पांच साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नियामक प्रमुख पद से हटने के बाद त्यागी ने कहा कि कई अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां भी इस मामले की जांच कर रही हैं। त्यागी ने कहा कि अब तक जो तथ्य और निष्कर्ष सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं वे सेबी की खोजबीन पर आधारित हैं जिनका उसने अपने आदेश में खुलासा किया था। हमें




अन्य एजेंसियों की जांच का भी इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेबी अन्य एजेंसियों के साथ सहयोग कर रहा है और उनके द्वारा मांगी गई जानकारी भी उपलब्ध करवा रहा है। माधवी पुरी बुच को कार्यभार सौंपने के बाद त्यागी ने कहा कि एनएसई का मामला 2010-2015 के बीच हुए घटनाक्रमों से जुड़ा है और सेबी ने उनके नेतृत्व में पूरी गंभीरता से जांच शुरू की। त्यागी ने कहा कि हमने अपने कार्यक्षेत्र के दायरे में रहते हुए और अपनी समझ के अनुसार आदेश दिए। यह नहीं कहा जा सकता कि नियामक ने आदेशों को कमजोर किया।

# 4 महीने में टाटा पंच की बिकी 32,000 से ज्यादा यूनिट्स

## टाटा की इस सस्ती कार बनाया नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। लॉन्चिंग के 4 महीने के भीतर ही टाटा मोटर्स कंपनी टाटा पंच की 32,000 से ज्यादा यूनिट्स बेचने में सफल रही है। इस बारे में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स, मार्केटिंग एंड कस्टमर केयर) राजन अंबा ने बताया, 'पंच ने लॉन्च के चार महीनों के भीतर कुल मिलाकर 32,000 यूनिट्स की बिक्री की है'।

यह दिखाता है कि पंच को देश भर में बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है। नेक्सॉन के बाद टाटा पंच के बाद कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार है। साथ ही यह टाटा की सबसे छोटी स्पोर्ट्स यूटीलीटी व्हीकल है। यह कंपनी के अल्फा-एआरसी प्लेटफॉर्म (अल्ट्रोज के समान) पर आधारित है, जिसका डिजाइन कुछ हद तक टाटा हेरीयर से मिलता-जुलता है। कंपनी ने टाटा पंच को 7 कलर ऑप्शन में पेश किया है। इसमें ऑटोमेटिक ऑरेंज, कालीप्सो रेड, डेटोना ग्रे, मेटयोर ब्रांज, आरकस व्हाइट, टोरनाडो ब्ल्यू और ट्रॉपीकल मिस्ट कलर पेंट शामिल हैं। टाटा मोटर्स ने हाल ही में भारत में अपनी पॉपुलर कार टाटा पंच समेत नेक्सॉन, हेरीयर और सफारी का स्पेशल काजीरंगा एडिशन लॉन्च किए हैं।

काजीरंगा एडिशन का डिजाइन एक सींग वाले गैंडा की तर्ज पर बनाया गया है, जो असम के काजीरंगा नेशनल पार्क में पाया जाता है। टाटा पंच काजीरंगा एडिशन की कीमत 8.59 लाख रुपये, नेक्सॉन काजीरंगा एडिशन (पेट्रोल) की 11.79 लाख रुपये है। टाटा पंच को भारत में चार ट्रिम स्तरों जैसे ढ४१ी, एडवेंचर, अकोम्पलीशेड और क्रेटिव में पेश किया है। इस सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी की कीमत 5.64 लाख रुपये से शुरू होती है और दिल्ली में एक्स-शोरूम 8.98 लाख रुपये तक जाती है।

# नई महिंद्रा स्कॉर्पियो जल्द होने वाली है लांच

## भारत के एसयूवी मार्केट में मचेगा बवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। स्वदेसी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा एक और धांसू एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी में है। हम बात कर रहे है 2022 नई महिंद्रा स्कॉर्पियो की, जिसकी काफी समय से टेस्टिंग हो रही है और यह एसयूवी कई बार दिख चुकी है। अपडेटेड महिंद्रा स्कॉर्पियो बेहतर लुक और फीचर्स के साथ ही अडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम से भी लैस हो सकती है, जिसके कि राइडिंग एक्सपीरियंस और जबरदस्त हो जाएगा।




आप भी लॉन्च से पहले नई महिंद्रा स्कॉर्पियो की संभावित कीमत और खासियत देखें। नेक्स्ट जेनरेशन महिंद्रा स्कॉर्पियो के लुक, डिजाइन और फीचर्स की बात करें तो यह मॉडल मौजूदा मॉडल के मुकाबले ज्यादा बड़ी होगी और इस 7 सीटर एसयूवी में थर्ड रो सीटिंग सेटअप देखने को मिलेगा, जिससे लोगों को पीछे बैठने में ज्यादा दिक्कत नहीं होगी। इसके फ्रंट और रियर में कई तरह के कॉस्मेटिक बदलाव देखने को मिलेंगे। नई महिंद्रा स्कॉर्पियो में नए डिजाइन के बंपर और ग्रिल के साथ ही बेहतर हेडलैंप और टेललैंप देखने को मिलेंगे। 2022 नई महिंद्रा स्कॉर्पियो के इंजन और पावर की बात करें तो इसमें 2.2 लीटर का एमहॉक डीजल इंजन और 2.0 लीटर का एमस्टालीन टर्बो पेट्रोल इंजन देखने को मिलेगा। यह एसयूवी 4गुणा4 ड्राइवट्रेन के साथ आ रही है। नई स्कॉर्पियो को 6 स्पीड मैनुअल के साथ ही 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन ऑप्शन में पेश किया जा सकता है।

बता दें कि महिंद्रा इस साल भारत में अपडेटेड स्कॉर्पियो के साथ ही महिंद्रा एक्सयूवी300 इलेक्ट्रिक और केयूवी100 इलेक्ट्रिक जैसी एसयूवी लॉन्च करने वाली है।नई स्कॉर्पियो के इंटीरियर की बात करें तो इसमें सेंट्रली माउंटेड स्पीकर, ऐनालॉग इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, बड़ा टचस्क्रीन इन्फोनेटमेंट सिस्टम, डुअल टोन लेदरेट अपहोल्स्ट्री, मल्टी फंक्शनल स्टीयरिंग व्हील्ज, वायरलेस चार्जिंग, रियर एसी वेंट्स, डुअल जोन क्लाइमेट कंट्रोल, इंजन स्टार्ट/स्टॉप बटन, एयर बैग्स के साथ ही कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी और 360 डिग्री पार्किंग कैमरा जैसे स्टैंडर्ड और सेफ्टी फीचर्स देखने को मिलेंगे।

# कैलिफोर्निया में 10 लाख से ज्यादा है इलेक्ट्रिक कारें

## दुनिया का पहला राज्य है, जहां इतनी ज्यादा है ये कारें

नई दिल्ली, एजेंसी। क्या आपको पता है कि अमेरिकी शहर कैलिफोर्निया में 10 लाख से ज्यादा सिर्फ इलेक्ट्रिक कारें हैं। जी हां, अपने देश में बमुश्किल एक लाख इलेक्ट्रिक कारें होंगी, लेकिन अमेरिका के पॉपुलर शहर कैलिफोर्निया में ही 10 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक कारें हैं और यह अन्य अमेरिकी शहरों से काफी ज्यादा है। इसका सीधा मतलब है कि ऑटोमोबाइल कंपनियां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की तरह काफी तेजी से बढ़ रही हैं।

लोग भी अब फ्यूल पावर्ड कारों की बजाय इलेक्ट्रिक कार खरीदने पर जोर दे रहे हैं। बीते कुछ वर्षों में अमेरिका समेत दुनिया के अन्य देशों में जैसे ही इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर जोर पड़ने लगा, वैसे ही खासकर कैलिफोर्निया जैसे राज्यों में लोग धड़ल्ले से इलेक्ट्रिक कार खरीदने लगे और आज स्थिति यह है कि यह दुनिया का पहला ऐसा राज्य है, जहां 10 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक कारें हैं। साल 2021 की चौथी तिमाही में कैलिफोर्निया ने यह उपलब्धि हासिल की। हालांकि, इस आंकड़े में कुछ हाइड्रोजन फ्यूल सेल कारें भी हैं। बता दें कि अमेरिका में कुल 24 लाख इलेक्ट्रिक कारें हैं, ऐसे में कैलिफोर्निया राज्य में ही 40 फीसदी से ज्यादा इलेक्ट्रिक कारें हैं।

बता दें कि कैलिफोर्निया अमेरिका के सबसे अमीर राज्यों में से एक है और आजकल अमीरियत की एक और निशानी यह भी हो गई है कि लोग अब इलेक्ट्रिक कारों पर जोर देने लगे हैं। इस शहर में 70 हजार से ज्यादा लेवल 2 ईवी चार्जिंग स्टेशन और 7 हजार से ज्यादा डीसी फास्ट चार्जर इंस्टॉल हैं। कैलिफोर्निया में करीब 60 इलेक्ट्रिक कार मॉडल हैं। कैलिफोर्निया में जितनी भी कारें बिकती हैं, उनका 12 पर्सेंट से ज्यादा शेयर इलेक्ट्रिक वीइकल्स का है।

# कोरिया-इंडिया फ्रेंडशिप क्विज कांटेस्ट के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

चंडीगढ़ / लुधियानाः भारतीय कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र ने 7वें कोरिया-इंडिया फ्रेंडशिप क्विज कांटेस्ट के लिए पंजीकरण शुरू किया है। इस क्विज कांटेस्ट में पूरे भारत से छात्र भाग ले सकते है। इस कांटेस्ट को तीन भागों में बांटा गया है। पहला ऑनलाइन राउंड वेब लिंक के माध्यम से पंजीकरण करने के बाद 15 अप्रैल तक होगा, इसमें छात्र अपने सुविधाजनक समय के अनुसार प्रश्नोत्तरी ले सकते हैं, अंत में छात्र को एक इलेक्ट्रॉनिक भागीदारी प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। इस क्विज कांटेस्ट के दूसरा दौर को 5 क्षेत्रों उत्तर, दक्षिण, पश्चिम, पूर्व और मध्य भारत में विभाजित किया गया है। यह प्रतियोगिता 27 अप्रैल से 29 अप्रैल तक प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग-अलग निर्धारित तिथियों पर आयोजित की जाएगी। दूसरे दौर से चुने गए प्रत्येक क्षेत्र के विजेताओं की फेश टू फेश प्रतियोगिता 12 मई को दिल्ली में होगी। अंतिम प्रतियोगिता में



कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र ने के-पॉप और ताइक्वांडो प्रदर्शन, कोरियाई भोजन और हनबोक (कोरियाई पारंपरिक पोशाक) जैसे विभिन्न कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया के निदेशक ह्वांग इल-योंग ने कहा, ह्लमहामारी की कठिन स्थिति के बावजूद, कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत ने लगातार विभिन्न रूपों में भारतीय छात्रों के लिए युवा सांस्कृतिक आदान-प्रदान परियोजनाओं और कार्यक्रमों को बनाए रखा है और आगे भी ऐसा करना जारी रखेंगें। हमें उमीद है कि भारतीय छात्र वास्तविक अनुभव और ज्ञान के माध्यम से कोरिया और कोरियाई संस्कृति के बारे में अधिक जानने में सक्षम होंगे। प्रथम विजेता को 2,00,000 रुपये, उपविजेता को 1,50,000 रुपये, द्वितीय उपविजेता (तीसरी रैंक) को 1,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा सभी 10 जोनल चैंपियन को 2 साल के लिए केसीसीआई सदस्यता, स मान प्रमाण पत्र और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। यह प्रतियोगिता कोरिया के समाज और संस्कृति, परंपराओं, इतिहास, कला, वास्तुकला, प्रकृति, वन्य जीवन, भूगोल, पर्यटन और यात्रा स्थलों, व्यंजनों, विरासत, भाषा, खेल, विज्ञान तकनीकी नवाचारों, कूटनीति से संबंधित सभी प्रकार के ज्ञान पर केंद्रित होगी। इस क्विज कांटेस्ट के आयोजन का उद्देश्य स्कूली छात्रों के बीच कोरिया और इसके विविध पहलुओं के बारे में जागरूकता फैलाना है, जिससे देश, उसके लोगों और वर्षों से भारत के साथ उनकी बातचीत को बेहतर ढंग से समझा जा सके।

# मोहाली में भारतीय टीम जीती तो बनेगा नया विश्व रिकार्ड

## भारत में अब तक एक भी टेस्ट नहीं जीती है श्रीलंका



मुम्बई, एजेंसी। भारत ओर श्रीलंका के खिलाफ यहां मोहली में टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। इस मैच में कई रिकार्ड बन सकते हैं। मोहाली में भारतीय टीम श्रीलंका को हराकर उसके खिलाफ 21वीं जीत दर्ज करना चाहेगी। इस प्रकार भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ 21 टेस्ट जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी। भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच 1982 को खेला गया था। श्रीलंका ने भारत के अपने इस दौरे में एकमात्र टेस्ट मैच की सीरीज खेली थी जो ड्रा रही थी।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली इस मैच में उतरने के साथ ही अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। वहीं टेस्ट कप्तान बनाये जाने के बाद रोहित शर्मा की यह पहली टेस्ट सीरीज रहेगी। ऐसे में वह भी जीत से शुरूआत करना चाहेंगे। मेहमान टीम श्रीलंका इस मैच को जीतकर भारत में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज करना चाहेगी। दोनों ही टीमों के बीच भारत में अब तब 20 टेस्ट मैच खेले गए हैं जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है जबकि 9 टेस्ट मैच ड्रा रहे हैं। गौरतलब है कि टेस्ट क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच कुल 44 मैच खेले गए हैं जिसमें 20 में भारत को और 7 में श्रीलंका को जीत मिली है जबकि 17 टेस्ट मैच ड्रा रहे हैं।

दोनो ही टीमों के बीच अब तक कई अहम रिकार्ड बने हैं। साल 1997 में श्रीलंका ने भारत के खिलाफ टेस्ट मैच की एक पारी में 952/6 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जो सबसे बड़ा स्कोर है। साल 1990 में भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ 82 रन पर ऑलआउट हो गई थी। जो दोनों देशों के बीच खेले गए टेस्ट मैच में टीम द्वारा बनाया गया सबसे कम स्कोर है। सचिन तेंदुलकर भारत-श्रीलंका टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। सचिन ने 1995 रन श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में बनाए हैं , सचिन तेंदुलकर भारत-श्रीलंका टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। सचिन ने 9 शतक लगाये थे। वहीं 340 रन सनथ जयसूर्या ने बनाए थे जो एक पारी में बनाया गया बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च स्कोर है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो मुरलीधरन भारत-श्रीलंका टेस्ट में सबसे ज्यादा 105 विकेट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

# विराट ओर रोहित के लिए अहम रहेगा मोहली टेस्ट



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और श्रीलंका के बीच शुक्रवार से यहां शुरू हो रहा पहला क्रिकेट टेस्ट मैच भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और नये कप्तान रोहित शर्मा के लिए बेहद अहम रहेगा। विराट इस मैच में उतरते ही जहां अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। वहीं रोहित की कप्तानी में यह पहली टेस्ट सीरीज होगी। यह एक अजब संयोग है है कि मोहाली में रोहित टेस्ट कप्तान के तौर पर अपने पहले मैच में उतरेंगे। वहीं विराट ने भी मोहाली के मैदान पर ही पहली बार टेस्ट कप्तानी की थी। तब पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के कारण साल 2014 में हुई बॉर्डर गावस्कर सीरीज से विराट ने टेस्ट कप्तानी की शुरूआत की थी।

मोहाली में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करते हुए विराट दोनों ही पारियों विफल रहे थे। ऐसे में अब रोहित कप्तान के तौर पर अपने पहले ही मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। कप्तान के तौर पर विराट अपने करियर में भारतीय टीम को विश्व की शीर्ष टीम बनाने में तो सफल रहे पर वह कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत पाये। विछले कुछ समय में विराट को तीनो ही प्रारुपों की कप्तानी से हटना पड़ा है। पहले उन्होंने टी20 की कप्तानी छोड़ी इसके बाद उन्हें एकदिवसीय कप्तानी से हटा दिया गया। बाद में विराट ने टेस्ट कप्तानी भी छोड़ दी। विराट के हटने के बाद अब कमान रोहित को मिली है। रोहित की कप्तानी में अब तक भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकदिवसीय और टी20 सीरीज जीती है।

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी चालक तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर ही उतर सकेंगे : एफआईएच

पेरिस, एजेंसी। फामूर्ला वन की संचालन संस्था (एफआईए) ने कहा है कि अब रुसी कार रेसर अपने देश के झंडे तले नहीं उतर सकते। एफआईए से मान्यता प्राप्त मोटर रेसिंग प्रतियोगिताओं में रूसी चालकों को तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर ही उतरना होगा। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने एफआईए से कहा था कि वह रुसी खिलाड़ियों को रेस में भाग लेने से पूरी तरह रोक दे पर उसने ऐसा नहीं किया। आईओसी का कहना था कि यूक्रेन पर रुसी हमले को देखते हुए रुस के खिलाड़ियों को खेल में शामिल करना ठीक नहीं है। साथ ही कहा था कि बैलारुस को भी बाहर कर दिया जाना चाहिये। इसपर एफआईए ने कहा, 'रूसी और बेलारूसी ड्राइवर, व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धी और अधिकारी अंतरराष्ट्रीय-क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में केवल तटस्थ क्षमता और एफआईए ध्वज तले ही भाग ले सकते हैं।' साथ ही कहा कि आगामी नोटिस तक रूस या बेलारूस में किसी प्रतियोगिता का आयोजन नहीं किया जाएगा तथा एफआईए की प्रतियोगिताओं में इन देशों के ध्वज, प्रतीक या राष्ट्रगान का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### बीसीसीआई ने नये फिजियो और ट्रेनर के लिए आवेदन मांगे



चंडीगढ़, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आने वाले समय में भारतीय टीम के लिए नये फिजियो और ट्रेनर उपलब्ध करायेगा। ये नये फिजियो स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोचह्न नितिन पटेल की अध्यक्षता वाली समर्पित खेल विज्ञान एवं खेल चिकित्सा (एसएसएसएम) टीम का हिस्सा होंगे। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि नौ मार्च है। इसमें भारतीय टीम (पुरुष और महिला) के अलावा जूनियर टीम (पुरुष और महिला) और ह्यएह्न टीम के लिये फिजियो और ट्रेनर (स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच) भी शामिल है। इसके अलावा चोट से उबरने के समय के लिये भी विशेषज्ञ रहेंगे। इन ह्यरिहैब विशेषज्ञोंह्न के लिये भी बीसीसीआई ने आवेदन मांगे हैं। फिजियो और ट्रेनर के दो वर्ग होंगे जिसमें पहला वर्ग सीनियर जबकि वर्ग दो जूनियर टीम के अलावा घरेलू क्रिकेट में काम करेगा। भारतीय टीम और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के वर्तमान स्टाफ में शामिल सदस्य भी इन पदों के लिये आवेदान कर सकते हैं।

# जून में आयरलैंड दौरे पर एक टी20 सीरीज खेलेगी भारतीय टीम



मुम्बई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम इसी साल जून में आयरलैंड दौरे पर जाएगी जहां वह मेजबान टीम के साथ दो मैचों की एक टी20 सीरीज खेलेगी। आयरलैंड टीम के क्रिकेट सत्र की शुरूआत भी 26 जून को भारतीय टीम से मुकाबले के साथ शुरू होगी। भारत के बाद आयरलैंड टीम न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के साथ 15 मैच खेलेगी। आयरलैंड क्रिकेट ने इसका कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। आयरलैंड की टीम मलाहाइड में 26 जून को भारत के खिलाफ पहला टी20 मुकाबला खेलेगी। इसके बाद 28 जून को दूसरा और सीरीज का अंतिम मुकाबला खेला जाएगा।

भारत के बाद आयरलैंड की टीम अपनी मेजबानी में न्यूजीलैंड से 3 एकदिवसीय और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। न्यूजीलैंड की टीम 10 जुलाई को आयरलैंड न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच से अपने अभियान की शुरूआत करेगी।. इसके बाद 12 और 15 जुलाई को दूसरा और तीसरा एकदिवसीय मैच खेला जाएगा। एकदिवसीय सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच 18 जुलाई से 22 जुलाई के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। 13 मैच आयरलैंड में खेले जाएंगे, जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ब्रिस्टल में सीरीज खेली जाएगी। आयरलैंड और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज आईसीसी विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा होगी। वहीं अफगानिस्तान के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज का कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है।




ब्रिटेन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए बनेर्ले व लीशेस्टर लीग के खिलाड़ी।

# अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने तैयार हुए शाकिब



नई दिल्ली, एजेंसी। बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज खेलने के लिए तैयार हो गये हैं। इससे पहले वह आईपीएल के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए तैयार नहीं थे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन पहले आईपीएल के कारण शाकिब ने टेस्ट नहीं खेलने की बात कही थी पर उन्हें आईपीएल में किसी टीम ने नहीं खरीदा है। इसलिए अब वह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं। हसन ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद मैं उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में बात करूंगा। शाकिब इससे पहले भी कई बार निजी कारणों का हवाला देकर क्रिकेट से छुट्टी ले चुके हैं। उन्होंने इस साल न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से भी नाम वापस ले लिया था। इससे पहले उन्होंने आईपीएल के लिए 2017- 2018 में दक्षिण अफ्रीका दौरा और पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज छोड़ी थी। शाकिब ने बांग्लादेश के खिलाफ पिछला टेस्ट पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। उन्होंने ऑक्शन में अपना बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा था, मगर उनमें किसी भी फ्रेंचाइजी ने उन्हें नहीं खरीदा। उनकी पुरानी फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी उनके लिए बोली नहीं दिखाई जबकि इस ऑलराउंडर ने आईपीएल में अभी तक 71 मैचों की 52 पारियों में 124.49 की स्ट्राइक रेट से कुल 793 रन बनाए हैं जिसमें 2 अर्धशतक शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने कुल 63 विकेट लिए हैं।

# 13 साल पहले आज ही के दिन पाक में श्रीलंकाई टीम पर हुआ था आतंकी हमला



लाहौर, एजेंसी। विश्व क्रिकेट कभी भी 3 मार्च 2009 का वो दिन याद नहीं करना चाहेगा जब पाकिस्तान दौरे पर श्रीलंकाई टीम पर आतंकी हमला हुआ था। इसी कारण इस दिन को विश्व क्रिकेट कैलेंडर में एक काले दिन के रुप में जाना जाता है। आज से 13 साल पहले जब श्रीलंकाई टीम बस पर आतंकियों ने हमला किया था तो पूरी दुनिया सकते में आ गयी थी। उस हमले में श्रीलंकाई टीम के क्रिकेट क्रिकेटर भी घायल भी हुए थे। इसके बाद से ही टीमों ने पाकिस्तान दौरा बंद कर दिया जिससे पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की हालत भी खराब हो गयी। इस दौरान पीसीबी को राजस्व का भी भारी नुकसान हुआ।

पीसीबी का मानना है कि इससे उसे लगभग 20 हजार डॉलर से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा। इस कारण उसके लिए खिलाड़ियों को वेतन देना भी कठिन हो गया था। इसके बाद पीसीबी को अपने मैच तटस्थ स्थल यूएई में आयोजित करने पड़े। वहीं राजस्व की भारी भरकम नुकसान की भरपाई के लिए पीसीबी अब अधिक से अधिक मैच अपने घर में खेलना चाहता है। पिछले कुछ समय से विदेशी टीमें पाक दौरा करने लगी हैं। अब बड़ी टीमों में एक ऑस्ट्रेलियाई टीम 24 साल के बाद पाक दौरे पर पहुंची है। इसको लेकर पीसीबी उत्साहित है। उसका मानना है कि अब बड़ी टीमें भी उसके यहां आयेंगी। इस साल उसे न्यूजीलैंड और इंग्लैंड टीमों के भी दौरे की उम्मीद है।

# टी10 ब्लास्ट मुकाबलों में स्पिन गेंदबाजी करते नजर आये पोलार्ड



त्रिनिदाद, एजेंसी। वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के साथ ही मध्यम तेज गति से गेंदबाजी के लिए भी जाने जाते हैं पर इस बार वह त्रिनिदाद टी10 ब्लास्ट के मुकाबले में ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते दिखे हैं।

पोलार्ड ने स्कार्लेट स्कॉचर्स की ओर से खेलते हुए सोआ किंग के खिलाफ एक ओवर गेंदबाजी की और एक विकेट भी लिया। इस मैच का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। इस मैच में सोआ किंग ने पहले खेलते हुए 3 विकेट पर 150 रन बनाए थे। रहस्यमयी गेंदबाज सुनील नरेन ने 13 गेंद पर 33 रन बनाए। इसके अलावा जेसन मोहम्मद 21 गेंद पर 55 रन बनाकर नाबाद रहे। इस मैच में बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय स्कार्लेट की टीम 8 ओवर में 3 विकेट पर 80 रन ही बना सकी थी। पोलार्ड 6 गेंद पर 8 रन बनाकर आउट हुए। वहीं डकवर्थ लुईस नियम के तहत सोआ किंग को 42 रनों से जीत मिली।

वहीं आईपीएल के 15 वें सत्र के लिए मुंबई इंडियंस ने पोलार्ड को बरकरार रखा है। अब पोलार्ड को स्पिन गेंदबाजी करते दिखकर टीम उत्साहित होगी। आईपीएल मुकाबले 26 मार्च से शुरू होंगे। मुंबई ने इसमें सबसे अधिक पांच बार आईपीएल खिताब जीता है। पोलार्ड के टी20 करियर को देखें तो यह बेहद ही शानदार रहा है। इस खिलाड़ी ने 515 पारियों में 32 की औसत से 11427 रन बनाये हैं , इसमें एक शतक और 56 अर्धशतक हैं और उनका स्ट्राइक रेट 152 का है। पोलार्ड ने बतौर गेंदबाज 369 पारियों में 25 की औसत से 304 विकेट भी लिए हैं। 15 रन देकर 4 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# आईपीएल में गुजरात टाइटंस से खेल सकते हैं रैना



नई दिल्ली, एजेंसी। अनुभवी बल्लेबाज सुरेश रैना को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में किसी भी टीम ने नहीं खरीदा है पर अब ऐसे संकेत मिले हैं कि रैना नई टीम गुजरात टाइटंस से खेल सकते हैं। इसका कारण रैना का सोशल मीडिया पर आ रहा एक विडियो है। इसमें रैना टाइटंस की ड्रेस में नजर आ रहे हैं। इसके बाद से ही यह अटकलें तेज हो गयी हैं कि रैना को गुजरात टाइटंस टीम में जगह मिल सकती है। इसका एक कारण इंग्लैंड के बल्लेबाज जेसन रॉय का आईपीएल से हटना भी है। जेसन को गुजरात टीम ने खरीदा था। अब उनके हटने से टीम को एक बल्लेबाज की जरुरत है। रैना के प्रशंसक उनकी टाइटंस की जर्सी वाली तस्वीर साझा कर रहे हैं।

रॉय ने बायो बबल में लंबे समय तक रहने से होने वाली थकावट के कारण टूनार्मेंट से नाम वापस लिया है। रॉय के हटने से रैना के नाम पर ही इसलिए चर्चा हो रही है क्योंकि वह गुजरात टीम की कप्तानी कर चुके हैं। गौरतलब है कि स्पॉट फिक्सिंग के कारण जब राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स पर दो साल के लिए प्रतिबंध लगाया गया था। उस समय 2 साल के लिए गुजरात लायंस टीम को आईपीएल में जगह मिली थी। तब रैना लायंस के कप्तान रहे थे। इसी कारण से जेसन के नाम वापस लेने के बाद रैना को टीम में जगह मिलने की अटकलें लगीं।

# रणजी ट्राफी के तीसरे दौर के मुकाबले गुरुवार से

नई दिल्ली, एजेंसी। रणजी ट्राफी के तीसरे राउंड के मुकाबले गुरुवार से शुरू होने वाले हैं। अब तक खेले गये इस टूनार्मेंट में 4 टीमों ने लगातार 2 जीत के साथ नॉकआउट राउंड की ओर कदम बढ़ा दिया है। कुल 38 टीमें टूनार्मेंट में उतर रही हैं। इन्हें 9 ग्रुप में बांटा गया है। अब तक मध्य प्रदेश, पंजाब और केरल अंक तालिका में आगे हैं जबकि गुजरात, बड़ौदा और यूपी जैसी टीमें पीछे हो गयी हैं। रणजी सत्र के 2 दौर के मुकाबले समाप्त हो गये हैं पर कई टीमें एक भी अंक हासिल नहीं कर पायी हैं। ग्रुप-ए की बात की जाए तो मप्र और केरल दोनों टीम ने अपने-अपने दोनों शुरूआती मुकाबले जीत लिए हैं। ऐसे में उनका अगले राउंड में पहुंचना लगभग तय है। दोनों के 13-13 अंक हैं। वहीं ग्रुप की अन्य 2 टीमें गुजरात और मेघालय बाहर हो गई हैं। ग्रुप-बी की बात करें तो बंगाल ने अपने दोनों मुकाबले जीते हैं। टीम 12 अंक के साथ शीर्ष पर है। वहीं हैदराबाद ने एक मैच जीता है, जबकि एक मैच में उसे हार मिली। टीम 6 अंक के साथ दूसरे पर है। बड़ौदा और चंडीगढ़ को अब तक एक भी जीत नहीं मिली है। ग्रुप-सी में कर्नाटक और ग्रुप-डी में मुंबई की टीम 9-9 अंक के साथ टॉप पर हैं , दोनों को एक-एक मैच में जीत मिली हैस्थान पर है।

# एफआईएच महिला विश्व कप में भारतीय टीम का पहला मुकाबला इंग्लैंड से



भुवनेश्वर, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच महिला विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इसमें भारतीय टीम को पूल बी में रखा गया है। भारतीय टीम इसमें अपना पहला मैच तीन जुलाई को इंग्लैंड से खेलेगी। वहीं भारतीय टीम पांच जुलाई को चीन से और सात जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलेगी। भारत एक से 17 जुलाई तक होने वाली इस प्रतियोगिता में पूल चरण के अपने मैच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेलेगा। वहीं भारतीय महिला टीम की हॉफबैक सुशीला चानू ने कहा कि उनकी टीम किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि किस टीम से हमें खेलना है क्योंकि हमारी सोच और मानसिकता प्रत्येक मैच को अगले मैच की तरह लेने की है। हम प्रत्येक मैच को जीतने की कोशिश करेंगे। चानू ने कहा कि हमने हाल में ओमान के मस्कट में एशिया कप और फिर एफआईएच प्रो लीग में चीन का मुकाबला किया था। इससे हमें फायदा मिलेगा। हम अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ हॉकी प्रो लीग के मैच खेलेंगे। हम न्यूजीलैंड से आखिरी बार 2020 में खेले थे, इसलिए हम इन टीम को अच्छी तरह से जानते हैं। हमें पता है कि इन चुनौतियों का सामना करने के लिये किस तरह से तैयारी करनी है। वहीं भारतीय फॉरवर्ड नवनीत कौर ने कहा कि टीम ने पिछले दो वर्षों में काफी आत्मविश्वास हासिल किया है और अब वह किसी भी तरह की टीम का सामना करने से घबराती नहीं है।

# रोहित ने खरीदी नई लग्जरी कार लैंबोरगिनी



नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के नये कप्तान रोहित शर्मा ने 3.15 करोड़ रुपये की नई लग्जरी कार लैंबोरगिनी यूरस खरीदी है। यह कार केवल 3 से 4 सेकंड में ही 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पकड़ लेती है। रोहित की इस नई कार का रंग भी टीम इंडिया की जर्सी के समान ही नीला है। इससे पहले रोहित ने जो बीएमडब्ल्यू एम5 खरीदी थी उसका रंग भी नीला ही था। रोहित भी अन्य क्रिकेटरों की तरह ही लक्जरी कारों के शौकीन हैं और उनके पास पहले से ही टोयटा , मसीर्डीज , बीएमडब्ल्यू और जैसी एक से बढ़कर एक कारें हैं।

लैंबोरगिनी यूरस की बात करें तो इसमें 4.4-लीटर का टबोर्चार्ज्ड वी 8 इंजन है। इसकी मोटर 641 बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 850 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करती है। इसका इंजन 8-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन वाला है। इसमें ऑल व्हील-ड्राइव दिया गया है। यह दुनिया की सबसे तेज एसयूवी में से एक है। इसकी अधिकतम रफ्तार 305 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह कार महज 3.6 सेकंड में ही 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेती है। रोहित के अलावा भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी भी अपनी आलीशान कारों के शौक के लिए जाने जाते हैं।

# आहार में जरूरी फाइबर



आपने बैलेंस डाइट लेने के बारे में हजारों बार सुना होगा, बैलेंस डाइट यानी कि संतुलित आहार और इस आहार में वे सारी चीजें आती है, जिसकी हमारे शरीर को स्वस्थ रहने के लिए जरूरत होती है जैसे कि प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, मिनरल और फाइबर आदि। फाइबर यानी कि रेशे युक्त भोजन, कई बार लोग इसे अपनी डाइट में शामिल करना भूल जाते हैं।

- रेशा प्रिबायोटिक है। इससे कोलोन में मित्र बैक्टीरिया में वृद्धि होती है।
- फाइबर एक महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट होता है।
- डाइट में लिया गया फाइबर बुरे कॉलेस्ट्रॉल को भी बढ़ने से रोकता है।
- रेशे वाला भोजन खाने की संतुष्टि देता है। इससे पेट भरा रहता है।
- इसके विपरीत रेशे रहित पदार्थ मैदा इत्यादि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं।
- फल, सब्जी, साबुत अनाज और दालों से फाइबर प्राप्त किया जा सकता है। भारतीय भोजन में फाइबर मौसमी फल, रोटी, सब्जी, तुअर दाल, उड़द दाल, मूंग की दाल, राजमा आदि से प्राप्त हो सकता है।
- रेशा या फाइबर पेट को साफ रखने में मदद करता है। सिर्फ इतना ही नहीं भोजन में पर्याप्त फाइबर, डाइबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और मोटापे को भी दूर रखता है।

# ब्रेकफास्ट करने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

ब्रेकफास्ट हमारे शरीर के लिए बहुत ही जरूरी होता है। दूसरी ओर कुछ लोगों का मानना है कि ब्रेकफास्ट करने और न करने से कोई भी अंतर नहीं पड़ता है। इस संदर्भ में मेदांता द मेडिसिटी, गुडग़ांव की चीफ न्यूट्रिशनिस्ट एवं डायबिटीज एजूकेटर शुभदा भनोत कहती हैं कि अगर आप स्वस्थ रहना चाहती हैं तो हर दिन बगैर किसी अवरोध के ब्रेकफास्ट करना बहुत आवश्यक है। ब्रेकफास्ट करने वाले लोगों का ब्रेकफास्ट न करने वाले लोगों की तुलना में न केवल शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है और वजन भी नियंत्रित रहता है। ब्रेकफास्ट करने से बॉडी फिट और स्लिम रहती है। साथ ही दिमागी तनाव भी नहीं होता है। रात में सात-आठ घंटे की नींद लेने के बाद सुबह ब्रेकफास्ट लेना इसलिए आवश्यक है क्योंकि इससे शरीर के मेटाबॉलिज्म को सुचारु रूप से सक्रिय करने में मदद मिलती है।



# पांच विंटर स्पेशल आउटफिट्स बनाएंगे आपको अधिक स्टाइलिश

ठंड का मौसम फैशन के लिए एकदम मस्त सीजन है। गर्मी और बारिश के मुकाबले यह मौसम हर तरह से अनुकूल है। इसमें आप ड्रेस को बहुत अच्छे से पहन सकते हैं। कई बार आइडिया नहीं होने पर कुछ समझ नहीं आता है कि ठंड में किस तरह की ड्रेस पहनें, वेस्टर्न, इंडियन, इंडो वेस्टर्न पर किस तरह की ड्रेस पहनना चाहिए। तो चलिए आज ठंड के अनुसार अपनी वॉर्डरोब को भी अपडेट कर लीजिए – ताकि इस सर्दी सीजन में आप स्टाइलिश और खूबसूरत दिख सकें।

**ब्लेजर -** ब्लेजर सदाबहार है। आप इसे हर तरह के आउटफिट पर आराम से पहन सकते हैं। यह शॉर्ट ड्रेस के साथ बूट्स, साड़ी, शर्ट, टॉप, लहंगा, स्कर्ट सभी पर आराम से पहन सकते हैं। इसकी खासियत है कि यह स्टाइलिश लुक देता है।

**वूलन लेगिंग -** विंटर में वूलन लेगिंग यह पहनने में कंफर्टेबल और स्टाइलिश दोनों है। ठंड में जींस में आरामदायक नहीं होती है। इसकी जगह वूलन लेगिंग पहन सकते हैं। यह कलरफुल भी आती है। आपको लॉन्ग टॉप, कुर्ता, ब्लेजर आराम से पहन सकते हैं। साथ ही इसके साथ किसी भी तरह के फुटवियर भी पहन सकती हैं।

**स्कार्फ** - ठंड के सीजन में स्कार्फ को अलग - अलग तरह से पहन कर स्टाइलिश लुक दिया जा सकता है। आप इंडो वेस्टर्न, वेस्टर्न, टॉप, शॉर्ट्स पर भी स्कार्फ डाल सकते हैं।

**स्वेटशर्ट -** अगर आप सिर्फ सिंपल लुक पसंद करते हैं तो स्वेटशर्ट बेस्ट ऑप्शन है। इसे आप वुलन लैगिंग पर भी पहन सकती हैं। और इसके स्टॉल जो आपको परफेक्ट वेस्टर्न लुक देगा। साथ ही आप शूज, हाई हिल या बूट्स पहन सकती है।

**ग्लब्स -** अगर आपको हाथ में बहुत ठंड लगती है तो आप अलग-अलग ग्लव्स जरूर रखें। ताकि वेस्टर्न, साड़ी, फंकी ड्रेस के अनुसार ग्लव्स पहन सकों। क्योंकि लेदर ग्लव्स आप सभी ड्रेस पर नहीं पहन सकते हैं। और वह आपके स्टाइल स्टेटमेंट पर सवाल भी खड़ा कर सकते हैं।



# पेट के रोगों के लिए अचूक औषधि हरड़



हरड़ का वैसे तो कई चीजों में उपयोग होता है। लेकिन हरड़ आपके शरीर के कई रोगों को भी दूर कर सकता है। कुछ लोग इसे माउथफ्रेशनर की तरह भी इस्तेमाल करते हैं। आइये जानते हैं हरड़ के नुस्खे जो आपके लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। हरड़ का काढ़ा त्वचा संबंधी एलर्जी में लाभकारी है। हरड़ के फल को पानी में उबालकर काढ़ा बनाए और इसका सेवन दिन मे दो बार करें इससे आपको एलर्जी में जल्द आराम मिलता है।

**हरड़ नुस्खे के फायदे**

- मुंह में सूजन होने पर हरड़ के गरार करने से फायदा मिलता है।
- इसका लेप भी फायदे मंद होता है।
- हरड़ का चूर्ण दांतो के लिए फायदेमंद है।
- हरड़ का इस्तेमाल बाल काले करने के लिए भी होता है
- हरड़ को नारियल तेल के साथ इस्तेमाल करने पर यह बालों को और चमकाता हैं।
- हरड़ को कब्ज़ को दूर करने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।
- हरड़ पुराने से पुराने कब्ज के लिए रामबाण औषधि है।

# सेहत का खजाना अनार के पत्ते



**बहुत से फल, फूल, पौधे और जड़ी बूटियों का इस्तेमाल सदियों से दवा के रूप में किया जाता है, अनार के पत्ते भी उन्हीं में एक हैं। इससे सेहत को कई फायदे मिलते हैं। अनार के पत्तों में वो सभी जरूर पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी हैं।**

**अनार के पत्तों के पोषक तत्व**

इसके पत्तों में विटामिन ए, कैल्शियम, विटामिन डी, विटामिन सी, आयरन और मैग्नीशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। यह सभी तत्व बेहतर सेहत के लिए जरूरी हैं।

**कैसे करें अनार के पत्तों का इस्तेमाल**

अनार के पत्तों का इस्तेमाल सलाद, फलों और सब्जियों के साथ स्मूदी या जूस में, कढ़ी, पास्ता सॉस या सूप जैसे व्यंजनों में पालक विकल्प के रूप में कर सकते हैं। इसके अलावा आप अनार के पत्तों की चाय भी बना सकते हैं। चलिए जानते हैं अनार के पत्ते आपके लिए किस तरह फायदेमंद हो सकते हैं।

**एक्जिमा से राहत के लिए**

गार्डन डॉट इको के अनुसार, एक्जिमा त्वचा की सबसे घातक बीमारी है। इससे ग्रस्त व्यक्ति लगातार खुजली और जलन से परेशान हो जाता है। कई बार तो गंभीर घाव भी हो जाते हैं और शरीर पर लाल चकत्ते पड़ने लगते हैं। यह रोग वंशानुगत रूप से भी होता है। ऐसा माना जाता है कि इस चर्म रोग से छुटकारा पाने के लिए आप अनार के पत्तों को पीसकर लगा सकते हैं जिससे आपको कुछ दिनों में आराम मिलना शुरू हो सकता है।

**भूख बढ़ाने के लिए**

आयुर्वेदिक चिकित्सा में, इनका उपयोग भूख बढ़ाने और पाचन समस्याओं के लिए किया जाता है। आजकल खराब जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों के कम होने से बहुत से लोगों को भूख नहीं लगती है जिसकी वजह से वो कम खाते हैं। भूख बढ़ाने के लिए आपको अनार के पत्तों का इस्तेमाल करना चाहिए।

**पिंपल्स से छुटकारा**

अनार की पत्तियां फफोले से जल्द छुटकारा दिला सकती हैं। इसका पेस्ट बना लें या अनार के दानों को पीसकर फुंसियों पर लगाएं। आपको इससे लाभ मिलेगा। अनार का जूस एक बेहतरीन टोनर है, जो रोम छिद्रों को बंद करता है और आपकी त्वचा को सुंदर बनाता है।

**पाचन क्रिया बनती है मजबूत**

पाचन क्रिया खराब होने पर भोजन पूरी तरह से पचता नहीं है, जिसके कारण शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता। इसका मतलब यह है कि यह समस्या कई गंभीर बीमारीयों का कारण बन सकती है। बिना अच्छे पाचन तंत्र के सेहतमंद रहना मुश्किल है। पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए आपको अनार के पत्तों का इस्तेमाल करना चाहिए।

**कान के दर्द में फायदेमंद**

अनार के पत्ते भी कान के दर्द के लिए मददगार होते हैं। इसके पत्तों को अच्छी तरह से धोने के बाद, इसे पीसकर इसमें थोड़ी मात्रा में तिल या सरसों मिलाएं। इस मिश्रण की कुछ बूंदें अपने कान में डालने से आपको फायदा होगा।

**अनिद्रा के लिए**

नींद से संबंधित परेशानियों में सबसे पहले ज़िक्र होता है अनिद्रा का। भागदौड़ भरी जिंदगी और तनाव के कारण अधिकतर लोग अनिद्रा की समस्या के शिकार हैं। अनिद्रा के कई कारण हो सकते हैं। इसके लक्षणों में रात में सोने में कठिनाई, रात के दौरान जागना, दैनिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में समस्या, नींद और थकावट महसूस होना शामिल हैं। इससे बचने के लिए आप अनार के पत्तों की चाय पी सकते हैं।

**पेट दर्द और दस्त के लिए**

अनार के पत्ते पाचन प्रक्रिया के लिए फायदेमंद होते हैं। अगर आप पेट दर्द और इससे जुड़ी अन्य समस्याओं से पीड़ित हैं, तो अनार के पत्तों का सेवन दवा के रूप में किया जा सकता है। इनमें मौजूद पोषक तत्व और खनिज पाचन को उत्तेजित करने में मदद करते हैं, जिससे आपके शरीर को पर्याप्त ऊर्जा मिलती है, साथ ही यह अपच और दस्त की परेशानी को दूर कर सकता है। इसके लिए आप अनार के पत्तों की चाय ले सकते हैं।

# इन तरीकों से रखें अपने हाथों का ख्याल

**बादाम और शहद**

मिक्सी में 5 से 8 बादाम को अच्छी तरह से पीस लें। अब इस पाउडर को कटोरी में रखें और इसमें एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध मिलाएं। अब इन्हें अपने दूसरे हाथ की मदद से हाथों पर लगाएं और मसाज की तरह स्क्रब करें। 10 मिनट में आपके हाथ की डेड स्किन बाहर आ जाएगी और स्किन ग्लो करने लगेगी।

आपके पास अगर सी सॉल्ट है तो उसे एक कटोरी में लें और इसमें नींबू का रस मिलाएं। इसका एक गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इसमें एक चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाएं और अपने हाथों पर अप्लाई करें और मसाज करें। कुछ देर लगातार



ऐसा करने पर हाथ सुंदर और मुलायम हो जाएंगे।

**चीनी और ऑलिव ऑयल**

एक कटोरी में 5 चम्मच चीनी, 2 बड़े चम्मच ऑलिव ऑयल और 2 बूंद लैवेंडर एसेंशियल ऑयल को अच्छी तरह से मिलाएं और साफ हाथ पर अच्छी तरह से अप्लाई करें। कुछ देर रुककर दूसरे हाथ से इन्हें मालिश करें। लगातार मालिश करते रहने पर आप देखेंगे कि आपकी डेड स्किन बाहर आने लगी है साथ ही आपके हाथ शाइन करते और ब्राइट भी लग रहे हैं। इन्हें 15 मिनट बाद धोकर पोछें। आपके हाथ खूबसूरत नजर आएंगे।

**ओटमील और दूध**

एक कटोरी में 1 चम्मच शहद और 2 चम्मच ओटमील मिलाएं। इसमें एक चम्मच कच्चा दूध मिलाएं। इसे 5 मिनट ऐसे ही छोड़ दें। अब इसे अच्छी तरह से अपने हाथों की त्वचा पर फैलाएं और मसाज करें। यह आपकी स्किन को नॉरिश भी करेगी और डेड स्किन भी बाहर निकालेगी।

# विटामिन सी से भरपूर फ्रूट्स




**विटामिन सी की कमी होने पर सीधा असर आपके इम्यून सिस्टम पर पड़ता है, हड्डियां कमजोर होने लगती, शरीर में कमजोरी महसूस होती है। लेकिन कई बार कुछ फल ऐसे होते हैं जिन्हें खाने से थकान दूर हो जाती है और कुछ ही पल में एनर्जी भी आ जाती है। विटामिन सी की कमी होने पर दूसरी बीमारियां भी जन्म लेने लगती है। जिससे शरीर धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगता है। संतरा और नींबू के अलावा अन्य किन फलों में विटामिन सी पाया जाता है, साथ ही ज्यादा महंगे भी नहीं हो। आइए जानते हैं–**

**पपीता**

पपीता में विटामिन सी भी मौजूद होता है। इससे वजन ही कम नहीं किया जाता है बल्कि इम्यूनिटी भी बढ़ाता है।

**अमरूद**

अमरूद में भी विटामिन सी प्रचूर मात्रा में पाया जाता है। इसके सेवन से इंफेक्शन का खतरा भी कम होता है।

**आम**

जी हां आम सीजन के शुरुआत में थोड़े महंगे जरूर होते हैं लेकिन गर्मी के सीजन में कम दाम में उपलब्ध हो जाते हैं। इसमें भी विटामिन सी मौजूद होता है। सीमित मात्रा में सेवन करने से पाचन शक्ति अच्छी होती है।

**आंवला**

आंवले में भी विटामिन सी मौजूद होता है। उसका सेवन भी मुरब्बा बनाकर सालभर किया जा सकता है। इसके सेवन से बाल, आंखों की रोशनी, नाखून भी बढ़ते हैं।

**अंगूर**

अंगूर में भी अन्य विटामिन के साथ विटामिन सी भी मौजूद होता है। इसके सेवन से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है। त्वचा के लिए भी काफी लाभदायक होता है।

# लौंग से पाएं इन प्रॉब्लम से छुटकारा



- लौंग एक प्राकृतिक दर्द निवारक हैं और साथ ही यह रोगाणु से भी बचाता हैं। भुना हुआ लौंग गले की खराश से छुटकारा पाने में मदद करता है।
- लौंग बहुत तीव्र होता हैं, घाव के इलाज के लिए जैतून के तेल में थोड़ा-सा लौंग का तेल मिलाकर घाव पर लगाने से आप घाव से बहुत जल्द छुटकारा पा सकते हैं।
- भुने हुए लौंग का सेवन करने से आप उल्टी, दस्त, आंत्र गैस और पेट के दर्द आदि प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकते हैं।

# बढ़ती उम्र पर लगाएं लगाम

**अगर आप बढ़ती उम्र पर लगाम लगाने के साथसाथ अपने सौंदर्य में भी निखार लाना चाहती हैं, तो जानिए इस फेशियल की खूबियां। बढ़ती उम्र पर लगाम लगाने की चाह हर महिला की होती है और इस चाह को पूरा करने के लिए वह ब्यूटी ट्रीटमैंट के तौर पर फ्रूट फेशियल, चौकलेट फेशियल व औक्सी फेशियल की तकनीक अपनाती है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि वाइन भी आप की बढ़ती उम्र पर लगाम लगाने के साथसाथ आप के सौंदर्य को बढ़ाने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है? आप हैरान हो रही होंगी कि भला वाइन खूबसूरती निखारने व बढ़ती उम्र पर लगाम लगाने में कैसे मददगार हो सकती है? आप जैसी अनेक महिलाओं की वाइन फेशियल से जुड़ी इस जिज्ञासा को दूर करने का प्रयास किया दिल्ली प्रैस भवन में आयोजित गृहशोभा की फेब मीटिंग में ब्यूटी ऐक्सपर्ट मीनू अरोड़ा ने। मीनू अरोड़ा ने वाइन फेशियल के फायदे बताते हुए इसे करने का तरीका भी बताया।**

**वाइन फेशियल प्रक्रिया:** वाइन फेशियल में इस्तेमाल किए जाने वाले काले अंगूरों में मुख्यरूप से विटामिन ई, ऐंटोसिनो साइड्स, पौलीफेनोल, प्रोसिया निडोल्स और ऐंटीऔक्सीडैंट्स जैसे तत्त्व पाए जाते हैं। वाइन के ऐंटीसैप्टिक होने के कारण वह त्वचा में आने वाली सूजन व झुर्रियों को भी कम करती है। इतना ही नहीं, त्वचा की डैड स्किन निकालने में भी मदद करती है।

**क्लींजिंग व स्क्रबिंग:** अन्य फेशियलों की तरह वाइन फेशियल की शुरुआत भी क्लींजिंग, स्क्रबिंग व टोनिंग से की जाती है। त्वचा की क्लींजिंग के लिए थोड़े से कच्चे दूध में 2 छोटे चम्मच ऐप्पल वाइन, 2 बूंदें रैड वाइन और गुलाब की पत्तियों की पीस कर मिलाएं और अच्छी तरह मिक्स करें। फिर कौटन बौल की सहायता से इस से त्वचा की क्लींजिंग करें। इस से त्वचा को मिनरल्स मिलते हैं। इस के बाद 200 एमएल गरम पानी में 1 छोटा चम्मच बोरिक ऐसिड मिला कर घोल बनाएं। उस घोल में कौटन भिगो कर चेहरे को हौट कंप्रैशन दें। इस से त्वचा के ब्लैकहैड्स व व्हाइटहैड्स निकलने में मदद मिलेगी। इस के बाद रोजवाटर का टोनर लगाएं ताकि ओपन पोर्स बंद हो जाएं। अब एकदम ठंडे नारियल पानी में कौटन डुबो कर चेहरे पर कोल्ड कंप्रैशन दें।



**मसाज:** ऐलोवेरा जैल में रैड वाइन मिक्स कर के 3 मिनट तक गैलवेमिक नैगेटिव व 3 मिनट तक गैलवेनिक पौजिटिव मसाज दें। आप चाहें तो मसाज मिक्सचर में विटामिन ई औयल भी डाल सकती हैं। गैलवेनिक मसाज देते समय ग्रेप्स जूस भी चेहरे पर डालती रहें।

**पैक:** अंत में गौज को रैड वाइन में डुबो कर चेहरे पर रखें व ऊपर से काले अंगूरों का पल्प लगाएं। 10 मिनट बाद पैक को उतार दें। इस पैक से त्वचा के उत्तक तो रिपेयर होते ही हैं, साथ ही त्वचा को टाइटनिंग इफैक्ट भी मिलता है। अंत में चेहरे पर सनब्लौक क्रीम या सनस्क्रीन लगाएं। सनस्क्रीन लगाने से सनबर्न व टैनिंग होने की संभावना कम हो जाती है।

**त्वचा के अनुसार करें वाइन का चुनाव:** अलगअलग प्रकार की त्वचा के लिए अलगअलग तरह की वाइन का प्रयोग किया जाता है। जहां तैलीय त्वचा के लिए रैड वाइन बेहतर रहती है और वह ऐलोवेरा मिला कर प्रयोग की जाती है, वहीं सूखी त्वचा के लिए व्हाइट वाइन में मौजूद अल्फा हाइड्रौक्सी ऐसिड्स त्वचा के लिए असरदार साबित होते हैं। इस से त्वचा मुलायम होती है। अगर त्वचा सैंसिटिव हो तो व्हाइट वाइन में गुलाबजल और बादाम का पेस्ट भी मिलाया जाता है। रैड वाइन में मौजूद ऐंटीऐजिंग तत्त्व त्वचा को रिजुवनेट और डिहाइड्रेट करते हैं। यही नहीं ये पिगमैंटेशन को रोकते हुए ऐजिंग प्रोसैस पर भी लगाम लगाते हैं।



# मूंग, मोठ, सोयाबीन सहित ये अन्य चीजें भिगोकर खाएं

**ठंड के दिनों में भूख बहुत लगती है। लेकिन जल्दी-जल्दी में कुछ भी खा लेते हैं। ऐसे में कुछ भी खाने की गंदी आदत से बचने के लिए अंकुरित दाल खाने के बेहतरीन लाभ आपको मिलते हैं। विटामिन ए, बी, सी, के, डी इनमें भरपूर पाया जाता है। सेहत और सौंदर्य दोनों लिहाज से ये आपके लिए बेहतर है। अंकुरित अनाज में कैल्शियम, फास्फोरस, पोटेशियम, मैग्नीशियम, आयरन का बेहतरीन विकल्प है। अंकुरित अनाज में फोलेट, ओमेगा-3, फैटी एसिड भरपूर पाया जाता है। आइए जानते हैं 4 अनाज जिन्हें आप भिगोकर खा सकते हैं –**

**अंकुरित मूंग**

रोज एक कटोरी अंकुरित मूंग का सेवन करना चाहिए। इससे आपको फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन,विटामिन बी6 मिलता है। इसमें प्रोटीन प्रचुर मात्रा में होता है। एक कटोरी अंकुरित मूंग का सेवन करने से एसिडिटी की समस्या से निजात मिलेगी, आंखों के लिए बेहद लाभकारी, इम्यूनिटी बूस्ट करें, शरीर में तरावट बनी रहती है।

**अंकुरित चना**

अंकुरित चने में प्रोटीन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, आयरन, मिनरल, विटामिन जरूरी पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन करने से सबसे पहले अधिक खाने की आदत पर लगाम लगता है। कब्ज से राहत मिलती है, हीमोग्लोबिन बढ़ता है। त्वचा से जुड़ी परेशानियों मेंराहत मिलती है। एनर्जी का भी अच्छा स्त्रोत है।

**अंकुरित मोठ या मटकी**

अगर आप मोठ नहीं खाते हैं तो अंकुरित मोठ या मटकी जरूर खाएं। ये विटामिन और मिनरल्स का सबसे अच्छा स्त्रोत है। इसका सेवन करने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। मांसपेशियां मजबूत होती है, तनाव कम होता है। अगर आप ब्लड प्रेशर के मरीज है तो अपनी डाइट में अंकुरित मोठ जरूर शामिल करें।

**अंकुरित सोयाबीन**

अंकुरित सोयाबीन का सेवन बहुत कम लोग करते हैं लेकिन अगर आप अंकुरित नहीं खा सकते तो उसमें प्याज, टमाटर,और ककड़ी भी मिक्स कर सकते हैं। यह प्रोटीन का सबसे बेहतर विकल्प है। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है। शरीर के टिशू, सेल्स को बेहतर करने में मदद करता है। अंकुरित सोयाबीन खाने से कोलेस्ट्रॉल कम होता है, आयरन का बेहतरीन स्त्रोत है, वजन घटाने का बेहतरीन उपाय है और ठंड में हड्डियों को मजबूत करता है। अगर आप हाइपरटेंशन के मरीज है तो आपको अंकुरित सोयाबीन का सेवन करना चाहिए।



## आज की रेसिपी

# पालक सूप



यहां दो सुपर बोरिंग दा चीजों को मिलाकर यहा स्वादिष्ट और हेल्दी सूप तैयार किया गया है. इसमें आपको ओट्स और पालक की गुडनेस के साथ लौंग और लहसुन का स्वाद भी मिलेगा.

**सामग्री :**

- 1 टेबल स्पून जैतून का तेल
- 1 गुच्छा पालक
- 2 टेबल स्पून ओट्स
- 2-3 लहसुन की कली, टुकड़ों में कटा हुआ
- 2 हरे टमाटर, टुकड़ों में कटा हुआ
- 2 लौंग
- नमक और काली मिर्च
- नींबू का रस

**विधि :**

- एक पैन में जैतून का तेल गर्म करें. 2 से 3 मिनट के लिए लौंग, लहसुन, ओट्स, हरे टमाटर को और इसे भूनें.
- उबला, कटा हुआ पालक डालें और एक मिनट के लिए भूनें. 3 कप पानी डालें. नमक और काली मिर्च डालें. इसमें उबाल आने दें.
- सूप को ठंडा होने दें. एक बार पर्याप्त ठंडा होने के बाद, इसे स्मूद ब्लेंड कर लें. सही स्थिरता के लिए थोड़ा पानी डालें.
- इसे ठंडा या गर्म सर्व करें. थोड़ी ताजी क्रश काली मिर्च छिड़कें और इस पर नींबू निचोड़कर अपने सूप का मजा लें.